CMYK

तापमान
अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 25°C
सेंसेक्स 80,501.99
निफ्टी 24,346.70
सोना 96,750
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 3 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 111 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 4 जिलकदा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### इजरायल ने दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट किया हमला

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### केसीए पर विवादित टिप्पणी: श्रीसंत पर लगा तीन साल का प्रतिबंध

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर गरजे भारतीय सेना के विमान

**■ वायुसेना के जंगी जहाजों ने किया लैंडिंग ट्रायल**

**शाहजहांपुर।** उप्र में शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनी हवाई पट्टी पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने लैंडिंग ट्रायल करते हुए अपना दम दिखाया।

शाहजहांपुर के गंगा एक्सप्रेसवे पर साढ़े तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है। यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन और रात में उतर सकेंगे। भारतीय वायुसेना के जंगी जहाजों ने शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर अपनी ताकत दिखाई। शाहजहांपुर स्थित साढ़े तीन किलोमीटर एयर स्ट्रिप पर राफेल, मिराज और जगुआर ने एयर शो किया। इन लड़ाकू विमानों ने गंगा एक्सप्रेसवे पर टच एंड गो प्रैक्टिस की। इस एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का बदायूं से लेकर प्रयागराज तक 464 किलोमीटर के एक्सप्रेसवे का निर्माण अग्रणी औद्योगिक समूह अदाणी ग्रुप के द्वारा किया जा रहा है। बदायूं से हरदोई तक 151.7 किमी, हरदोई से उन्नाव तक 155.7 किमी और उन्नाव से प्रयागराज तक 157 किमी के तीन समूहों का निर्माण कर रहा है, जिसे आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है। गंगा एक्सप्रेस का लगभग 80 प्रतिशत से ऊपर काम पूरा हो गया है। जलालाबाद तहसील के गांव पीरू के पास गंगा एक्सप्रेस वे 3.5 किलीमीटर लंबी आधुनिक नवनिर्मित नाइट लैंडिग हवाई पट्टी पर शुक्रवार को मौसम खराब होने के कारण अपराह्न 12:47 मिनट पर भारतीय वायुसेना ने ऐतिहासिक शौर्य दिखाते हुए मालवाहक विमान सहित राफेल, मिराज, जगुआर मिग-24 समेत 16 लड़ाकू विमानो को हवाई पट्टी पर लैंडिंग करके यहां से उड़ान भरी। नाइट लैंडिंग शो के लिए कटरा जलालाबाद राज्य मार्ग शाम 7:00 बजे से रात्रि 10 बजे तक पूरी तरह से बंद किया गया है। यहां सुरक्षा के लिए इस पूरे क्षेत्र में 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। भारतीय वायुसेना का शक्ति प्रदर्शन देखने के लिए स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों भारी संख्या में जुड़े।



# वैदिक मंत्रोच्चार व विधि विधान से खुले बाबा केदार के कपाट



शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे 20 हजार से अधिक भक्त**

**■ पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई संपन्न**

**■ कपाट खुलने की मुख्यमंत्री धामी ने दी देशवासियों को बधाई**

**रुद्रप्रयाग।** पौराणिक परंपराओं, रीति-रिवाजों व विधि-विधान के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी भगवान केदारनाथ के कपाट शुक्रवार प्रात: सात बजे आम भक्तों के दर्शनों के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के साक्षी बीस हजार से अधिक भक्त बने। कपाट खुलने के बाद समाधि में लीन बाबा केदार को जागृत किया गया और फिर विशेष पूजा-अर्चना की गई। अब भक्त धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शनों का पुण्य अर्जित कर सकते हैं।

शुक्रवार प्रात: सात बजे केदारनाथ भगवान के कपाट आम भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं। मंदिर समिति के अधिकारी- कर्मचारियों की मौजूदगी में केदारनाथ धाम के रावल भीमा शंकर लिंग और पुजारी बागेश लिंग ने कपाट खोलने की प्रक्रिया पूरी। इस दौरान सम्पूर्ण केदारनगरी जय श्री केदार के उदघोषों से गूंज उठी। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कपाट खुलने पर केदारनाथ धाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। केदारनाथ धाम में सबसे पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य के साथ ही संपूर्ण देश को इस पल की प्रतीक्षा रहती है। केदारनाथ धाम सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ ही भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। हमारे राज्य के लिए यह उत्सव का समय है। मुख्यमंत्री ने बाबा केदार से सभी यात्रियों की मंगलमयी यात्रा की प्रार्थना की।

## छह लोगों के पाकिस्तान डिपोर्टेशन पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को श्रीनगर के अहमद तारिक बट्ट के परिवार के 6 सदस्यों को पाकिस्तान डिपोर्ट करने पर रोक लगा दी। कहा कि जब तक इन लोगों के आइडेंटिटी डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई नहीं हो जाते, तब तक उनको डिपोर्ट नहीं किया जाए। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। बट्ट परिवार को भी देश छोड़ने का नोटिस मिला। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने परिवार को यह स्वतंत्रता दी कि यदि वे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन आदेश से खुश नहीं हैं, तो जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। कोर्ट ने ये भी कहा है कि इस मामले में दिया कोर्ट का आदेश मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाए।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटा, एनएच-44 बंद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार को बादल फट गया। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते जम्मू- श्रीनगर हाईवे (एनएच-44) दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि हाईवे क्लियर हुआ या नहीं, सोशल मीडिया पर इसका स्टेटस चैक करके ही निकलें। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर-यूपी और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली-एनसीआर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। दिल्ली एयरपोर्ट से 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो गई हैं। 3 को डायवर्ट भी करना पड़ा। 2 को जयपुर और एक को अहमदाबाद में लैंड करवाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेट करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने कहा कि फ्लाइट ऑपरेशन नार्मल है। दिल्ली एयरपोर्ट से रोज करीब 1,300 उड़ानों की आवाजाही होती है।

# पाक पीएम शहबाज का यूट्यूब चैनल ब्लॉक

## पाक ने दो दिन बाद खोला वाघा बॉर्डर, 21 पाक नागरिक लौटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया। इसके अलावा क्रिकेटर बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन आफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिए हैं।

इस बीच, पाकिस्तान ने 2 दिन बाद शुक्रवार को वाघा बॉर्डर खोल दिया है। 30 अप्रैल से बॉर्डर बंद कर दिया था। इसके बाद कई पाक नागरिक स्वदेश नहीं लौट पाए थे। शुक्रवार को 21 पाक नागरिकों को देश लौटने की इजाजत दी गई। ये लोग वीजा सस्पेंड होने के बाद भारतीय सीमा में फंसे थे। पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों की गोलीबारी में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। पहलगाम की बैसरन घाटी में एनआईए और फोरेंसिक टीम शुक्रवार को जांच करने पहुंची। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर



### चार क्रिकेटरों के इंस्टाग्राम अकाउंट भी किए बंद, नौ को वापस लेने से किया इन्कार, बैसरन में NIA जांच जारी

### पहलगाम हमले के बाद इंडियन सिस्टम पर 10 लाख साइबर अटैक, वेबसाइट व पोर्टल्स को टारगेट किया

## सैन्य प्रतिष्ठानों की वेबसाइट हैक करने की पाकिस्तान की कोशिश लगातार विफल

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत की घेराबंदी से हताश पाकिस्तान भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की वेबसाइटों को हैक करने की निरंतर कोशिश कर रहा है, लेकिन भारत की साइबर सुरक्षा एजेन्सियां इन कोशिशों को निरंतर विफल कर रही हैं। सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भारत द्वारा निरंतर उठाए जा रहे कदमों से बौखलाए पाकिस्तान प्रायोजित हैकर समूह , 'साइबर ग्रुप एचओएएक्स1337' और 'नेशनल साइबर क्रू' भारतीय वेबसाइटों पर निरंतर साइबर हमले कर रहे हैं।

# नैनीताल: दुष्कर्म के आरोपी के घर पर नहीं चलेगा बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ नैनीताल हाईकोर्ट ने दी राहत, पालिका व पुलिस को लगाई फटकार**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट से नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी मोहम्मद उस्मान व रुक्कुट वासियों को बड़ी राहत मिली है। अब नगर पालिका मोहम्मद उस्मान व अन्य को अतिक्रमण हटाने के सम्बंध में दिए गए नोटिस को वापस लेगी। नगर पालिका ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन न करने पर अपनी गलती स्वीकार की है।

मोहम्मद उस्मान के अधिवक्ता डा. कार्तिकेय हरि गुप्ता ने नगर पालिका नैनीताल द्वारा मोहम्मद उस्मान को दिए नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व 15 दिन का नोटिस देना होता है, लेकिन नगर पालिका ने केवल तीन दिन का समय दिया जबकि आरोपी जेल में है। इसके अलावा क्षेत्र के कई दर्जन अन्य लोगों को नोटिस दिए हैं। यह अपने आप में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना है। इस मामले की सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की स्पेशल बेंच बनी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व नैनीताल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रथम व द्वितीय कोर्ट में पेश हुए थे। सुनवाई के दौरान तीन दिन का समय दिए जाने के नोटिस पर नगर पालिका ने अपनी गलती -शेष पृष्ठ दो पर

# सोनिया व राहुल गांधी को कोर्ट का नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नेशनल हेराल्ड केस**



**■ अदालत ने कहा- आरोपियों का पक्ष भी सुना जाएगा, मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी**

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस दिया। कोर्ट में मामले की दूसरी सुनवाई हुई थी।

कोर्ट ने मामले में सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, मेसर्स यंग इंडिया और मेसर्स डोटेक्स मर्कंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि किसी भी स्तर पर बात सुने जाने का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई में जान फूंकता है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 मई को होगी। 25 अप्रैल को कोर्ट ने कहा था कि चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स गायब हैं, दाखिल करें। 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इन्कार कर दिया था।

## रामदेव ने वीडियो सिर्फ प्राइवेट किया

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव के शरबत जिहाद मामले पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि रूह अफजा के खिलाफ रामदेव का वीडियो यूट्यूब से हटाया नहीं गया है, बल्कि उसे प्राइवेट किया गया है यानी कि यूट्यूब चैनल सब्सक्राइबर इसे अभी भी देख सकते हैं। रामदेव की तरफ से पेश वकील ने कहा कि कोर्ट की तरफ से दिए गए 24 घंटे के समय के भीतर वीडियो हटा दिया जाएगा। हालांकि, हमदर्द ने यह भी दलील दी कि वीडियो को आस्था चैनल पर भी दिखाया जा रहा है। इस मामले पर कोर्ट में अब 9 मई को सुनवाई होगी। इससे पहले गुरुवार को कोर्ट ने योगगुरु के दूसरे वीडियो पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं।

# प्रेस फ्रीडम इंडेक्स: 180 देशों में भारत 151वीं रैंकिंग पर

पेरिस, वार्ता

**■ चीन में मीडिया की हालत अफगानिस्तान से भी खराब**

**पेरिस स्थित** इंटरनेशनल एनजीओ रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरडब्ल्यूबी) ने 2025 के वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 180 देशों में 151वीं रैंकिंग पर रखा है। इस लिस्ट में पिछले साल भारत की रैंकिंग 159 थी।

इंडेक्स में इरीट्रिया सबसे निचले पायदान पर और नॉर्वे पहले पायदान पर है। भूटान, पाकिस्तान, तुर्की, फलस्तीन, चीन, रूस, अफगानिस्तान, सीरिया और उत्तर कोरिया को भारत से नीचे रखा गया है। आरडब्ल्यूबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स के आज तक के इतिहास में इकोनॉमिक इंडिकेटर अपने सबसे निचले स्तर पर है। दुनिया भर का मीडिया फंडिंग की कटौती से जूझ रहा है। इंफर्मेशन के संसाधनों पर गूगल, एपल, फेसबुक, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी टेक कंपनियों के दबदबे की वजह से मीडिया को और ज्यादा आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले जो विज्ञापन मीडिया आउटलेट्स को मिलते थे, अब उनका एक बड़ा हिस्सा इन टेक प्लेटफॉर्म्स को मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों में मीडिया पर पॉलिटिकल नेताओं का कंट्रोल है।

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application
for the Post of Asstt. Professor in
BBA BCA
BFA B.Sc (Comp.Science)
LIBRARIAN
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsmzn@rediffmail.com
Or Contact: 8937095006

क्या आपका बैंक खाता निष्क्रिय हो गया है?




बैंक से सम्पर्क करें
बैंक खाता सक्रिय करने के लिए अपना केवाईसी अपडेट करवाएँ।
» दो वर्षों से अधिक समय से बैंक खाते में लेनदेन न होने पर वो निष्क्रिय हो जाता है।
» अपने बैंक की किसी भी शाखा में जाकर या वीडियो केवाईसी के द्वारा अपना केवाईसी अपडेट करवाएँ।
आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!
अधिक जानकारी के लिए, 14440 पर मिस्ड कॉल दें या https://rbikehtahai.rbi.org.in/ia पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें
जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### अंबेडकर के अपमान पर एसटी कमीशन दर्ज कराएगा केस

**लखनऊ।** प्रदेश अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत कहा कि संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान का स्वत: संज्ञान लेकर आयोग दोषियों के खिलाफ एफआईआर कराएगा। रावत ने कहा कि आयोग ने मामले का स्वत: संज्ञान लिया और लखनऊ के पुलिस आयुक्त को दोषियों के विरुद्ध मुक. दमा पंजीकृत करने को कहा। गौरतलब है कि समाजवादी लोहिया वाहिनी के पोस्टर जिसमें डा. अंबेडकर के चित्र के आधे भाग पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के चित्र को प्रदर्शित किया गया है। रावत ने इस कृत्य की निदा करते हुए कहा कि महापुरुषों का अपमान और राष्ट्र विरोधी तत्वों का महिमामंडन सपा की फितरत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अनु.जाति और अनु. जनजाति आयोग की ओर से स्वत: संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त लखनऊ को पत्र लिखा कि दोषियों के विरुद्ध अनु. जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्रवाई करें।

### गोरखपुर के वरिष्ठ पत्रकार कृपा शंकर पांडे का निधन

**प्रतापगढ़।** समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) में चार दशक से अधिक समय तक अपनी सेवा दे चुके वरिष्ठ पत्राकार कृपा शंकर पांडे का शुक्रवार भोर यहां हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। वह करीब 82 वर्ष के थे। आज भोर उन्होंने अपने पैतृक निवास प्रतापगढ़ में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में संगम तट पर किया जाएगा। पांडे के निधन पर सामाजिक संगठनो,राजनीतिक दलों और पत्रकार संगठनों ने दुख प्रकट किया है। हाल ही में पांडे के पुत्र का निधन लंबी बीमारी के बाद हो गया था, जिससे वह काफी व्यथित रहते थे। मृद भाषी और सरल स्वभाव रखने वाले पांडे ने करीब 42 वर्ष तक यूएनआई में अपनी सेवा दी। वर्ष 2005 में सेवानिवृत्ति से पहले वह गोरखपुर और कानपुर में यूएनआई के ब्यूरो प्रमुख भी रहे थे। वह 1993 में गठित प्रेस क्लब गोरखपुर की कार्यकारिणी में महामंत्री रहे और गोरखपुर के सर्वप्रथम पत्रकारिता संगठन गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन की पूर्ववर्ती संस्था गोरखपुर पत्रकार परिषद के अध्यक्ष और संरक्षक भी रहे थे।

### उत्तर प्रदेश में फूड एंड रेस्टोरेंट बिजनेस को मिली ऊंची उड़ान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा और व्यवसाय सुगमता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण में पिछले कुछ वर्षों में 200 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह उपलब्धि न केवल खाद्य व्यवसायियों के लिए बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 1,16,316 फूड लाइसेंस और लगभग 7,43767 फूड रजिस्ट्रेशन सक्रिय हैं, जो प्रदेश में खाद्य व्यवसायों की बढ़ती संख्या और विभाग की सक्रियता को दर्शाता है। इसके साथ योगी मार्गदर्शन में प्रदेश का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग व्यापार सुगमता के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा के लिए भी पूरी सतर्कता से कार्यरत है।

## तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को उद्योगों से जोड़ें: योगी

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी करें प्रतिभाग

**लखनऊ, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा में नवाचारों के समावेश एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि विगत आठ वर्षों में तकनीकी शिक्षा को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, नवाचारपरक एवं परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहलें की गई हैं, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्ताप. रक शिक्षा के लिए सभी प्राविधिक संस्थान नैक, एनबीए तथा एनआईआरएफ मूल्यांकन में प्रतिभाग करें, मगर आवेदन से पूर्व व्यापक तैयारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा के तहत राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों की रैंकिंग की सराहना करते हुए। इसके अंतर्गत निजी संस्थानों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए, ताकि समस्त संस्थानों में गुणवत्ता की समान मानक सुनिश्चित हो सकें। योगी शुक्रवार को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की

### तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा विभाग की समीक्षा



■ राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहल की गई, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम मिल रहे हैं, आवेदन से पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए: मुख्यमंत्री

अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ में वर्ष 2024-25 हेतु कुल 1.64 लाख सीटों पर नामांकन हुआ है। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें एमओओसी आधारित अध्ययन, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट तथा इंटीग्रेटेड प्रोग्राम सम्मिलित किए गए हैं। सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय के 12,739 छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ, जिसमें अधिकतम वार्षिक वेतन 59.91 लाख रुपये रहा। इसी प्रकार, एमएमएमयूटी, गोरखपुर में वर्ष 2023-24 में छात्रों को 52 लाख रुपये वार्षिक वेतन तक के पैकेज पर प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट मिला। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिग कॉलेजों में व्यवहारिक अध्ययन को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए तथा गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक श्रेणी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। योगी ने निर्देशित किया कि नवस्थापित राजकीय इंजीनियरिग कॉलेज बस्ती, गोंडा, मीरजापुर एवं प्रतापगढ़ के भवन निर्माण तथा परिसर विकास से जुड़ी सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं, ताकि अगले शैक्षणिक सत्रा से यह कॉलेज अपने निजी परिसरों से संचालित हो सकें।

### 2030 तक निर्यात को तीन गुना करने का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक निर्यात को तीन गुना करने की है। निर्यात बढ़ाने के इस लक्ष्य में खेतीबाड़ी की अहम भूमिका होगी। राष्ट्रीय स्तर के निर्यात के आंकड़े भी यही कहते हैं। इन आंकड़ों के मुता. बिक कोविड-19 के बाद से ही कृषि एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में लगातार वृद्धि हुई है। 2023-2024 की तुलना में 2024-2025 में वृद्धि की यह दर करीब 10 फीसद रही। कई फलों एवं सब्जियों को नए बाजार मिले। वैश्विक स्तर की बेहतरीन कनेक्टिविटी और देश के इकलौते अंतर्राज्यीय जलमार्ग (प्रयाग से हल्दिया) के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों से खाड़ी के देशों को सब्जियों के निर्यात में वृद्धि हुई है। वैसे तो सेहत का सेक्टर शुरू से सर्वोपरि रहा है, पर कोविड के बाद यह क्रेज के रूप में उभरा है। लोगों के फूड बिहेवियर में आमूलचूल बदलाव आया है। यूरोप और अमेरिका में ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ी है। इन देशों के निर्यात के मानक उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर बेहद सख्त हैं। इसलिए योगी सरकार निर्यात के मानकों को सुनिश्चित करने के लिए एशिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (जेवर) के पास एक्सपोर्ट हब विक. सित कर रही है। इस हब में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला भी होगी। ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग से प्राकृतिक खेती करने वाले किसान खुशहाल होंगे। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ सरकार का पफोकस कृषि विविधीकरण और प्राकृतिक खेती पर भी है।

उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत करते समय स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं एवं संभावनाओं को प्राथमिकता दी जाए। तकनीकी शिक्षा के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 2139 पॉलीटेक्निक संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें 147 राजकीय, 18 पीपीपी मोड, 19 अनुदानित एवं 1948 निजी संस्थान शामिल हैं। इन संस्थानों में 2.68 लाख से अधिक प्रवेश क्षमता उपलब्ध है, जिनमें 1.15 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। विभाग द्वारा डिजिटल कक्षाएं, आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रम, तथा फंटियर टेक्नोलॉजी जैसे ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस एवं मशीन लर्निंग को पाठ्यक्रमों में समाहित किया गया है।

## बुजुर्ग होते हैं अतीत की कड़ी व भविष्य के मार्गदर्शक: मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सम्मान के साथ वृद्धावस्था कार्यक्रम में बोली राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुजुर्गों को अतीत की कड़ी और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि सभी को उनके मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए। मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल- 'सम्मान के साथ वृद्धावस्था' नामक कार्यक्रम में भाग लिया।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक के लिए आवासों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण और सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं। जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं, तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाने, अपने जीवन और कार्यों का विश्लेषण करने तथा सार्थक जीवन जीने का भी एक चरण है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त वरिष्ठ नागरिक देश और समाज को अधिक समृद्धि तथा प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बुजुर्ग अतीत की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक अपना बुढ़ापा गरिमा और सक्रियता के साथ जिएं।

## पहलगाम आतंकी हमले में पाक का हाथ: फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर, वार्ता**

पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने पर जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कोई भी हो सकता है, क्योंकि जब तक हम उन्हें पकड़ नही लेते, तब तक हम पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते, लेकिन हैंडलर वही हैं, उन्होंने पहले भी ऐसा किया है। यह कोई नई बात नहीं है। उरी के पीछे भी वे (पाकिस्तान) ही थे।

पुलवामा में जो हुआ, उसे देखिए, किसने किया? मुंबई, पठानकोट, बिलावर के पीछे कौन था? राजौरी और पुंछ में कौन काम कर रहा है? हैंडलर वही हैं। फारूख अब्दुल्ला से एक कार्यक्रम में जब पूछा गया कि क्या पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है, तो उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता, तो वे आज पीएम नहीं होते। प्रधानमंत्री के तौर पर हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है और वे उस जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में स्थानीय लोगों की संभावित संलिप्तता पर कारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि



■ भारत में सभी हमलों का हैंडलर है पाकिस्तान

ऐसा हो सकता है। ऐसी घटनाएं स्थानीय समर्थन के बिना भी हो सकती हैं। वे यहां कैसे और किस तरह से आए? मैंने पहले भी यही कहा था, जब मौलाना अजहर को रिहा किया गया था, तो मैंने इसके खिलाफ चेतावनी दी थी। मैंने कहा था, उसे रिहा मत करो, वह रास्तों को जानता है और उन्हें मैप भी कर चुका है। लेकिन किसी ने मेरी बात नहीं सुनी, वे उसे सीमा पार ले गए। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बारे में फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं वर्षों से कह रहा हूं कि इस संधि पर फिर से बातचीत होनी चाहिए।

### कानपुर के एसडीएम और तहसीलदार समेत चार पर केस दर्ज

**कानपुर।** कोर्ट का आदेश पालन नहीं करने पर कानपुर के एसडीएम और तहसीलदार समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कानपुर के पनकी क्षेत्र की एक भूमि विवाद में लाप. रवाही बरतने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) सूरज मिश्रा की कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है।

कोर्ट ने एसडीएम सदर, तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश दिया है। मामला भूमि की पैमाइश न किए जाने और कोर्ट के आदेशों की अनदेखी से जुड़ा हुआ है। ज्ञात हो कि पनकी निवासी सोबरन पाल ने मेवालाल से जमीन खरीदी थी, लेकिन अब तक पैमाइश नहीं हुई। आरोप है कि इसी बीच मेवालाल, सुरेश सिंह चौहान (निवासी गांधी गांव), सुरेंद्र सिंह (तात्याटोपे नगर) और सुभाष यादव (मेहरबान सिंह का पुरवा) ने मिलकर इस जमीन को अपनी जमीन में मिलाकर उसे अन्य लोगों को बेचना शुरू कर दिया। सोबरन पाल ने कई बार तहसीलदार को भूमि की पैमाइश के लिए आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत की, जिस पर डीएम ने तहसीलदार को पैमाइश कराने का निर्देश दिया, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा हटाई जाए: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना का स्वागत करते हुए 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा हटाने और निजी संस्थानों में आरक्षण लागू करने की मांग की है। इस जनगणना से आरक्षण नीति में बड़ा बदलाव आ सकता है और निजी स्कूल-कॉलेज पर भी असर पड़ेगा।

जातिगत जनगणना के फैसले का स्वागत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना पहला कदम है, ये दरवाजा खोलने का तरीका है। उसके बाद विकास का काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि 50 फीसदी आरक्षण की लिमिट खत्म की जानी चाहिए। इसके अलावा संविधान की धारा 15(5) के तहत प्राइवेट शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई, जिस तरह सरकारी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण कायम है। ऐसे में जातीय जनगणना और राहुल गांधी की मांग से निजी स्कूल और शिक्षण



■ निजी संस्थानों में आरक्षण लागू करने की मांग की

संस्थान पर पड़ेगा। देश में जातिगत जनगणना के आंकड़े सामने आने के बाद आरक्षण की सीमा बढ़ाने का दबाव सरकार पर पड़ेगा। जातिगत जनगणना से हर जाति की गिनती होगी और प्रमाणिक आंकड़ा सबके सामने होगा। ऐसे में जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार के फैसला लेने के बाद राहुल गांधी ने आरक्षण की लिमिट बढ़ाने की मांग उठा दी है। 1931 की जाति गणना में पिछड़ी जातियों की आबादी 52 फीसदी से अधिक बताग्र गई थी। मंडल आयोग में ओबीसी की आबादी 52 फीसदी मानी गई थी, पर राज्यों के सर्वे में ओबीसी की संख्या बढ़कर सामने आई है। जाति गणना से राष्ट्रीय स्तर पर हर जाति की जनसंख्या का पता लग सकेगा। राहुल गांधी ने कहा कि सामाजिक न्याय केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि निजी क्षेत्र में भी समान अवसर सुनिश्चित किए जाने चाहिए। इसके लिए उन्होंने बाकायदा अनुच्छेद 15(5) को लागू करने का सुझाव दिया, जिसके जरिए संविधान में ही प्राइवेट स्कूल और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था का जिक्र है। इससे साफ है कि जातिवार जनगणना के साथ प्राइवेट क्षेत्र में भी आरक्षण की मांग तेज हो सकती है। कांग्रेस ने अहमदाबाद के अधिवेशन में निजी क्षेत्र में आरक्षण की वकालत की थी और उसके लिए प्रस्ताव लाई थी। राहुल गांधी ने अनुच्छेद 15(5) की बात करके निजी स्कूल और कॉलेज में आरक्षण के मुद्दे को सियासी चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार
अर्थ व्यापार

## लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**

वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर सर्विसेस, एनर्जी, तेल एवं गैस और टेक जैसे समूहों की कंपनियों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार सप्ताहांत पर उतार चढ़ाव के बीच बढ़त बनाने में सपफल रहा।

शुक्रवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 259.75 अंकों की बढ़त के साथ 80501.99 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 12.50 अंक बढ़कर 24346.70 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों में जहां लिवाली देखी गई, वहीं मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली का दबाव दिखा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप 0.41 प्रतिशत टूटकर



42707.87 अंक पर और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत फिसलकर 47365.54 अंक पर रहा। बीएसई में शामिल समूहों में से बढ़त में रहने वालों में सर्विसेस 1.67 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.69 प्रतिशत, एनर्जी 0.57 प्रतिशत, टेक फोक्सड 0.49 प्रतिशत और आईटी 0.45 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। गिरावट में रहने वालों में टेलीकम्युनिकेसंस 2.06 प्रतिशत, सीडी 1.66 प्रतिशत, पावर 0.96 प्रतिशत, रियल्टी 0.56 प्रतिशत और धातु 0.62 प्रतिशत शामिल है। बीएसई में कुल 4085 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2183 लाल निशान में जबकि 1761 हरे निशान में दिखी और 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर चीन के शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख समूहों में तेजी रही, जिसमें ब्रिटेन का एपफटीएसई 0.76 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 1.75 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.04 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.74 प्रतिशत शामिल है। बीएसई का सेंसेक्स 58 अंकों की बढ़त के साथ 80300.19 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 81177.93 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसके दबाव में यह 80168.59 अंक के निचले स्तर तक उतरा।

### पंडा ने सेल के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** डा. अशोक कुमार पंडा ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला है। सेल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि डा. पांडा ने 30 अप्रैल को कार्यभार संभाला था। डा. पंडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था। अपने करियर के दौरान, डा. पंडा ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न पदों पर काम किया है। अपने वित्तीय एवं तकनीकी ज्ञान और प्रोएक्टिव अप्रोच के लिए व्यापक रूप से जाने जाने वाले डा. पंडा को वित्तीय लेखांकन, लागत और बजट, बिजनेस प्लानिंग, राजकोष संचालन, टैक्सेशन व रणनीतिक प्रबंधन तक के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल है।

## खाद्य तेलों व सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव



नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850- 6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500- 4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पाक पीएम...**

पहलगाम हमला करने वाले आतंकी दक्षिण कश्मीर के जंगलों में छिपे हैं। उनके पास राशन-पानी है, ऐसे में ये इन पहाड़ी इलाकों में लंबे समय तक रह सकते हैं। 21 पाकिस्तानी नागरिक 2 मई को अटारी-वाघा बॉर्डर से अपने देश पहुंच गए। पाकिस्तानी नागरिकों के भारत छोड़ने की डेडलाइन खत्म होने के बाद ये लोग बॉर्डर पर फंसे हुए थे। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के हर तरह के वीजा रद्द कर दिए थे। उन्हें 30 अप्रैल तक भारत छोड़ने का आदेश था। इस बीच पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं।

पाकिस्तानी क्रिकेटरों बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन आफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने अटारी बॉर्डर पर पहुंचे 9 नागरिकों को वापस लेने से इन्कार कर दिया। भारत सरकार के आदेश के बाद ये लोग अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान वापस जाने के लिए पहुंचे थे। पाकिस्तानी अधिकारियों ने इसका कारण नहीं बताया है। वहीं महाराष्ट्र साइबर ने शुक्रवार को बताया कि पहलगाम हमले के बाद इंडियन सिस्टम पर 10 लाख साइबर अटैक हुए हैं। महाराष्ट्र पुलिस की साइबर क्राइम डिटेक्शन विंग ने कहा कि 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद साइबर अटैक में तेजी आई है। महाराष्ट्र साइबर डिपार्टमेंट के डीजीपी यशस्वी यादव ने कहा कि इन अटैक्स में भारतीय वेबसाइट और पोर्टल्स को टारगेट किया गया। ज्यादातर हैकिंग ग्रुप्स ने खुद के इस्लामिक ग्रुप होने का दावा किया।

**नैनीताल: दुष्कर्म...**

स्वीकार करते हुए नोटिस वापस लेने की जानकारी कोर्ट को दी। हाईकोट ने दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी के बाद नैनीताल में हुए विरोध प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी जताई और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल सहित पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने ऐसे मामले ने सख्ती से निपटने की सलाह दी है। मामले की अगली सुनवाई की तिथि 6 मई (मंगलवार) को होगी। उस दिन पुलिस व नगर पालिका कोर्ट के आदेशों के पालन की रिपोर्ट देनी है। कोर्ट ने उस उस दिन महाधिवक्ता तथा मुख्य स्थायी अधिवक्ता तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित ईओ नगर पालि. का से भी पेश होने को कहा है।

सुनवाई पर कोर्ट ने कहा कि गाड़ी पड़ाव में घटना के समय लोग एक दूसरे की जान लेने के लिए उतारू थे लेकिन पुलिस उन्हें शांत करने के बजाय घूम रही थी। पुलिस के उच्चाधिकारी व प्रसाशन कई समय तक वहां मौजूद नहीं था। कोर्ट ने ईओ को फटकार लगाते हुए कहा कि आपको एक मई को ही कैसे पता चला कि मकान अवैध भूमि पर बना है। कोर्ट ने जब आरोपी को पेशी के लिए हल्द्वानी कोर्ट में पेश किया, तो अधिवक्ताओं ने वहां भी विरोध प्रदर्शन किया, जबकि आरोपी पुलिस की कस्टडी में पकड़ा गया है। अब धरना प्रदर्शन करने की क्या जरूरत थी?

## श्रेय लेना अखिलेश का बचकाना प्रयास: अंसारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जातिगत जनगणना के केंद्र सरकार के ऐतिहासिक फैसले का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं, जो निहायत ही बचकाना है।

अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि जातिगत जनगणना का केंद्र सरकार का फैसला पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समाज के सामाजिक न्याय को मजबूती देगा और समाज के सभी वर्गों के उत्थान और प्रगति में मददगार होगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का यह कहना कि पीडीए के दवाब में सरकार को यह फैसला लेना पड़ा, निहायत बचकाना और राजनीतिक स्वार्थ से परिपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यकों के हितचिंतक बनने का ढोंग करने वाले अखिलेश को



■ जातिगत जनगणना पर बोले यूपी के मंत्री

पता होना चाहिए कि 2009 में केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार सपा और बहुजन समाज पार्टी के सहयोग से बनी थी, उस समय जातिगत जनगणना का फैसला क्यों नहीं लिया गया। भाजपा नेता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के संकल्प के साथ देश को विकास के पथ पर ले जा रही है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में समाज के सभी तबकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर पारदर्शिता के साथ अमल हो रहा है और प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

### अच्छी नीति का विरोध करती है मोदी सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को जातिगत जनगणना को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा जातिगत जनगणना पर सरकार का फैसला उसके उन तरीकों के जैसा है, जिसमें पहले तो वो हर अच्छी योजना या नीति का विरोध करती है, उन्हें बदनाम करती है और फिर जनता के दबाव एवं हकीकत का सामना करने पर उन्हीं नीतियों को अपना लेती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि मोदी सरकार के पास न तो अपना कोई दृष्टिकोण है और न ही समस्याओं को हल करने की कोई दिशा है, बल्कि वो सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने, असल मुद्दों से भागने और अपने विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने में माहिर है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर पर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## आतंकवाद के विरोध में सड़कों पर उमड़ा हुजूम

# बाजार बंद कर फूंके पाक के पुतले

**■ 165 संगठनों के आहवान पर एक सुर में उठी कार्यवाही की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कश्मीर घाटी के पहलगाम में आंतकी हमले का विरोध करते हुए 165 संगठनों के आहवान पर जनाक्रोश रैली में लोगों ने एक साथ खड़े होकर हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। जनाक्रोश रैली में खास बात यह रही कि इसमें सभी धर्म व जाति के लोग एक साथ पाकिस्तान की नापाक हरकतों के खिलाफ खडे नजर आए। टाउनहाल से शुरू हुई रैली में बुजुर्ग, महिला व बच्चें भी शामिल रहे।

शुक्रवार को दोपहर बाद बाजार बंद का आहवान किया गया था। आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अलग-अलग स्थानों से हुजूम सड़कों पर उतरा और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ पाकिस्तान का झंडा फूंका। शहर में 165 से अधिक संगठनों ने शहर बंद कर प्रदर्शन करने की घोषणा की थी। जैसे ही दोपहर के तीन बजे दुकानों के शटर अपने आप गिरने शुरू हो गए। भारी संख्या में लोग यहां एक जुट होकर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नजर आए। व्यापारी, उद्यमी, समाजसेवी व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के अलावा नौकरीपेशा लोग भी जनाक्रोश रैली में शामिल हुए और भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की मांग की। जनाक्रोश रैली टाउनहाल से शुरू होकर मालवीय चौक, अंसारी रोड, नावल्टी चौक, शिव चौक और झांसी की रानी से होते हुए वापस टाउनहाल पर संपन्न हुई। इस दौरान भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्त राकेश टिकैत हिन्दू संघर्ष समिति के नरेन्द्र पंवार, उद्यमी विपुल भटनागर, अमित गुप्ता, अखिल भारतीय हिन्दू शक्ति दल के अरूण प्रताप सहित क्रांति सेना से पूनम चौधरी, शरद कपूर, शिव सेना के मुकेश त्यागी, संयुक्त व्यापार समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल, अध्यक्ष अजय मिश्रा, रेडीमेड वस्त्र व्यापार संगठन के बिजेन्द्र गोयल, मनुलाल नामदेव, अंशु भाटिया सहित सभी व्यापारी मौजूद रहे। यहां राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य भाजपा नेताओं ने जनाक्रोश रैली का उत्साह बढ़ाते हुए पाकिस्तान के नापाक इरादों की निंदा करते हुए कहा कि अब सरकार पाकिस्तान को उसी के तरीके से जवाब देने के लिए तैयार है।



मुजफ्फरनगर: आतंकवाद के विरोध में निकाली गई रैली में टाउनहाल में उमड़ा हुजूम। छाया : तबरेज खान

# राकेश टिकैत वापस जाओ के नारों से गूंजा टाउनहाल

**■ धक्का-मुक्की में पगड़ी उछली, पुलिस ने रैली स्थल से निकाला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर यूपी के मुजफ्फरनगर में आयोजित जनआक्रोश रैली में किसान नेता और भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत को जबरदस्त विरोध का सामना करना पडा है। हजारों की भीड के बीच उनके पहुंचते ही विरोध शुरू हो गया। उन्हें मंच पर चढने से रोकने के लिए धक्कामुक्की की गई। उनके सिर पर झंडे भी मारा गया। इससे वह गिरते-गिरते बचे। इसी दौरान उनकी पगडी भी निकल गई। किसी तरह उनके पीछे खडे समर्थक ने पगडी को जमीन पर गिरने से बचाया। विरोध बढघ्ता देख पुलिस के घेरे में वह निकल गए। अपने साथ हुई इस हरकत पर राकेश टिकैत ने कहा कि कुछ नए हिंदू देश को बांटने की को. शिश कर रहे हैं। हम डरपोक नहीं है। ऐसे लोगों को करारा जवाब दिया जाएगा। वह टाउन हॉल के मैदान से ही तिरंगा यात्र निकालेंगे जिसमें आज की रैली से कई गुना ज्यादा लोग शामिल होंगे।उनके विरोध को पिछले दिनों दिए गए बयान से जोडा जा रहा है। जिसमें उन्होंने कहा था कि पहलगाम घटना से किसको फायदा हो रहा है, कौन हिंदू-मुस्लिम कर रहा है, इस सवाल का जवाब उसी के पेट में है। घटना करने वाले चोर पाकिस्तान में नहीं है, बल्कि यहीं हैं।

मुजफ्फरनगर के टाउन हॉल के पास मैदान में पहलगाम हमले को लेकर जनआक्रोश रैली का आयोजन किया गया था। इसमें हजारों की संख्या में लोग जुटे थे। इसी में शामिल होने राकेश टिकैत पहुंचे तो विरोध शुरू हो गया। उनके खिलाफ नारेबा. जी होने लगी। उन्हें मंच पर चढने से रोकने की कोशिश शुरू हो गई। उन्हें मंच पर जाने से रोकने के लिए धक्कामुक्की शुरू कर दी गई। इसी दौरान एक युवक ने उनके सिर पर झंडा भी मारा। इससे बचने की कोशिश में वह गिरते-गिरते भी बचे। धक्कामुक्की के बीच ही उनकी पगडी भी निकल गई। पीछे खडे समर्थक ने तत्काल पगडी पकड ली और उसे जमीन पर गिरने से बचा लिया। बवाल बढता देख उनके सुरक्षाकर्मियों और पुलिसकर्मी ने टाउनहाल का बंद गेट का ताला तोडकर उन्हे वहां से निकाला।

वहीं एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने कुछ मीडिया समूहों पर उनके हमले की खबर चलने की बात से इनकार किया। कहा कि पहले से ही यहां पर जनआक्रोश रैली निकालने का कार्यक्रम प्रस्तावित था। इसमें पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जन आक्रोश रैली में किसान नेता राकेश टिकैत पहुंचे तो जन आक्रोश रैली में मौजूद कुछ लोगों द्वारा उनका विरोध करते हुए हूटिंग की गई। मौके पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद था। शांति व्यवस्था कायम थी। जब लोगों द्वारा उनकी हूटिंग की गई तो राकेश टिकैत खुद ही मौके से चले गए। एसपी सिटी ने कहा कि राकेश टिकैत पर हमले की बात गलत है। उच्चाधिकारियों ने भी सीसीटीवी फुटेज व मीडिया के रिकॉर्ड वीडियो को देखा है। उन वीडियो में किसी भी प्रकार का कोई हमला नहीं पाया गया है। इस दौरान भीडभाड और धक्कामुक्की हुई है। वीडियो फुटेज में उनकी एक जगह पर पगडी गिरते हुए भी दिख रही है लेकिन किसी के द्वारा हमला या मारपीट की बात अभी तक संज्ञान में नहीं आई है।

मौके पर पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इसमें किसी भी प्रकार की अफवाह ना फैलाई जाए और जो मौके के एविडेंस है उसके अनुरूप ही इसको देखा जाए।



मुजफ्फरनगर: जनाक्रोश रैली में पहुंचे राकेश टिकैत के विरोध में उनके सिर से गिरी पगड़ी।



मुजफ्फरनगर: टाउनहाल के बंद पड़े गेट का ताला तोड़कर राकेश टिकैत को निकाला बाहर।

# एमआईटूसी के कर्मचारियों ने किया थाने पर प्रदर्शन

**■ वेतन न मिलने से परेशान हैं कर्मचारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एमआईटूसी कम्पनी के खिलाफ कूडा वाहन चालक और कर्मचारियों ने थाना सिविल लाइन में जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कम्पनी के अधिकारी उनके साथ आए दिन अभद्रता करते है। उन्होंने इस मामले में थाना सिविल लाइन में तहरीर भी दी है।

शहरी क्षेत्र में एमआईटूसी कम्पनी का कार्यकाल अच्छा नहीं रहा है। इस कम्पनी के खिलाफ आए दिन धरने, प्रदर्शन और काम बंद हडताल आदि होती रही है।

शुक्रवार को डंपर चालक रवि ने आरोप लगाया कि डीजल भरवाने के दौरान डंपर की जाली खुली मिलने पर कंपनी अधिकारियों ने उनके साथ गाली-गलौज और अभद्रता की। रवि का कहना है कि इस मामले में उनकी कोई गलती नहीं थी, इसके बावजूद उन्हें अपमानित करते हुए नौकरी से निकाल दिया गया।

जिसके विरोध में कर्मचारियों ने थानें में पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। इस बीच सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीरज बिडला भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी एमआईटूसी कंपनी के प्रबंधकों पर गंभीर आरोप लगाए। इस संबंध में थाना सिविल लाइन में नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे बडा आंदोलन करेंगे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**■ नावला ईट भट्टे के पास हुआ हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र में एक दुर्घटना में बाइक पर सवार युवक की अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उठाने का प्रयास किया तो मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। घंटों चले हंगामें के बाद मदद का आश्वासन मिलने पर शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

खतौली थाना क्षेत्र के गांव चलसीना निवासी करीब 12 वर्षीय विपिन पुत्र धर्मपाल अपने साथी धर्मेंद्र सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर



मृतक का फाइल फोटो।

शुक्रवार को अपने गांव से मुजफ्फरनगर जा रहा था। जब वह गांव नावला ईट भट्टे के समीप पहुंचा तो एक अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में बाइक आने विपिन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इसका साथी धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। जब पुलिस शव को उठाने पहुंची, तो गुस्साए परिजनों ने मुआवजे की मांग करते हुए सडक पर हंगामा खडा कर दिया। हंगामें की सूचना पर सीओ खतौली रामाशीष यादव तथा थाना प्रभारी सुभाष अत्री मौके पर पहुंचे। और मृतक के परि. जनों तथा ग्रामीणों को समझाने का काफी प्रयास किया। घंटों हंगामा चलने के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन मिलने पर परिजन शांत हुए। तब जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, और ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

### बारिश व ठंडी हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज

**मुजफ्फरनगर।** तेज हवाओ के साथ आई घनघोर बारिश ने मौसम को जहां सुहावना बना दिया है वहीं अचानक आई बारिश से गेंहू उत्पादक किसान खासे परेशान है। आम और लीची की फसल को भी नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा दिक्कत विद्युत विभाग को उठानी पड़ी। पेड़ उठने से 212 से अधिक बिजली घरों की विद्युत आपूर्ति बंद करनी पड़ी। आपूर्ति कई घंटे बंद रहने से लोग भी परेशान हुए। बारिश और काले बादलों का यह दौर तेज हवाओं के साथ आठ मई तक बने रहने की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है जिससे तापमान 6 डिग्री तक लुढ़क गया है। लू के थपड़ों की जगह शीतल हवा बहने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बारिश आने से शहर में जगह-जगह पानी भर गया। जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों को दिक्कते उठानी पड़ी। कई जगह पेड़ों की शाखाएं टूटकर गिरने से रास्ता भी अवरूद्ध हुआ।



मुजफ्फरनगर : सरवट गेट पर पुतला फूंकते मुस्लिम व्यापारी।

# मुस्लिमों ने मिलाई जनाक्रोश की आवाज से आवाज

**■ नावल्टी चौक पर पाक के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला फूंका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध में सुपर मार्किट, राज मार्किट, नूर मार्किट, सुपर बाजार व सरवट गेट, बकरा मार्किट के व्यापारियों ने दुकानें बंद कर पाकिस्तान की निंदा करते हुए आतंकवाद का पुतला फूंका।

सुपर मार्किट व चर्च मार्किट में अलीम सिद्दीकी के नेतृत्व में व्यापारी सादिक गौड़, अनवर अली, ठाकुर साहब व फहीम सिद्दीकी ने व्यापारियों को साथ लेकर जहां चन्द्रा मार्किट राज मार्किट नूर मार्किट सुपर बाजार व सरवट गेट तक की सभी दुकानों को बंद कराया। और एकत्रित होकर नावल्टी चौराहे पर आतंकवाद का पुतला फूंकते हुए आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में देश के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया कहा कि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाए। सभासद जावेद अंसारी, इकरार फारूकी, रिजवान सिद्दीकी, नदीम सलमानी, खालिद, जमीर सलमानी, सादिक, जावेद हटेला, फैसल सलमानी, अजीम सिद्दीकी, वसीम, शाहनवाज, अमन सिद्दीकी, अजीम राणा, आसिफ, आहद, शाहिद राणा रहे।

# अनस आत्महत्या : तीन के खिलाफ रिपोर्ट

## शराफत, नौशाद व दिलशाद पर टॉर्चर करने का आरोप

**■ मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की छानबीन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली पुलिस ने मदीना कॉलौनी के युवक द्वारा की गई आत्महत्या के मामले को तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के पिता की ओर से दी गई तहरीर में उक्त लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए टॉर्चर करने के चलते आत्महत्या करना बताया गया है। पुलिस ने लिखापढी के बाद मामले की जांच पडताल शुरू कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला मदीना कॉलौनी निवासी मेहराजुद्दीन पुत्र ईमामुदीन शहर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को एक लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसने करीब पन्द्रह-बीस दिन पूर्व अपने बेटे अनस की शादी मौहल्ले की ही अलीशा पुत्री इस्तेखार से की थी। आरोप लगाया कि मौहल्ले के ही शराफत पुत्र रफीक, नौशाद पुत्र कल्लू, दिलशाद पुत्र जुल्फिकार उसके बेटे से रंजिश रखने लगे। यह भी आरोप है कि एक वर्ष पूर्व भी उक्त लोगों ने उसके बेटे मौ. अनस को टॉर्चर किया और अभी भी टॉर्चर कर रहे थे। यह भी आरोप है कि उक्त आरोपी शादी में अड़चन डाल रहे थे जिससे उसका बेटा डिपरेशन में रहने लगा। और तीस अप्रैल को साढ़े बारह बजे उसके बेटे ने बामनहेडी जंगल में पेड से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उसके बेटे ने शराफत, नौशाद, दिलशाद के नाम का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाला। सूचना के बाद जब वह मौके पर पहुंचे तो उसका बेटा मर चुका था। और पुलिस ने पंचनामा के बाद उसके बेटे का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के पिता मेहराजुद्दीन ने बताया कि उसके बेटे ने उक्त तीनों लोगों के टॉर्चर करने पर फांसी लगाकर आत्महत्या की है और उक्त लोगों ने ही फांसी लगाने के लिए उसके बेटे को मजबूर किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ऋषभ ने शतरंज में अमेरिका में गाड़े झंडे

## गिलफोर्ड काउंटी के मिडिल स्कूल प्रतियोगिता में रहे उपविजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व मंत्री दीपक कुमार के पौत्र ने अमेरिका के विभिन्न स्कूली छात्रों के बीच हुई शतरंज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर गौरवान्वित कराया है। अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में किसर मिडिल स्कूल बेंजामिन पार्कवे ग्रीन्स बोरो में जीएससी मिडिल स्कूल स्प्रिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे अमेरिका की गिलफोर्ड काउंटी के समस्त मिडिल स्कूलों में पढने वाले छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

पांच राउंड चली प्रतियोगिता में लिंकन अकेडमी की ओर से छठी कक्षा के छात्र ऋषभ सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर ट्राफी प्राप्त की। पूर्व मंत्री दीपक कुमार और उनकी पत्नी प्रसिद्ध कवियत्री पुष्पलता अधिवक्ता ने बताया कि अमेरिका में यह नॉर्थ कैरोलिना के सभी स्कूल्स की साझा प्रतियोगिता थी। लिंकन अकेडमी की और से ऋषभ सिंह ने भाग लिया था।

उन्होंने बताया कि उनका पुत्र राहुल सिंह अमेरिका में इंजीनियर है और अपने परिवार के साथ वहां बसा हुआ है। उन्होने बताया कि पौत्र ऋषभ सिंह के शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने की जानकारी पाकर वे लोग भी अमेरिका गए थे।



# शुभम का हत्यारा मुठभेड़ में घायल

**■ ई-रिक्शा लूटने के बाद की गई थी शुभम पाल की हत्या**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ई-रिक्शा लूटने के बाद चालक की हत्या में फरार चले रहे दस हजारी बदमाश पुलिस मुठभेड में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। बदमाश ने दामाद के साथ मिलकर चालक की ई-रिक्शा लूटने के बाद हत्या की था। दामाद को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के कमल नगर निवासी 25 वर्षीय शुभम पाल पुत्र घसीटू ई-रिक्शा चलाते थे। 15 अप्रैल को दो लोग शुभम की ई-रिक्शा साढे सात सौ रुपये में बुक कर भोपा क्षेत्र के बिहारीगढ मंदिर के लिए ले गए थे। इसके बाद से शुभम लापता था। 19 अप्रैल को पुलिस ने एक आरोपित सचिन निवासी कूकडा की निशानदेही पर ककराला गांव के जंगल से ईख के खेत में दबाए गए शुभम के शव को बरामद किया था। सचिन ने पुलिस को बताया था कि ससुर प्रवीण ने शुभम की ई-रिक्शा लूटने की योजना बनाई थी। योजना के मुताबिक वह ससुर के साथ शुभम को भोपा थाना क्षेत्र में ले गए थे। मोरना से शराब खरीदी और तीनों ने एक साथ बैठकर पी। शुभम को जब नशा हो गया तो उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को ककराला के जंगल में ईख के खेत में दबा दिया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने सचिन को जेल भेज दिया था लेकिन ससुर प्रवीण फरार चल रहा था। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया, प्रवीण पर एसएसपी अभिषेक सिंह ने दस हजार का इनाम घोषित किया था। प्रवीण को पकडने के लिए नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल को टास्क दिया था, जिसकी मानिटरिंग सीओ नई मंडी रुपाली राय कर रही थी। उन्होंने बताया, शुक्रवार दिन में तीन बजे बाद नई मंडी कोतवाली प्रभारी को सूचना मिली थी कि ई-रिक्शा चालक शुभम की हत्या में फरार चल रहा प्रवीण लूटी गई ई-रिक्शा को लेकर कूकडा रोड की तरफ आने वाला है। पुलिस ने पकडने का प्रयास किया तो वह फायरिंग करता हुआ जंगल की तरफ भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से घायल प्रवीण निवासी गांधीनगर कूकडा थाना नई मंडी, मूल निवासी सोहजनी गांव थाना तितावी को गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड
एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए
पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# बारिश ने खोली व्यवस्थाओं की पोल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** प्राचीन तीर्थनगरी शुकतीर्थ में जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण शुक्रवार की सुबह हुई बारिश ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। मुख्य मार्ग जलमग्न हो गये, जहां से श्रद्धालुओं का निकलना बंद हो गया। घंटों तक तीर्थनगरी के मार्ग अवरूद्ध रहे तथा जलभराव के दौरान कई वृद्ध साधु गिरकर घायल हो गये। शुक्रवार की सुबह हुई थोडी सी बारिश से ही नगरी के मुख्य मार्ग जलमग्न हो गये, जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। बार बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान न होने पर नगरवासियों ने मुख्यमंत्री से तीर्थनगरी में जलभराव की समस्या के समाधान की मांग की है।

ऐतिहासिक महाभारतकालीन पैराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ विश्वप्रसिद्ध तीर्थस्थल है। शुकतीर्थ में देश के कोने कोने से श्रद्धालु विभिन्न आश्रमों व मंदिरों में भागवत कथा कराने के लिए आते हैं। हाल ही में शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है किन्तु शुकतीर्थ में जलभराव की समस्या पिछले काफी समय से बनी हुई है। शुकतीर्थ प्रत्येक मार्ग पर जलभराव से नगरी की सुन्दरता प्रभावित हो रही है। करोडों रूपये खर्च करने के बावजूद जलभराव और गंदगी की समस्या जस की तस बनी हुई है। शुक्रवार की सुबह हुई थोडी सी बारिश ने सरकार की सफाई व्यवस्था और जलनिकासी की पोल खोल कर रख दी है। साधु संतों के अनुसार तीर्थनगरी में जलभराव की समस्या के लिए अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

मुख्य मार्गों के केवल एक ओर नाला बनाया गया है जो सिर्फ दिखावे के लिए ही है। बडी लागत लगाकर बनाए गये नाले से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। गंदा पानी सडकों पर फैल रहा है, जिससे सडकें टूट रही है। साथ ही नाले का पानी किस ओर जाए, ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बारिश से नगरी की सभी कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके कारण नगरीवासियों व श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंगा घाट तक जाने वाला मुख्य मार्ग बारिश के बाद जलमग्न हो गया तथा वहां से आने जाने वाले श्रद्धालुओं को गंदे पानी से होकर गुजरना पड रहा है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि जहां प्रशासन एक ओर शुकतीर्थ को पर्यटननगरी के रूप में विकसित करने की जोर-शोर से तैयारियां कर रहा है। मगर बुनियादी तौर पर स्थिति बद से बदतर है। जलभराव की समस्या से तीर्थवासी त्रस्त हैं। प्रसिद्ध तिलकधारी आश्रम के सामने, गायत्री धाम, शिव धाम कॉलोनी, दुर्गा धाम कॉलोनी, समनदास आश्रम की ओर जाने वाले मार्गों पर गंदा पानी बह रहा है। जलभराव के कारण नागरिकों का वहां से गुजरना दूभर हो रहा है। इसके अलावा हनुमत धाम मार्ग पर जलभराव की समस्या से नागरिक हलकान है। जलभराव के कारण तीर्थनगरी की छवि को नुकसान हो रहा है। शुकतीर्थ में काफी लंबे समय से इस जलभराव की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। शासन-प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जलभराव की समस्या का जल्द से जल्द निवारण करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि एक बारिश ने ही साबित कर दिया है कि प्रशासन बारिश के पानी की जल निकासी के लिए गंभीर नहीं है। बार-बार उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

गंदे पानी में बदबू एवं मच्छर पनप रहे हैं, जिससे नगरीवासियों में बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है। नालियों का यह हाल है कि वह तालाबों में तब्दील हो चुकी हैं। रास्ते से निकलने पर आने-जाने वालों को और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नालियों के बीच गंदे पानी से होकर यहां के लोगों को गुजरना पड़ता है।

# युवक और गैर सम्प्रदाय की युवती को साथ देखकर हंगामा

- युवक के साथ मारपीट कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे में शुक्रवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक को गैर सम्प्रदाय की युवती के साथ देखे जाने पर स्थानीय लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। मामला धीरे-धीरे बढ़ा और युवक के साथ मारपीट कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवती अपने रिश्तेदार के यहां मीरा. पुर कस्बे में आई हुई थी। इस दौरान उसकी जान-पहचान कस्बे के ही एक युवक से फोन के माध्यम से हो गई। दोनों के बीच आपसी बातचीत और मेलजोल बढ़ता चला गया। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे दोनों को कस्बे के बाजार में बातचीत करते हुए देखा गया। युवक और युवती को एक साथ देखकर कुछ लोगों को संदेह हुआ, जिसके बाद भीड़ इकठा हो गई। मौके पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं और कस्बेवासियों ने दोनों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। कुछ लोगों ने युवक के साथ मारपीट भी की। सूचना मिलते ही थाना मीरापुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभालते हुए दोनों को थाने ले आई। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यदि किसी पक्ष से तहरीर प्राप्त होती है तो नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल थाने में युवक और युवती से पूछताछ की जा रही है।

# मंदवाड़ा प्रकरण में मां-बेटे समेत तीन को भेजा जेल

**बुढाना।** पुलिस ने गांव मंदवाडा से मुख्य आरोपी की मां व भाई सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अभी अपहृत लड़की को बरामद नही कर पाई है। मंदवाडा के ग्रामीण ने 27 अप्रैल को अपनी नाबालिग लड़की का अपहरण करने के आरोप में दूसरे पक्ष के मौ. शाह, सालिम, समीर व नोशाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी व लड़की की बरामदगी के लिए दो टीमें गठित की थी। इस मामले में स्वामी यशवीर महाराज ने जहां 5 मई तक कार्रवाई नही होने पर 6 मई को महापंचायत का ऐलान किया था, वहीं कश्यप समाज ने भी पुलिस को 24 घण्टे का समय दिया था।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मौ. शाह की मां फरजाना, भाई आस मौ. व नामजद आरोपी समीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अभी अपहृत लड़की व तीन अन्य नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

# टिकैत बंधुओं ने बुलाई किसान मजदूर सम्मान बचाओ पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अपने ही जिले में पहली बार हजारों लोगों से तीखा विरोध झेलकर अपमा. नित महसूस होने वाले भाकियू नेता चौधरी राकेश टिकैत जब कड़ी सुरक्षा में अपने सरकुलर रोड स्थित आवास पर पहुंचे तो उनसे मिलने उनके भाई और भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, सपा सांसद हरेन्द्र मलिक आदि भी पहुंचे और उन्होने पूरे घटनाक्रम पर बड़ी गंभीरता के साथ विचार विमर्श किया। जनआक्रोश रैली में आक्रोश तो पाकिस्तान के खिलाफ दिखाया जाना था, लेकिन मुख्य मुद्दे से भटककर लोगों ने आक्रोश राकेश टिकैत के पूर्व में दिये गये बयान पर जता दिया। इस घटना को लेकर जहां कट्टर हिंदू संगठनों के कुछ कार्यकर्ता इसे उचित बता रहे है,

वहीं बड़ी संख्या में लोगों को मानना है कि राकेश टिकैत के साथ जो कुछ हुआ वो नही होना चाहिए था, क्योंकि वह पूर्व में दिये गये बयान पर खेद जता चुके हैं तथा साफ मन से जनआक्रोश रैली में शामिल होने के लिए आये थे। अपमान होने के बाद राकेश टिकैत ने कहा कि आज जो कुछ हुआ, उसे देखकर वह दुखी है और उन्हे लगता है कि जानबूझकर उनका विरोध करने वाले भारतीय नहीं, बल्कि लाल. पुरिया थे।

देर रात भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने आज के घटनाक्रम की सख्त शब्दों में निंदा की और कहा कि यह सीधे-सीधे किसान और मजदूरों की प्रतिष्ठा पर हमला है। यह हम सबके लिए परीक्षा की भी घडी है और इसीलिए कल (आज) टाउन हाल के इसी ऐतिहासिक मैदान में किसान मजदूर सम्मान बचाओ पंचायत बुलाई गई है। जिसमें हमने किसी को फोन नहीं किया। लोग खुद आयेंगे और उसमें उमड़े सैलाब से ही हमे पता चलेगा कि कौन हमारे साथ है और कौन नही। लोगों का मिजाज हमारे प्रति कैसा है। उन्होंने कहा कि हम बात नहीं बढाना चाहते, वरना कहने के लिए हमारे पास बहुत कुछ है। हमारे घर और इज्जत पर हमला करने वाले कौन है इसका जवाब देना ही पडेगा और यह बात भी किसी से छिपी नही है कि हमसे टकराकर भी इनका काम नही चलने वाला।

# शारदेन स्कूल में हिन्दी कविता प्रतियोगिता का किया आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** शारदेन विद्यालय के 'बुद्धप्रस्थ ऑडिटोरियम' में हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी हाउस के कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता हम सभी के लिए उस समय और भी अधिक मनमोहक बन गई जब शारदेन विद्यालय की गांधी कॉलोनी स्थित ब्रांच 'शारदेन किड्स' के भी नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया द्यकक्षा एक के लिए कविता प्रतियोगिता का विषय 'पर्यावरण' तथा कक्षा द्वितीय के लिए 'गर्मी का मौसम'था। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से होप हाउस से हबीब हैदर ,इस्माइल, हुदा मलिक,पीस हाउस से अयांश गोयल ,हुदा शहज़ाद ,गौरांश गोयल, करेज हाउस से ज़रयाब हिजदर ज़ैदी, कियान अरोरा, आरवी बजाज, फेथ हाउस से रुद्रांश, जसमीत, त्रिजल ने प्रतिभाग किया जिसमें से कियान अरोरा तथा त्रिजल ने संयुक्त रूप से प्रथम, हुदा मलिक ने द्वितीय तथा जसमीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी श्रृंखला में शारदेन किड्स के कक्षा प्रथम के होप हाउस से अभिनव चौधरी, पीस हाउस से प्रियाल बिंदल , करेज हाउस से वासु त्यागी तथा फेथ हाउस से अथर्व लोहान ने प्रतिभाग किया। जिसमें से प्रियाल बिंदल ने प्रथम, अभिनव चौधरी ने द्वितीय ,वासु त्यागी ने तृतीय तथा अथर्व लोहान ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। शारदेन किड्स के ही कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों में होप हाउस से विभूति सेन ,पीस हाउस से दिवित कुमार तथा फेथ हाउस से अव्वत कादियान ने प्रतिभाग किया जिसमें से विभूति सेन ने प्रथम, अव्वत कादियान ने द्वितीय तथा दिवित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।शारदेन विद्यालय के कक्षा 2 के विद्यार्थियों में होप हाउस से अयान अग्रवाल , इशानी अरोरा, अज़ूका फ़राज़, पीस हाउस से हुमैरा ग़ज़ाली, अनंत पुलस्त्य, नमीति शर्मा,करेज हाउस से फातिमा नाज़, मोहम्मद अयान, दिविशा कौशिक तथा फेथ हाउस से इसरा अंसारी, काव्या पाल, आनिया सैनी ने प्रतिभाग किया जिसमें से अयान अग्रवाल ने प्रथम स्थान, इशानी अरोरा तथा हुमैरा ग़ज़ाली ने संयुक्त रूप से द्वितीय ,काव्या पाल ने तृतीय तथा इसरा अंसारीऔर दिविशा कौशिक ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती धारा रतन जी व निदेशक महोदय श्री बिव रतन जी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की तथा सभी विजयी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वह पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।




# युवती से अभद्र व्यवहार का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव में एक युवती के साथ बदसलूकी और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रामराज थानाक्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर निवासी पीडित पिता ने बताया कि उनकी बेटी अपने भाई के साथ कहीं जा रही थी, तभी गांव के ही प्रमोद उर्फ गुल्टु पुत्र रामकुमार ने रास्ते में बिना किसी वजह के उनकी बेटी का हाथ पकड़कर बदसलूकी की और अशोभनीय गालियां दीं। इतना ही नहीं, जब विरोध किया गया तो आरोपी ने राजन नाम के युवक के साथ मिलकर हमला भी कर दिया। इस घटना से परिजन आहत हैं और भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिजनों ने थाना अध्यक्ष रामराज से शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरो. पियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गुरुओं के सम्मान में भाकियू हर समय तैयार: राकेश टिकैत

- बीकेयू शिक्षक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को शहर के एक बैंकेट हाल में बीकेयू शिक्षक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार एवं शैक्षिक चर्चा का भव्य आयोजन हुआ है। कार्यक्रम में काफी संख्या मे शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि दुनियाभर मे शिक्षक पवित्र पेशा है। बीकेयू शिक्षक प्रकोष्ठ के साथ हम हर समय शिक्षक वर्ग की समस्या समाधान के लिए तत्पर है। शिक्षकों का कोई उत्पीडन नही कर पायेगा। शिक्षको से जुड़े विषयो पर भ्रष्टाचार पनपने नही दिया जायेगा। उन्होंने शिक्षक वर्ग से आह्वान किया कि शिक्षक अपने स्कूल सुंदर बनाए, पर्यावरण, नशा मुक्ति, शुद्ध खानपान, खेत से घर तक कीटनाशक मुक्त माहौल बने व स्कूल चलो अभियान मे जमकर काम करे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शारदा चौधरी ने की। वहीं मंच संचालन डॉ संजीव, विनेश कुमार एवं अनु चौधरी ने किया। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सुधीर पोरिया को जिला संरक्षक, धर्मेंद्र मलिक को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिवाकर शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष, प्रदीप लाल को जिला सचिव मनोनीत किया गया। वहीं अंजू चौधरी एवं पूनम पंवार को जिला महिला उपाध्यक्ष, संजय राठी, कनिष्क वीर एवं अमित बालियान को जिला उपाध्यक्ष, रितु बालियान को जिला महिला महामंत्री, पुष्पराज पंवार को जिला संगठन महामंत्री, अखलाक अहमद को जिला प्रवक्ता, हरिमनेश को जिला मीडिया प्रभारी, अगम शर्मा को जिला सह मीडिया प्रभारी, अमित कुमार को जिला कार्यालय प्रमुख, जसराज सिंह को जिला प्रचार मंत्री, अमित भारद्वाज को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। उधर सुजाता मित्रोलिया को जिला महिला संगठन मंत्री एवं प्रदीप चौबे को जिला उप सचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में पुरकाजी ब्लॉक एवं जानसठ ब्लॉक कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया।

# विशाल चौधरी भारतीय किसान यूनियन तोमर के ब्लॉक पर प्रभारी नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** 6 वर्ष से भारतीय किसान यूनियन तोमर में कंधे से कंधा मिला कर खड़े विशाल चौधरी को मिला पुरकाजी ब्लॉक प्रभारी की कमान।

भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने बेहतरीन कार्यशैली के चलते की घोषणा विशाल चौधरी का जोरदार स्वागत किया गया। विशाल चौधरी ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन ने उन्हें सौंपी हैं, उसका वह जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे।



# पांडव कालीन माता पार्वती मंदिर में भागवत कथा व रामलीला मंचन

- तीर्थ नगरी शुक्रताल में मनाई गई मां बगलामुखी पीताम्बरा जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित पांडव कालीन माता पार्वती मंदिर में मां बगला मुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव पर जहां पर संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। वही, चित्रकूट के कलाकारों के द्वारा श्री रामलीला का मंचन किया जा रहा है। जिसे देखने के नगरी के अलावा आस पास के गांव फिरोजपुर, बहुपुरा, शुक्रतारी, इलाहाबास, मोरना, ककराला आदि गांवों के लोगों की भीड़ लगी हुई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कर्मियों की डयूटी भी लगाई गई है।

चित्रकूट से पधारी कथा व्यास कुमारी भक्ति त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा देव दुर्लभ है जो शुकदेव जी की कृपा से आज सभी को सुलभ हो रही है। घर पर आने वाले साधु को भिक्षा जरूर देनी चाहिए, भूलकर भी उनका कभी अपमान नही करना चाहिए। काशी से पधारे स्वामी ज्ञानेश्वरानंद तीर्थ महाराज, कथा में ज्योतिषविद डा. अयोध्या प्रसाद मिश्र महाराज, आचार्य देवशरण त्रिपाठी, गौरव शर्मा, आशीष मिश्रा, ज्योति, तुषार, राजा भैया, कमलेश देवी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे। इसके अलावा आश्रम में नित्य हवन यज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्रद्धालु मंत्रोचारण के बीच आहूति प्रदान करते है। वही, चित्रकूट धाम आदर्श श्रीराम जानकी मंडल चित्रकूट धाम के कलाकारों के द्वारा दशरथ मरण व राम वनवास की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। जिसमें राम वनवास की लीला का मंचन देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। हास्य कलाकार बबलू पांडेय ने श्रद्धालुओं को खूब हंसाया। व्यास अवधेश कुमार शर्मा ने चौपाई का गुणगान किया। रामलीला देखने के लिए नगरी के अलावा आस पास के गांव फिरोजपुर, बहुपुरा, शुक्रतारी, इलाहाबास, मोरना, ककराला आदि गांवों के लोगों की भीड़ लगी हुई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कर्मियों की डयूटी भी लगाई गई है।



# समद राणा को बनाया सैक्टर का अध्यक्ष

**बुढ़ाना।** शुक्रवार की शाम बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के खतौली रोड पर बसी खुर्द मार्ग के समीप स्थित कोयला मिल की राख के समद राणा के प्लांट पर आयोजित हुई आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की बैठक में जिला पंचायत के वार्ड नंबर 25 में सदस्य पद का चुनाव किसी काबिल व्यक्ति को लड़ाने के बारे में जोरदार चर्चा की गई और आने वाले दिनों में पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिये जाने की बात कही गयी। इस दौरान बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष आज़म फारुखी ने प्लांट के मालिक समद राणा को उनकी लगन और मेहनत को देखते हुए वार्ड नंबर 25 से पार्टी का सेक्टर अध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा यहां पर पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के हाथो को मजबूत करने पर विचार किया गया और कई लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई गयी। पार्टी के विधानसभा बुढाना क्षेत्र के अध्यक्ष आज़म फारुकी ने बताया कि इंशाल्लाह आने वाले दिनों में पार्टी को और मजबूत करने पर विचार किया जायेगा। जल्दी ही एक बड़े प्रोग्राम को कराने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से आज़म फारुकी, बुढाना विधानसभा महासचिव गफ्फार सिद्दीकी, बुढ़ाना विधानसभा मुख्य महासचिव राशिद अंसारी और बुढ़ाना विधानसभा सचिव नाजिम राणा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# विद्युत समस्या समाधान के लिए ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**मीरापुर।** ग्राम पंचायत कुतुबपुर में स्थित बिजली घर के पास राजेश शर्मा के खेत में 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का एक पोल काफी समय से टूटा हुआ है। इस खतरनाक स्थिति के बारे में स्थानीय ग्रामीणों व किसान ने कई बार विद्युत विभाग को सूचित किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। खेतों के बीच टूटी पड़ी यह लाइन हर समय किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है। ग्रामीणों के अनुसार, इस क्षेत्र में पहले भी कई बार अनहोनी जैसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। विभाग की इस लापरवाही पर नाराज ग्रामीणों ने ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर को भी एक पत्र सौंपा, लेकिन उसके बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। इससे किसानों में भारी आक्रोश है और वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना कभी भी घट सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

# खतौली विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान उजागर हुई अव्यवस्थाएं

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर ने शुक्रवार को खतौली तहसील का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिससे तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। मंत्री ने क्षेत्रीय विकास कार्यों की समीक्षा करने के साथ-साथ तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान तहसील में व्याप्त अव्यवस्थाएं देखकर मंत्री ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने उप जिला. धिकारी मोनालिसा जौहरी और तहस. ीलदार श्रद्धा गुप्ता की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया। जन समस्याओं के निराकरण में हो रही देरी और परिसर की गंदगी पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने तहसील कार्यालय में फैली अव्यवस्थाओं और जन समस्याओं के निराकरण में हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रशासनिक कार्यों में लाप. रवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्य मंत्री ने कहा कि हतहसीलें आम जनता की सबसे नजदीकी प्रशासनिक इकाई होती हैं। यदि यहां पर ही सुनवाई नहीं होगी तो शासन की योजनाएं जमीनी स्तर तक नहीं पहुंच पाएंगी। मैं चाहता हूं कि तहसील में पारदर्शी और समयबद्ध कार्य प्रणाली स्थापित हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और परिसर की सफाई, फाइल व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं। राज्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और तहसील परिसर की व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए। तहसील निरीक्षण से पूर्व राज्यमंत्री टीटोडा रेलवे डेडिकेटित फेट कॉरिडॉर न्यू खतौली स्टेशन और रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया जहां उन्होंने रेलवे प्रशासन को ओवरब्रिज के निर्माण में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। वही राज्यमंत्री ने नावला पीएचसी और तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों का भी निरीक्षण किया।

# तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसीलदार द्वारा अधिवक्ताओं को विवादित पत्रावली न देने से नाराज़ अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोलते हुए राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर को शिकायती पत्र सौंपा।

अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसीलदार द्वारा न्यायिक प्रक्रिया में बाधा डाली जा रही है और मुख्यमंत्री की मिशन न्याय योजना को पलीता लगाया जा रहा है। राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर के निरीक्षण के दौरान खतौली बार संघ अधिवक्ताओं राजबीर सिंह, सुभाष चंद, सीताराम, कुँवर सुलेमान खान, सत्यप्रकास सैनी, कदम सिंह चंदेल, जितेंद्र त्यागी, सचिन आर्य, पवन सिंह, गंगा शरण आदि शिकायती पत्र देते हुय कार्रवाई की मांग की। जिसके बादराज्य मंत्री के निर्देश पर डीएम उमेश कुमार मिश्रा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम (ई) नरेंद्र बहादुर को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद एडीएम (ई) ने तहसील परिसर स्थित तहसीलदार के कार्यालय पर ताले जड़वा दिए।अधिवक्ताओं का कहना था कि सस्ता और सुलभ न्यायष मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद तहसील परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है, और अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वे बड़े आंदोलन की राह पकड़ेंगे।



# बसपा जोन सैक्टर की बैठक सम्पन्न

**चरथावल।** बसपा चरथावल विधानसभा जोन, सैक्टर के पदाधिकारियों व समर्थकों की एक बैठक का आयोजन ज़िला कार्यकारिणी सदस्य चौधरी इरशाद त्यागी एडवोकेट के चरथावल स्थित आवास पर हुआ। बैठक में सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

बैठक के मुख्य अतिथि सहारनपुर मंडल प्रभारी राजेश प्रधान रहे। बैठक की अध्यक्षता काज़ी ज़ाहिद हसन सिद्दीकी तथा संचालन नसीम त्यागी ने किया। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष श्रवण कुमार अपने सभी पदाधिकारियों के साथ मौजूद रहे। मीटिंग में मेहरबान त्यागी ,असलम त्यागी ,सलीम मलिक ,फिरोज अंसारी ,न"यूम त्यागी ,मासूम त्यागी , आसिफ त्यागी ,सलमान त्यागी ,मुर्तजा त्यागी ,सलीम अंसारी ,इमरान त्यागी आदि मौजूद रहे।



**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. सलमान व पुत्रवधु आसमीन मेरे व परिवार के कहने सुनने से बाहर है। बात-बात पर मेरे व परिवार से लडाई झगडा करते रहते हैं। इनकी हरकतों से परेशान होकर मैने व परिवार के अन्य सदस्यों ने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनका मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों से किसी प्रकार का कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। इनके किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मेरी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नही होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल कदीर**
**निवासी- इब्राहिम पटटी,**
**ग्राम कुटेसरा, थाना चरथावल,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मंसूरपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चलसीना निवासी विपिन कुमार अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव से नावला मार्ग से होते हुय मंसूरपुर की ओर जा रहे थे।

इसी दौरान रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में विपिन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी (सीओ) रामआशीष यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत कराया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।हादसे के बाद स्थानीय लोग बेहद आक्रोशित नजर आए और दुर्घटना स्थल पर सड़क जाम कर दिया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने भीड़ को समझा-बुझाकर यातायात बहाल कराया।

## गोवंश के लिए दानवीरों ने 3700 कुंतल भूसा दिया दान

**मुजफ्फरनगर**।भूसा संग्रहित अभियान के दौरान दानवीरों ने 3700 कुंतल भूसा गोवंश के लिए दान में दिया है। वहीं पशुपालन विभाग के द्वारा करीब 22,700 कुंतल भूसा क्रय किया गया है। 31 मई तक पशुपालन विभाग को करीब 41 हजार कुंतल भूसा क्रय करना है। जनपद में काऊ सेंचुरी सहित 65 गोशाला है। जिसमें करीब 6818 गोवंश संरक्षित है। जिसमें से करीब 2253 गोवंश तुगलकपुर में स्थित काऊ सेंचुरी में है। गर्मियों में चारे का संकट गहरा जाता है। जिसे देखते हुए जनपद में भूसा संग्रहित अभियान चल रहा है। गौशालाओं में संरक्षित गोवंश के लिए 41 हजार कुंतल भूसा संग्रहित करने का लक्ष्य शासन स्तर से दिया गया है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारीडा. जितेन्द्र कुमार गुप्ता का कहना है कि करीब 17 हजार कुंतल भूसा दान में लिया जाना है। पशुपालन विभाग के द्वारा करीब 22,700 कुंतल क्रय किया जा चुका है। - कोट जनपद में चल रहे भूसा संग्रहित अभियान के तहत गोवंश के लिए दानवीरों ने 3700 कुंतल भूसा दान किया है। वहीं पशुपालन विभाग के द्वारा 22,700 कुंतल भूसा क्रय किया गया है। इस अभियान में जनपद का प्रदेश में 22वां स्थान है।

## श्रीराम कॉलेज के प्रबंधन विभाग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंधन विभाग द्धएमबीएऋ में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर डॉ सौरभ मित्तल, डीन मैनेजमेंट, डॉ पंकज कुमार विभागाध्यक्ष प्रबन्धन संकाय, डॉ विवेक त्यागी विभागाध्यक्ष व्यवसाय व प्रबन्धन विभाग, उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में एमबीए के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमे विद्यार्थी एक या कई विषयों पर प्रश्नों के सही उत्तर देने का प्रयास करते है। क्विज का उपयोग शिक्षा के क्षेत्रों में ज्ञान योग्यता और कौशल मे वृद्धि को मापने के लिए एक संक्षिप्त मूल्यांकन के रूप में किया गया। वास्तव में क्विज एक तरह का मानसिक खेल है, जिसे विद्यार्थियों ने बहुत कुछ सीखा, और अपने विश्लेषणात्मक, रचनात्मक संचार और आत्मब्विास कौशल को विक. सित किया।यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तीन स्तरों पर आयोजित की गयी। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ0 अतुल वर्मा, सहायक प्रवक्ता, व्यापार प्रबन्धन विभाग व डा0 चित्रा श्रीवास्तव, सहायक प्रवक्ता, प्रबंधन संकाय रहे। प्रश्नोत्तारी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राधिका गौतम, द्वितीय स्थान पर सारा महक तथा तृतीय स्थान पर अंशिका त्यागी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर प्रबंधन विभाग के, डॉ0 राजीव रावल, डॉ0 निवेदिता चतुर्वेदी, का विशेष योगदान रहा।

## सड़क निर्माण को लेकर पीडब्लूडी कर्मचारियों व ग्रामीणों में मारपीट, एक युवक हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** बीआईटी कॉलेज से बेहड़ा तक बन रही सड़क को लेकर शुक्रवार को बड़ा विवाद हो गया। पीडब्लूडी द्वारा कासमपुर खोला होते हुए बनाए जा रहे इस मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का ग्रामीणों ने विरोध किया, जिससे पीडब्लूडी के अधिकारियों और ग्रामवासियों के बीच जमकर कहा. सुनी और मारपीट हो गई। इस घटना में कई लोग घायल हो गए, वहीं पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, बीआईटी कॉलेज से ग्राम बेहड़ा तक सड़क निर्माण का कार्य पीडब्लूडी के अभियंता धनंजय यादव पुत्र गुलाबचंद निवासी बलिया की देखरेख में किया जा रहा है। शुक्रवार शाम 4 बजे ग्राम कासमपुर खोला के कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सड़क चौड़ीकरण को लेकर आपत्ति जताई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। घटना में संतोष पुत्र जयसिंह, सावन पुत्र मोहन और अमर पुत्र उमेश सहित कई ग्रामीणों को मामूली चोटें आईं। मौके पर मौजूद पीडब्लूडी कर्मचारियों ने खुद को बचाया और मामले की सूचना तुरंत थाने को दी। अभियंता धनंजय यादव ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्राम कासमपुर के एक युवक को हिरासत में ले लिया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सर्व समाज ने कॉलेज निर्माण में जुटे जहीर फारूकी का किया अभिनन्दन

**पुरकाजी।** इंटर कॉलेज की जमीन देने पर कस्बे के सभासदों के नेतृत्व में सर्व समाज के लोगों द्वारा चेयरमेन का फूलमालाऔ से जोरदार सम्मान किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के चेयरमेन जहीर फारुकी एडवोकेट द्वारा शिक्षा को हर अमीर और गरीबों तक पहुंचाने की लिए 8 बीघा जमीन अपने पास से खरीद कर इंटर कॉलेज के नाम करते हुए जिला अधिकारी को कागज सौंप दिए हैं चचौयरमेन के इस कदम की चारों ओर प्रशंसा हो रही है जिसके तहत नगर पंचायत के दर्जनों सभासदों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सर्व समाज के लोगों ने चौयरमेन जहीर फारूकी एडवोकेट को शाल और बुके भेंट कर सम्मान किया गया इस अवसर पर सभासद शाह आलम गौर आजाद फरीदी इस्तकार उर्फ लाल्ला नदीम अहमद विक्की और सावन कुमार आदि वक्ताओं ने कहा कि आजादी के बाद से कस्बा शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ था गत सभी चुनाव में बड़े-बड़े नेताओं ने स्कूल को लेकर बड़े-बड़े दावे किए लेकिन मामला मात्र ब्यान बाजी तक रहा लेकिन वर्तमान चेयरमेन जहीर फारूकी एडवोकेट जिस दिन से चेयरमेन बने हैं उन्होंने जहां सरकारी विद्यालयों की दशा और दिशा सुधारी है वहीं कस्बे को इंटर कॉलेज की जमीन देकर इस कलंक को धोने का काम किया है अध्यक्ष जहीर फारूकी एडवोकेट ने कहा कि वह कस्बे के विकास के लिए हर संभव कार्य करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय की जमीन दी है इसके अलावा भी डिग्री कॉलेज और तहसील के लिए भी जमीन देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि



उनके द्वारा आज तक जो भी कार्य किए गए हैं वह सभी जाति धर्म के लोगों को ध्यान में रखकर किए गए हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासद शाह आलम गौर, आजाद फरीद,ी नदीम अहमद, इस्तकार उर्फ लाल्ला, पंडित मुकेश शर्मा, फरीदी इनाम फरीदी, हाफिज जुल्फिकार, सावन कुमार, विक्की, शाहनवाज खान, आरिफ खान, शमशाद फरीदी, हाफिज मोहसिन, आदिल फरीदी, शहजाद फरीदी, मोहम्मद इकराम, साजिद अहमद, शमशाद फरीदी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यायिक कार्यों से विरत रहे समस्त अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** कस्बा और देहात में आज शुक्रवार की अल सुबह से ही अचानक से हुई बारिश और खराब मौसम के कारण अघधिकतर अघधिवक्ता तहसील मुख्यालय नही पहुंच सके। तभी एक आपात मीटिंग में हुई सहमति से लिए गए निर्णय के अनुसार अर्घ्धिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। न्यायिक कार्यों से विरत रहने की सूचना सभी न्यायालयों को भी भेज दी गई थी। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद त्यागी, महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर, पूर्वघ अध्यक्ष विनय बालियान, एसपी मलिक, दीपक राठी, फिरोज मंसूरी, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, प्रशांत शर्मा, अचल सिंह, योगेशघ कुमार सैनी सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### बारिश ने दी राहत, खेतों में पड़ा भूसा भीगा

**बुढ़ाना।** लगातार कई दिनों से भारी उमस हो रही थी कि इसी बीच शुक्रवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि मे अचानक से आसमान में काले बादल उमड़ आए और फिर झमाझम बारिश शुरु हो गयी। जिसके चलते मौसम में ठंडक सी हो गयी। उधर उन सभी किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा जिनके खेतों में अभी गेंहू कटे पड़े हैं और कुछ स्थानों पर भुस पडा हुआ है। जिन्होंने गेंहू से अलग फसल बोई हुई है और आम की फसल को इस बारिश को जरुर लाभ हुआ है। कुल मिलाकर बारिशघ के होने से कहीं चेहरे मायूस रहे तो कहीं चेहरे खिल उठे। आज मौसम बहुत ही अच्छा रहा। इसी माह और दिन भी बारिश होगी ऐसी संभावना है।

### पूरे दिन नहीं आई बिजली, अधिकारी हुए पसीना पसीना

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला बिजलीघर की अंडर ग्राउंड विद्युत लाइन में अचानक से फाल्ट आ जाने पर कस्बा बुढ़ाना व क्षेत्र के नागरिक पूरे दिन बिना बिजली के हलकान देखे गये। विद्युत एक्सईएन, एसडीओ, जेई व लाइनमेनों के फोनघ दिन भर घनघनाते रहे और उधर दूसरी और कई विद्युतकर्मी जौला बिजलीघर पर अंडरग्राउंड लाइन में फाल्ट ढूंढकर उसको ठीक करने में लगे रहे। इस दौरान भयंकर गर्मी में अधिकारी और कर्मचारी पसीना पसीना हो गये। लगातार पूरे दिन 10 घंटे से भी अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही और काफी लोगों के इन्वर्टर भी फेल हो गये। हालांकि बारिश के होने से मौसम में गर्माहट तो नहीं रही लेकिन फिर भी लोग बिना बिजली पूरे हलकान रहे। लोगों के सब्र का बांध सायं चार बजे टूट गया और उन्होनें बिजलीघर की और कूच करने की घोषणा कर दी तो एक बार विद्युतकर्मियों में हड़कंप मच गया लेकिन बुढ़ाना बिजलीघर के जेई मनोज कुमार बराबर काम में लगे रहे और सायं 05 बजे से पहले ही विद्युत आपूर्ति बहाल करवा दी। उधर युवा भाजपा नेता हिमांशु संगल ने इस बिजली कटौती से क्षुब्ध होकर फोन पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र से बातचीत की तो उन्होंने मेरठ में बैठे अधिकरियों से इस संबंध में बातचीत की। बिजली सुबह छह बजे के आसपास ठप्प हो गयी थी। जो कि दस घंटे से भी अधिक समय तक विद्युत कार्य के चलते बंद रही और लोग पूरे दिन परेशान रहे। सायं 05 बजे से पहले ही विद्युत फाल्ट ढूंढकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी थी।

### पुलिस ने अचानक से किया पैदल मार्च

**बुढ़ाना।** कस्बे की कोतवाली रोड, कांधला रोड, कस्साबान पुलिया, छोटा बाजार, बड़ा बाजार, पैंठ बाजार, भारत चौक, पारसी बस स्टैंड, नदी मंदिर रोड, पुरानी सब्जी मंडी और रामछेल तिराहे पर बुढ़ाना पुलिस ने शुक्रवार की देर रात अचानक से पैदल गश्त करते हुए विशेष सुरक्षा अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने कस्बे में पैदल मार्च किया और मुख्य चौराहे पर दोपहिया वाहनों की चेकिंग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में गश्त की। चे. कंग के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर चलने का निर्देश दिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना जगाना और शांति व्यवस्था बनाए रखना था।

अभियान में क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार और सब इंस्पेक्टर राकेशघ यादवघ आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे। इस पहल से स्थानीय लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि कोतवाली पुलिस उनकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भी एकदम अलर्ट है।

## जौला में मच्छरों का प्रकोप, फॉगिंग की मांग

■ गांव का हाल हुआ बेहोल, अधिकारी हैं मस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव जौला में मच्छरों का इस कदर प्रकोप है कि पूछो मत। ग्रामीण पूछ रहे हैं कि यहां काम कर रहे सरकारी अधिकारी, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधियों को मच्छर नहीं लग रहे क्या जो वे मौन हैं।घ क्या ग्राम पंचायत कोई काम बिना कहे नहीं कर सकती।

इसके लिए हा हल्ला ही करना पड़ेगा क्या। किसी भी संबंधित अधिकारी ने मच्छरों के प्रकोप को दूर करने को फॉगिंग छिड़काव का कोई इंतजाम नही किया। जौला यूथ क्लब गांव मे मच्छरों की बढ़ती संख्या को लेकर दुखी हैं। गांव जौला मे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा फॉगिंग या छिड़काव का कोई इंतजाम नहीं किया गया है।

इससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ रही है। कई लोग मच्छरों के काटने से बीमार हो रहे हैं और मच्छरों से बचाव के लिए हर संभव उपाय कर रहे हैं लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं दिख रहा है। मच्छरों का प्रकोप इतना ज्यादा है कि लोग दिन-रात परेशान हैं। स्वास्थ्य विभाग और ग्राम पंचायत की ओर से कोई भी मच्छर नियंत्रण उपाय नहीं किए जा रहे हैं। लोगों को डर है कि मच्छर जनित बीमारियाँ फैल सकती हैं।

गांव से मच्छरों के प्रकोप और ग्राम पंचायत की निष्क्रियता के बारे में खबरें आ रही हैं। स्थानीय लोग ग्राम पंचायत से फॉगिंग और छिड़काव की मांग कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि अगर तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ग्राम प्रधान को फॉगिंग छिड़काव का इंतजाम करना चाहिए। लोगों के लिए मच्छर से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। स्थानीय लोगों को भी मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए पानी के जमाव को साफ रखना चाहिए। गांव जौला में मौसम परिवर्तन और अनियमित बिजली आपूर्ति के चलते मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। गांव के मोहल्लों की स्थिति गंभीर है। बुढाना अस्पताल में रोज बड़ी संख्या में मौसमी बीमारियों के मरीज पहुंच रहे हैं। लोग मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी व मच्छर भगाने वाले क्वायल का इस्तेमाल कर रहे हैं। दिन हो या रात मच्छरों का प्रकोप जारी है। स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की लापरवाही स्पष्ट दिख रही है। न तो कीटनाशक दवाओं का छिड़काव हो रहा है और ना ही प्रभावी फॉगिंग हो रही है। नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव भी नहीं हो रहा है। यदि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए गएघ तो मच्छर जनित बीमारियों का खतरा और भी बढ़ सकता है।

## विद्युत आपूर्ति बंद होते ही लाखों की कीमत का ट्रांसफार्मर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विद्युत आपूर्ति कुछ समय के लिए बंद होते ही अज्ञात चोरों ने भी अपना कमाल दिखा दिया। चोरों ने खंभों के उपर रखा विद्युत ट्रांसफार्मर नीचे गिराकर उसमें लगा कीमती सामान चोरी कर लिया। अभी पिछले हफ्ते ही अज्ञात चोरों ने गांव सठेडी में भी इसी तरह की घटना को अंजाम दिया हुआ था।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के गांव जौला के मौहल्ला गढीवालान में नहर के पुल के पास अजमल के घर के सामने खंभों पर टिका नया विद्युत ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने अर्धरात्रि में बिजली भागते ही नीचे गिरा लिया और उसमें लगी एक लाख रुपये की कीमत की तांबे की कोयल व बिजली के तेल के अलावा कीमती सामान चोरी करके पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान लगा दिया। घटना का पता आज सुबह तब लगा जब आते जाते ग्रामीणो ने नीचे जमीन पर पड़ा हुआ ट्रांसफार्मर का खाली खोखा देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने तुरंत बुढ़ाना पुलिस और जौला बिजलीघर पर तैनात विद्युतकर्मियो को दी तो पुलिस और विद्युतकर्मी मौके पर पहुंचे। इस ट्रांसफार्मर के चोरी होने से पूरे मोहल्ले की लाइट गुल हो गयी। जिसके चलते ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति रोष है और कह रहे हैं कि चोरों को कैसे पता लगा कि अब बिजली भागने वाली है। उन्होंने इस घटना में किसी विद्युतकर्मी की संलिप्तता की बात कही। लोगों के अनुसार रात चोरी की घटना के समय बिजली भगाने का क्या औचित्य था इसकी जांच जरुरी है क्योंकि उन्हें कर्मचारियों पर शक है।

## इसरो प्रमुख डा.रंगन के चित्र पर किए पुष्प अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शासन आदेश अनुसार शुक्रवार के दिन ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिक. ारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में बीती 28 अप्रैल से चल रहे इस सप्ताह के अंतर्गत आज प्रात: कालीन सभा के समय इसरो के प्रमुख प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर कृष्णस्वामी कस्तूरी रंगन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिसमें विद्यालय में उपस्थित समस्त बच्चों और समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने भाग लिया। सहायक अध्यापिका प्रथम श्रीमती अनुराधा ने कृष्ण स्वामी कस्तूरी रंगन के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। अंत में स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि इसरो के पूर्व प्रमुख अध्यक्ष कृष्णा स्वामी कस्तूरी रंगन का बीती 25 अप्रैल सन् 2025 को बेंगलुरु में 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। भारत के वैज्ञानिक तथा शैक्षिक परिख्रश्य में सबसे अधिक सम्मानित व्यतक्तियों में से वे एक थे। देश के वैज्ञानिक शैक्षणिक और नीतिगत क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें भारत के तीनों सर्वोच्च नागरिक प्राप्त हुए हैं।




बुढाना : इसरो प्रमुख डा.कस्तूरी रंगन को स्मरण करते विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं।

## बलीपुरा से युवक लापता

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बलीपुरा से एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बलीपुरा निवासी धर्मवीर सैनी पुत्र बसंता ने अपने पुत्र अरुण कुमार की गुमशुदगी की तहरीर थाना मीरापुर में दी है। धर्मवीर के अनुसार, अरुण कुमार गुरुवार को किसी पारिवारिक बात को लेकर नाराज होकर घर से कहीं चला गया। परिजनों ने उसे आसपास और रिश्तेदारों में काफी तलाश किया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया। युवक के परिजन उसकी लंबी अनुपस्थिति और कोई सूचना न मिलने के चलते किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है और हर संभावित जगह जांच की जा रही है।

## एसडी कॉलेज में बौद्धिक सम्पदा कार्यशाला का समापन

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म कॉलेज मुजफ्फरनगर के अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य सुधीर कुमार पुंडीर के दिशा निर्देशन में चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला जिसका विषय बौद्धिक संपदा अधिकार है के अंतर्गत आज कार्यशाला के पांचवे दिन सुश्री विशाखा शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग एवं डॉ पीयूष शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विभाग के द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए जिसके अंतर्गत विशाखा शर्मा ने श बौद्धिक संपदा अधिकार के इस्तेमाल एवं इसकी महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला प डॉ पीयूष शर्मा ने उच्च शिक्षा में बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व को विभिन्न बिंदुओं को लेकर विस्तार से चर्चा की कार्यक्रम में मंच का



सफ़ल संचालन डॉक्टर प्रीतम सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग ने किया प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार पुंडीर ने पांच दिवसीय कार्यशाला के समापन के अवसर पर कार्यशाला में शामिल सभी वक्ताओं को प्रमाण पत्र एवं सम्मान चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर श्रीमती शुभी चौरसिया असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम में शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पांच मई की लखनऊ पंचायत में जुटें भाकियू अ कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां में शुक्रवार के दिन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा कुछ कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने अपने सम्मान में आयोजित एक सादे समारोह में सभी से 05 मई को लखनऊ में होने वाली पंचायत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने को कहा।

इसके अलावा उन्होंने यहां मेहनती कार्यकर्ता चांद कस्सार को गांव हुसैनपुर कलां का ग्राम अध्यक्ष नियुक्त करते हुए उनको हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा और कहा कि वह अपने गांव हुसैनपुर कलां की कार्यकारिणी को दस दिन के भीतर



भीतर गठित कर लें और उनको भी अवगत कराएं। जिस पर नव नियुक्त ग्राम अध्यक्ष चांद कस्सार ने जिला अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा को आश्वासन दिया कि वे आजकल में ही गांव की पूरी कार्यकारिणी गठित कर लेंगे और 05 मई को लखनऊ पंचायत में शामिल होंगे। इस दौरान यहां पर सभी कार्यकर्ताओं ने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक को मजबूत करने का भी संकल्प लिया। इस दौरान यहां पर बुढाना तहसील अध्यक्ष अमित ठाकुर, बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पंवार, बुढ़ाना नगर के अध्यक्ष मुकेशघ सूबेदार भार्गव और मीडिया के प्रभारी जाबिर राणा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मौसम ने बदला मिजाज, बारिश से व्यवस्थाएं ठप













**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी से झुलसते लोगों को शुक्रवार को अचानक मौसम के बदले मिजाज से बड़ी राहत मिली। तडके करीब 5 बजे से ही बादलों की गर्जना के साथ शुरू हुई बारिश ने तपती धरती को भिगो दिया और लोगों को सुकून पहुंचाया। ठंडी हवाओं के साथ रिमझिम बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया, जिससे आमजन ने गर्मी से राहत की सांस ली। वही बारिश के बाद कई स्थानों पर जलभराव होने और कीचड फैलने से लोगों को दुश्वारियों का सामना भी करना पडा।

पिछले करीब एक सप्ताह से भीषण गर्मी ने लोगों को झुलसा रखा था। तापमान लगातार बढने से हीटवेब शुरू हो गई थी और सडकों पर लोगों का निकलना दूभर हो रहा था। शुक्रवार को अचानक मौसम ने करवट बदली और तडके करीब 5 बजे तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। धीरे धीरे तेज बारिश होने से तपती धरती को भिगो दिया और लोगों को सुकून पहुंचाया। दोपहर करीब 12 बजे तक बूंदाबांदी होती रही। जिससे जहां एक ओर मौसम सुहावना हुआ, वहीं दूसरी ओर बारिश ने कई समस्याएं भी खड़ी कर दीं। शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिसमें शहर के कबाडी बाजार, नेहरू मार्किट, नाला पटरी, माजरा रोड आदि स्थानों पर जलभराव रहा। बारिश के बाद जलभराव खत्म हुआ तो सडकों पर कीचड फैला रहा। बाजार भी देरी से खुले। दुकानों के बाहर कीचड फैलने से दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानियां हुई। दुकानदार स्वयं हाथों में झाड़ू व वायफर लेकर स्वयं साफ सफाई करनी पडी। जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। गलियों और सड़कों पर कीचड़ फैलने से यातायात प्रभावित हुआ और नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वही दूसरी ओर बारिश के बाद जिलेभर के रेलवे के अंडरपास में पानी भरा रहा। जिससे ग्रामीणों को परेशानियां हुई। अंडरपास में पानी भरने से कई गांवों का रास्ता भी बाधित रहा।

## गेहूं की फसल बारिश में भीगी

**शामली।** बिन मौसम हुई बारिश से सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों पर पड़ा है। खेतों में कटाई के लिए तैयार खड़ी गेंहू की फसलें बारिश से भीग गईं। वही कुछ किसानों द्वारा गेंहू की कटाई कर ली गई तो भूसा खेत में पडा हुआ भीग गया। जिससे फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। खासतौर पर गेहूं, सरसों और दलहनों की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। कई किसानों ने चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से सहायता की मांग की है। इस अचानक बदले मौसम से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के लिए यह बारिश आफत बनकर आई है।

## विद्युत हुई बाधित, कई जगहों पर फाल्ट

**शामली।** शुक्रवार तडके अचानक मौसम में हुई परिवर्तन के बाद विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। घरों में बिजली और पानी आपूर्ति न होने से नागरिक परेशान रहे। वही कई स्थानों पर विद्युत फाल्ट आने से विद्युतकर्मी दिनभर बिजली ठीक करते दिखाई दिए।

शुक्रवार तडके अचानक मौसम खराब होने के बाद आसमान से तेज हवाऐं और बिजली गडगडाहट के साथ बारिश शुरू हो गई थी। जिसके बाद पूरे शहर की विद्युत आपर्ति बाधित हो गई। तेज हवाओं के कारण आदर्शमंडी बिजली घर के कसेरवा क्षेत्र में कई पेड टूटकर विद्युत लाईन पर जा गिरे, जिससे शहरभर की बिजली बंद हो गई। वही नहर पटरी मार्ग पर विद्युत लाईन पर आकाशीय बिजली गिरने से जिला अस्पताल सहित उक्त आसपास क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। दोपहर करीब 11 बजे तक कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बहाल हुई, जबकि पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति दोपहर तीन बजे तक बहाल हो सकी। ऐसे में लोगों के इंवर्टर बैटरे खत्म हो गए थे। जिससे गर्मी में लोगों के घरों में अंधेरा छाया रहा और बिना पंखों के बैठे रहे। मिठाई की दुकानों पर फ्जिर बंद रहने से कई मिठाई विक्रेताओं की मिठाईयां भी खराब हो गई थी। वही दिनभर बिजली न आने से लोगों को पानी की समस्या से भी दोचार होना पडा। पानी न होने से लोगों ने मौहल्लों में लगे हैंडपंप से पानी भरा। जिसको लेकर लोगों को हैंडपंपों पर भी लाईने लगी रही।

## जिला अस्पताल में भी हुई दिक्कतें

**शामली।** जिला अस्पताल में बिजली न होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पडा। जिससे अस्पताल में एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सिटी स्कैन की सुविधा बंद रही। मरीज घंटों अस्पताल परिसर में बिजली आने की उम्मीद के सहारे बैठे रहे, लेकिन बिजली न आने से मरीजों को वापस लौटना पडा। जिला अस्पताल में तडके पांच बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने जनरेटर चलाकर आपूर्ति शुरू की, लेकिन जनरेटर से कई मशीने नही चल सकी, क्योकि जनरेटर का लोड कम होने से उक्त मशीन चलना संभव नही था। ऐसे में अस्पताल में एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सिटी स्कैन की सुविधा बंद रही। मरीज देवा, विनोद कुमार, संदीप शर्मा, राजन, रहीस आदि ने बताया कि वह सवेरे 8 बजे से जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आए हुए है, लेकिन उनका अल्ट्रासाउंड नही हो सका। उनको पेट की गंभीर समस्या है, लेकिन अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताला लटका रहा। कक्ष में मरीजों को जानकारी देने के लिए कोई भी तैनात नही था।

## मौसम ने बदली चाल, खेतों में पसरा सन्नाटा

**गढ़ीपुख्ता।** एक ओर जहां किसान अपनी रबी की फसलों की कटाई-बुवाई में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी ओर अचानक बदले मौसम के मिजाज ने उनके काम में खलल डाल दिया है। शुक्रवार की अलसुबह से ही गढ़ी पुख्ता क्षेत्र में मौसम का रुख बिगड़ गया। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बूंदाबांदी ने कुछ ही देर में तेज बारिश का रूप ले लिया, जिससे खेतों में काम कर रहे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

गढ़ी पुख्ता, दुल्ला खेड़ी, बूंटा, भाट्टू और राझड़ जैसे गांवों के किसानोंकृनौशाद, शुभम, गुलजार, भूरा, ऋषिपाल और समीमकृने बताया कि अधिकांश किसानों ने गेहूं की फसल की कटाई कर ली थी, लेकिन कुछ किसान अभी भी खेत से फसल उठाने में लगे थे। बारिश के कारण यह काम अधूरा रह गया, जिससे अनाज के खराब होने की आशंका बढ़ गई है। इधर, खेत तैयार कर किसान गन्ने की बुवाई में जुटे थे, लेकिन भारी वर्षा के कारण खेतों में पानी भर गया है। इस कारण गन्ने की बुवाई का कार्य रोकना पड़ा है और अब किसानों को खेत सूखने का इंतजार करना होगा।

## आसमानी बिजली ने जमीनी बिजली के उड़ाए इंसुलेटर

केरटू बिजली घर पर आसमानी बिजली गिरने से दोपहर तीन बजे तक बिजली बाधित रही।

**झिंझाना।** तेज हवा के बाद बारिश ने मौसम सुहावना बना दिया, लेकिन आसमानी बिजली की कड़कड़ाहट ने लोगों को डरा दिया। केरटू बिजली घर में आसमानी बिजली ने जमीनी बिजली के इंसुलेटर उड़ा दिए। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। 11 घंटे से पूरे क्षेत्र की बिजली बाधित है। उर्जा निगम के कर्मचारी लाइन पर पेड़ हटाने में लगे हुए हैं। शुक्रवार की सुबह से ही आसमान में काले घने बादल छाए हुए थे। सुबह करीब साढ़े पांच बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरू हुई, जो 9 बजे तक जारी रही है। बारिश के कारण ऊन शामली के टूटे मार्ग पर जलभराव हो गाय, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। इसी बीच बादलों से आसमानी बिजली की कड़कड़ाहट से लोग डर गए। बिजली की आवाज इतनी थी कि हर कोई यह समझा कि पास ही बिजली गिरी। बाद में जानकारी हुई कि केरटू बिजली घर पर आसमानी बिजली गिरने से इंसुलेटर फट गए। दोपहर तीन बजे तक भी बिजली सुचरु नहीं हुई थी, जिस कारण लोगों को सबसे अधिक पानी की किल्लत से झूजना पड़ा। वहीं सुबह के समय हुई बारिश से मौसम सुहावना होने से पड़ रही भयंकर गर्मी से आमजन को राहत मिली, वहीं बारिश होने से बाग मालिक कस्बा निवासी नौशाद खान, अनीस खान आम की फसल में लगे रोग भी काफी हद तक धुलने की संभावना जाता रहे हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से 14 घंटे रही बत्ती गुल

**झिंझाना।** शुक्रवार की सुबह आई तेज बारिश और हवा से जहां गर्मी के मौसम में कुछ राहत महसूस हुई और तापमान में गिरावट देखने को मिली वहीं बिडोली क्षेत्र के 33 केवीए की लाइन पर आकाशीय बिजली गिरने से लगभग 16 इंसुलेटर पंचर हो गए, जिस कारण क्षेत्र की बिजली करीब 14 घंटे बाधित रही। समाचार लिखे जाने तक ऊर्जा निगम के कर्मचारी कार्य में लगे हुए थे। बिजली न आने के कारण लोग पानी से तरस गए। शुक्रवार की सुबह अच्छी बारिश होने से जहां किसानों ने राहत की सांस ली वहीं सुबह के समय तापमान में भी काफी गिरावट देखने को मिली। सुबह हुई बारिश से केरटू बिजली घर पर आकाशीय बिजली गिरने से करीब 16 इंसुलेटर खराब हो गए। गनीमत रही कि आक. ाशीय बिजली गिरने से कोई हताहत नहीं हुआ। बिजली न आने से झिंझाना क्षेत्र के सैंकड़ों गांव की विद्युत आपूर्ति ठप रही, जिससे लोग पानी को तरस गए। समाचार लिखे जाने तक ऊर्जा निगम के कर्मचारी कार्य में लगे हुए थे, लेकिन बिजली की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई थी। अवर अभियंता संजीव सौरभ ने बताया कि







सुबह हुई वर्षा के कारण विद्युत लाइन पर आकाशीय बिजली गिर गई थी जिस कारण से काफी इंसुलेटर पंचर हो गए और कई गांव की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। इंसुलेटर को बदलवा कर नए लगाए जा रहे हैं। जल्दी ही विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

# विधायक प्रसन्न चौधरी ने दिव्यांगों को वितरित किए उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली विधायक प्रसन्न चौधरी ने आज विकास भवन शामली के प्रांगण में दिव्यांगजनों को दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण किए।जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शामली अंशुल चौहान ने अवगत कराया कि नि:शुल्क दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण शिविर में 30 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल,05पांच दिव्यांगजनों को व्हील चेयर व एक दिव्यांगजन को हियरिंग एड प्रदान की गई। इस अवसर पर माद्द विधायक प्रसन्न चौधरी ने सभी दिव्यांगजनों से कुशल क्षेम जाना और उन्हें फूल माला पहनाकर व लंच पैकेट देकर दिव्यांग उपकरण के साथ रवाना किया,दिव्यांगजन इस अवसर पर अत्यंत खुश दिखाई दिए।इस अवसर पर विधायक जी ने अपने संबोधन में



कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांग भाई बहनों को विधायक निधि से सैकडो की संख्या में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल भी वितरित की जा चुकीं है,जल्द ही शेष 80 परसेंट व उससे ऊपर की दिव्यांगता वाले वे दिव्यांगजन जिनके दोनों हाथ सही है,मानसिक स्थिति व .ष्टि सही है और पिछले पांच वर्षों में उसे मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल नहीं मिली है,शिविर लगाकर ऐसे पात्र दिव्यांग. जनों को भी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग हित में चलाई जा रही योजनाओं में विषय में दिव्यांगजनों को अवगत कराया और जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को पात्र लाभार्थीयो को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

# कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित शिव मन्दिर में प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। दिनांक 28 अप्रैल से 2 मई तक विधिवत पूजन के साथ कार्यक्रम हवन पूजन और भण्डारे के साथ संपन्न हुआ। शिव परिवार के साथ ही हनुमान जी, दुर्गा जी गणेश जी की मूर्तियों की स्थापना हुई। यजमान के तौर पर अपर जिला. धिकारी संतोष कुमार सिंह ने रुद्राभिषेक पूजन किया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट के अधिकारियों बार के अधिवक्ताओं के साथ हवन कर पूर्णाहुति की गई। भण्डारे में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु, अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहें।इस अवसर पर जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने सभी को बधाई भी और कहा कि देवों के देव महादेव मन्दिर की स्थापना सभी के जीवन में शुभकारी हो। मंदिर का नामकरण मंगलेश्वर महादेव



मन्दिर अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह द्वारा विचारोंपरान्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी चरत बंसल रहें। कार्यक्रम में उपस्थित शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, एडीएम न्यायिक परमानन्द झा,एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव, एसडीएम ऊन निधि भारद्वाज, संदीप त्रिपाठी,जसपाल सिंह महासर्. चव जिला बार संघ, बिजेंद्र सिंह पूर्व अध्यक्ष, प्रदीप पंवार, मणिकांत शर्मा,राम कुमार वर्मा, प्रदीप चौहान,दिग्विजय सिंह, प्रताप राठौर, मुकेश गर्ग, चन्द्रभान, पाल आदि अधिवक्ता सहित अंकित गोयल, अनुराग शर्मा, पुनीत द्विवेदी, वीना अग्रवाल,रीतू जैन, रीमा गोयल आदि मौजूद रहे।

# बिजलीघर के पास एक फीट पानी, दुकानदारों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गांव चौसाना में शुक्रवार सुबह हुई मामूली बारिश ने लोक निर्माण विभाग द्धर्च्क्क्ष की कार्यशैली की पोल खोल दी। बिजलीघर के पास मुख्य सड़क पर करीब एक-एक फुट पानी भर गया। जलभराव से परेशान दुकानदारों ने मौके पर इकठा होकर प्रदर्शन किया और पीडब्ल्यूडी के खिलाफ नारेबा. जी की।

व्यापारियों का कहना है कि बिडौली-चौसाना मार्ग पर इन दिनों सड़क मरम्मत का कार्य चल रहा है, लेकिन विभाग ने बिजलीघर के पास की सड़क, जो पहले से नीची है, को बिना ऊंचा किए ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया। हालत यह है कि नाले सड़क से ऊंचे बना दिए गए हैं, जिससे मामूली बारिश में भी पानी की



निकासी नहीं हो पाती और पूरी सड़क जलमग्न हो जाती है।

प्रदर्शन में शामिल डॉक्टर सलीम, डॉक्टर मोनू, डॉक्टर मनोज, इमरान, अबरार, अमित, मुकेश, धर्मपाल, शकील, शमशाद, नीटू, परवेज, मोहित, शहजाद, योगेश आदि ने बताया कि यहां जरा सी बारिश होते ही सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाता है। इससे न केवल राहगीरों को परेशानी होती है, बल्कि दुकानों में भी पानी घुस जाता है।

व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने जल्द से जल्द सड़क को ऊंचा करने और जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने का कार्य शुरू नहीं किया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

स्थानीय निवासी परवेज ने कहा, हर साल बरसात में यही हालत होती है। विभाग ने नालियों की ऊंचाई तो बढ़ा दी लेकिन सड़क को वैसे ही छोड़ दिया। ए जनता के साथ मजाक है।

डॉक्टर सलीम बोले, ष्हम डॉक्टर हैं, लेकिन मरीजों को क्लिनिक तक लाना मुश्किल हो गया है। चारों ओर पानी भरा है।

योगेश ने कहा, ष्पीडब्ल्यूडी को पहले यहां पत्थर डालकर सड़क ऊंची करनी चाहिए थी, फिर मरम्मत होती तो आज ए नौबत न आती।

## गंदे पानी से नागरिक हलकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** नगर पालिका क्षेत्र के मौहल्ला जाट कालोनी में इन दिनों गंदा पानी आने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। कई बार नगर पालिका को शिकायत की गई, लेकिन नगर पालिका का इस ओर कोई ध्यान न होने से नागरिकों में रोष व्याप्त है। नगर पालिका परिषद शामली क्षेत्र के मौहल्ला जाट कालोनी में पिछले लंबे समय से नल से गंदा पानी निकलने की समस्या बनी हुई है। नगर पालिका को शिकायत करने के बाद कभी पानी स्वच्छ हो जाता है तो फिर से पानी गंदा निकलना शुरू हो जाता है। पिछले कुछ दिनों से जाट कालोनी में फिर से गंदा पानी आ रहा है। शुक्रवार को कालोनी में नल से काला और गंदा पानी निकलने से लोगों को परेशानियों हुई। उन्होने जल निगम के जेई को मामले की शिकायत की, लेकिन आरोप है कि नगर पालिका द्वारा मामले में कोई सुध नही ली गई। वही नागरिकों का कहना है कि गंदा पानी आने से लोगों का स्वास्थ्य खराब होता है। जिस पर संज्ञान लेने की जरूरत है।

## एक नजर

### नाम बदलकर मंदिर में पुजारी बने हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने पकड़ा

**कैराना।** नाम बदलकर हिमाचल राज्य के एक मंदिर में 30 वर्षों से पुजारी बने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को कैराना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपहरण का मामला दर्ज होने के बाद बाबू संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की निगरानी के लिए गई पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और बाबा बने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को कैराना कोतवाली पुलिस क्षेत्र के गांव गोगवान में हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की निगरानी के लिए गई हुई थी। इसजी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि 30 वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर हिमाचल राज्य में स्थित एक मंदिर में पुजारी बन ऐशो आराम की जिंदगी काट रहा हिस्ट्रीशीटर बदमाश बाबू पुत्र मुख्तियारा गांव में आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम हरकत में आ गई। आनन- फानन में बाबू की तलाश में एक मकान पर छापेमारी की गई तो हिस्ट्रीशीटर बदमाश एक में मकान में मौजूद मिला। पुलिस बदमाश को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। पूछताछ के दौरान हिस्ट्रीशीटर बाबू ने पुलिस को बताया कि उसके खिलाफ कैराना कोतवाली में अपहरण का एक मुकदमा दर्ज है और उसका हिस्ट्रीशीटर नम्बर 96 ए अंकित है। लगभग 30 वर्ष पूर्व वह घर से लापता होकर हिमाचल राज्य के एक मंदिर में पुजारी बन गया था और वहीं रहकर जिंदगी व्यतीत कर रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि बाबू के खिलाफ थाना में अपहरण का एक मामला दर्ज है। जानकारी जुटाने के बाद उसे सपुर्दगी में दे दिया गया है।

### मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज

**कैराना।** बाइक सवार युवक के साथ मारपीट करने व तेजधार हथियार से हमला करके गंभीर घायल करने के आरोप में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। जहानपुरा निवासी जुनैद पुत्र जाबिर ने कोतवाली पर तहरीर देकर मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि ग्राम आल्दी में उसने सहेन्द्र के खेत पर पार्टनरशिप में पलेज लगा रखी है। गत मंगलवार की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे उसका भाई प्रवेज पुत्र जाबिर ग्राम आल्दी में स्थित अपनी पलेज से अपनी मोटरसाईकिल स्पलेंडर प्लस संख्या यूपी 19 एफ 1131 पर सवार होकर अपने घर ग्राम जहानपुरा आ रहा था,जैसे ही वह जहानपुरा के निकट पहुंचा तो तभी रास्ते में उसे चार व्यक्ति मिले। जिन्होंने उसे तमंचा दिखाकर रोक लिया और उसके साथ गाली-गलौच करते हुए लात,घुस्सो से मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त व्यक्तियों ने उसके पेट में चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है,जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने साकिर उर्फ काला पुत्र जाकिर निवासी ग्राम जहानपुरा के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### सभासद के घर में घुसकर फायरिंग करने वाला बदमाश गिरफ्तार



**कैराना।** पुलिस ने सभासद के घर में घुसकर फायरिंग करने के आरोप में हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार देर रात हिस्ट्रीशीटर बदमाश 8नाम धूरी ने मोहल्ला आलकलां के वर्तमान सभासद रईस पुत्र जमशेद अहमद के घर में घुसकर अपने नकाबपोश साथियों के साथ मिलकर फायरिंग कर दी थी। सभासद ने छुपकर बमुश्किल अपनी जान बचाई थी।घटना को अंजाम देकर हिस्ट्रीशीटर साथियों सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खोखा कारतूस भी मौके से बरामद किए हैं। पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।

### मंडावर फायरिंग: दो वांछित गिरफ्तार



**कैराना।** पुलिस ने फायरिंग प्रकरण में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। ज्ञात रहे कि गत 27 अप्रैल को नौशाद पुत्र जीजू निवासी ग्राम मण्डावर द्वारा एक राय होकर घर में घुसकर, गाली- गलौज करते हुए जानलेवा हमला किया गया था। पीड़ित द्वारा घटना के सम्बन्ध में कैराना कोतवाली पर तहरीर देकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में शुक्रवार को कैराना पुलिस द्वारा फायरिंग व जनलेवा हमले में वांछित चल रहे अब्बास उर्फ बासा पुत्र लिसा उर्फ अलीहसन व मोसिम पुत्र अब्बास उर्फ बासा निवासीगण ग्राम मण्डावर को गिरफ्तार करके संबंधित धाराओं में जेल भेजा गया है।

### किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव राझड़ निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 15 वर्षीय पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बेटी बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 2 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिवारजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने रिश्तेदारी व आसपास के इलाकों में भी जानकारी की, मगर बेटी का कोई पता नहीं चला। परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है। पिता की तहरीर पर गढ़ीपुख्ता थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### एथलेटिक्स का ट्रायल 4 मई को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली एथलीट सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि प्रथम उत्तर प्रदेश राज्य किड्स एथलेटिक्स चौंपियनशिप का ट्रायल 4 मई को सुबह 9 बजे उधम सिंह स्टेडियम शामली मे होगा। जिससे चयनित खिलाड़ी सीधे 7 मई को शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे।

### अमरदीप लाठियान का फूलों से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन हाईकमान द्वारा अमरदीप लाठियान को एनसीआर क्षेत्र का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। जिससे कार्यकर्ताओं ने अमरदीप लाठियान का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने संगठन का विस्तार करते हुए अमरदीप लाठियान पुत्र सुरेशपाल को एनसीआर क्षेत्र का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अमरदीप लाठियान को संगठन में उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने से संगठन मजबूत होगा। राजपाल शर्मा ने कहा कि चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की नीतियों को आगे बढाए और संगठन को मजबूत बनाने का काम करे। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने अमरदीप लाठियान का फूल मालाओं से स्वागत किया।

# शॉर्ट सर्किट से गोदाम में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे के मौहल्ला महाजनान में स्थित एक गोदाम में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग लगने से हड़कम मच गया। आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया है। इस अग्नि कांड में लाखों रु का सामान जलकर नष्ट हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार व्यापारी अमित सिंघल पुत्र अशोक सिंघल निवासी मोहल्ला महाजनान मे इलेक्ट्रॉनिक और आइस्क्रीम के सामान गोदाम का गोदाम बना हुआ है। देर रात शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मोहल्ले के लोगों ने गोदाम मालिक को दी। गोदाम मे आग लगने से आस पास लोगो मे हड़कम मच गया। मौके पर गोदाम मालिक भी आ गए और आग लगने की सूचना कोतवाली बेहट पुलिस को दी। पुलिस ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। पीड़ित व्यापारी के मुताबिक इस अग्नि कांड की घटना में पंद्रह लाख कीमत समान जल गए है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष वशिष्ठ गुप्ता, शिफॉउल मलिक, सुमित योगी, गिरधारी झा, मनोज कुमार आदि व्यापारियों द्वारा प्रशासन से पूर्व की तरह तहसील मुख्यालय पर दमकल की गाड़ी तैनात कराने की मांग की गयी है।

# आम के पेड़ से लटककर युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** गांव बम्बयाला के एक युवक ने आम के पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारियों के उत्पीड़न से तंग आकर युवक ने अपनी जीवनलीला समाप्त की है।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली रामपुर मनिहारान के गांव बम्बयाला के लगभग 31 वर्षीय श्रीपाल पुत्र सुखपाल की पत्नी बेबी ने फ्यूजन कम्पनी से समूह लोन लिया था।जिसकी अप्रैल माह की किस्त वह समय पर नहीं दे पाये थे। विगत दिवस कम्पनी के अनुज के साथ ब्रांच मैनेजर व एक अन्य व्यक्ति के साथ बम्बयाला में आये थे। लेकिन घर पर जब कोई नहीं मिला तो श्रीपाल की ससुराल उत्तम बिहार कालोनी बेहट रोड सहारनपुर पहुंच गए। जहाँ परिवार के साथ गलत व्यवहार करने का भी आरोप है। इसके बाद यह फिर से बम्बयाला आये। जिनसे छिपकर श्रीपाल जंगलों में चला गया और बाद में उसकी लाश गाँव के एक बाग में आम के पेड़ से लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई ने फाइनेंस कंपनी के अनुज सहित दो अन्य को नामजद करते हुए तहरीर दी है।

कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस हर पहलू से जाँच कर रही है।जाँच के बाद उचित कार्रवाही की जाएगी।

# भूखी महिला को थाना प्रभारी ने कराया भोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और मानवता की मिसाल पेश की। ग्राम बटनवाला की एक बुजुर्ग महिला अपनी फरियाद लेकर थाने पहुंची, जो दो दिन से भूखी थी। थाना प्रभारी ने तुरंत उनकी बात सुनी और जब भूख की बात पता चली, तो बिना देर किए गरम भोजन का इंतजाम कर महिला को खाना खिलाया। इस नेक कार्य के लिए बुजुर्ग महिला ने उन्हें दिल से दुआएं और आशीर्वाद दिया।

जानकारी के मुताबिक, महिला अपनी समस्या लेकर थाना फतेहपुर आई थी। बातचीत में थाना प्रभारी को उनकी भूख की स्थिति का पता चला। धर्मेंद्र कुमार ने तत्काल अपने स्टाफ को खाना लाने का निर्देश दिया। कुछ ही देर में गरम भोजन उपलब्ध कराया गया, जिसे खाकर महिला के चेहरे पर राहत और कृतज्ञता के भाव झलके। महिला ने थाना प्रभारी की इस संवेदनशीलता की सराहना की और उन्हें ढेर सारी दुआएं दीं।

यह पहला मौका नहीं है जब धर्मेंद्र कुमार ने मानवता का परिचय दिया हो। इससे पहले भी वे वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराते, दीपावली पर गरीबों के साथ उत्सव मनाते और जरूरतमंदों की हरसंभव मदद करते नजर आए हैं। उनकी इस पहल की इलाके में खूब चर्चा है। स्थानीय लोग इसे पुलिस की मानवीय छवि का शानदार उदाहरण मानते हैं।

थाना प्रभारी ने कहा कि लोगों की मदद उनकी प्राथमिकता है। इस घटना ने साबित किया कि पुलिस न केवल कानून की रक्षक है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के लिए सहारा भी बन सकती है।

# 11 केन्द्रों पर होगी नीट परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में नीट यूजी-2025 परीक्षा का आयोजन 4 मई को 11 परीक्षा केन्द्रों पर कराया जाना प्रस्तावित है।

परीक्षा में काफी संख्या में परीक्षार्थियों के प्रतिभाग किये जाने की सम्भावना है। इसलिए परीक्षा के सफल संचालन के दृष्टिगत सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अत: 4 मई को आयोजित नीट यूजी-2025 परीक्षा के दृष्टिगत सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित दैवी आपदा कक्ष को कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।

# थानाध्यक्ष को स्काउट गाइड ने दी सलामी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** तेजस इंटरनेशनल स्कूल के स्काउट एंड गाइडस ने संगठन के जिला कमिश्नर गौरव सिंह के नेतृत्व में थानाध्यक्ष रमेश चंद सिंह को सलामी देकर एंव बैज पहनाकर सम्मानित किया।

थानाध्यक्ष ने स्काउट एंड गाइडस को स्काउट गाइड का महत्व, अनुशासन के प्रति जागरूक, वर्दी का महत्व तथा दायित्व संबधी अनेक जानकारियां दी। संगठन के जिला कमिश्नर गौरव सिंह, प्रधानाचार्य हेमंत अरोड़ा ने बताया कि स्काउट गाइड एक ऐसा संगठन है जो आत्मनिर्भरता के प्रति छात्रों को जागरूक करता है एवं किसी भी प्राकृतिक आपदा के चलते एक वालंटियर के रूप में स्काउट एंड गाइड को देश की सेवा करने का मौका मिलता है। स्काउट एंड गाइड के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होता है। अपनी विभिन्न राष्ट्र हित गतिविधियों से देश निर्माण में अपनी भागीदारी भी निभाते हैं।

# विकास कार्यों की खिल्ली उड़ा रहा नगर पंचायत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में बिना फ्रीजर के रखा वाटर कूलर का खाली खोखा ओर ना जलने वाली हाई मास्क लाईट नगर पंचायत सुलतानपुर चिलकाना के विकास कार्यो की खिल्ली उड़ाते हुए नजर आ रहे है।

बतातें चले कि नगर पंचायत सुलतानपुर चिलकाना में गली मोहल्लों में लगी सोलर लाईटों से गायब हुए बैंट्रों का तो आज तक पता ही नही चल पाया, इसके अलावा निकाय की ओर से कस्बे वासियों व राहगीरों को उमस भरी गर्मी में प्यास से निजात दिलाने के लिए लगाये गये वाटर कूलरों के अधिकतर फ्रिज भी बन्द पडे हुए हैं। जिनमें से मौहल्ला मजहर हसन में आयशा मस्जिद के निकट लगे हुए एक वाटर कूलर का फ्रीजर लगने के कुछ दिन बाद ही गायब हो गया था। जिसके चलते यह वाटर कूलर आज मात्र शोपीस बनकर रह गया है।

अब सवाल यह बनता है कि आखिर यह फ्रीजर गायब कहां हुआ है। आस पास के लोगो से जानकारी की गई तो उन्होने बताया है कि यह वाटर कूलर लगने के कुछ दिन पश्चात ही खराब हो गया था। जिसको रिप्लेसमेंट करवाने के नाम पर यहां से उठाकर ले जाया गया था। लेकिन दोबारा फ्रिज वापस यहां नही लगाया गया है। यह फ्रीजर कहां गया है इसके बारे में कोई जानकारी आस पास के लोगों को नही है।

वहीं मोहल्ला मजहर हसन में ही आयशा मस्जिद के निकट लगी हाई मास्क लाईट भी काफी दिनों से बन्द पडी हुई है। जो कि नगर पंचायत के विकास कार्यों की खिल्ली उडाती हुई नजर आ रही है।

बड़ा सवाल यह बनता है कि क्या नगर पंचायत के पास इतना भी बजट नही है जिससे कि इन वाटर कूलर व स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत ही करा सके?

# मैक्स व पिकअप की भिड़ंत



**गागलहेड़ी।** हिंडन नदी के पुल पर ट्रक और मेक्स पिकअप की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गए जिससे सड़क पर लम्बा जाम लग गया।पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुँचाया व जाम को खुलवाकर वाहनों को चालू किया।

शुक्रवार को गागलहेड़ी में हिण्डन नदी के पुल पर ट्रक व मैक्स पिकअप की आमने सामने से टक्कर हो गई हादसे में मेक्स पिकअप का चालक फहीम निवासी सहारनपुर गंभीर रूप से घायल हो गया और परिचालक को हल्की छोटे आई है, दोनों घायलों को पुलिस ने राहगीरों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है ।हादसे के बाद सड़क पर लम्बा जाम लग गया, पुलिस ने हाइडरे की मदद से दोनों वाहनों को साइड में लगवाकर यातायात को सुचारु कराया गया है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर समागम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में राष्ट्र सर्वोपरि कार्यक्रम के अंतर्गत एक राष्ट्र-एक चुनाव सामाजिक एवं प्रभुद्ध समागम का आयोजन किया गया। अनेक स्कूलों के छात्र व छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कुंवर बृजेश सिंह राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, कुंवर शेखर विजेंद्र कुलाधिपति शोभित विश्वविद्यालय, पद्मश्री सेठपाल, ईश्वर दयाल गोयल ने मां सरस्वती एवं बाबू विजेंद्र कुमार की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कुलाधिपति ने कहा कि यह प्रस्ताव भारतीय राजनीति और चुनावी प्रक्रिया के भविष्य को आकार देने के संदर्भ में अहम है। इस विच. ारशील दृष्टिकोण से यह माना जा सकता है कि अगर देश में एक साथ चुनाव होते हैं, तो न केवल वित्तीय बल्कि प्रशासनिक संसाधनों का भी बेहतर उपयोग होगा। चुनावी आयोजनों के दौरान होने वाले कार्यों में निरंतरता और स्थिरता बनी रह सकती है, जिससे आम जनता को अनेक लाभ होगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर एक व्यापक और गहरी चर्चा की आवश्यकता है, जिसमें समाज, राजनीतिक दल और विशेषज्ञ मिलकर इस प्रस्ताव के लाभ और हानियों पर विचार करें, ताकि इसे समाज के हर वर्ग के लिए लाभकारी बनाया जा सके। इस प्रकार के चुनावों के लिए समाज में एक बड़ी जागरूकता की आवश्यकता होगी। लोगों को यह समझना होगा कि यह बदलाव किस प्रकार का परिवर्तन ला सकता है। विधायक किरत सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव पर पूरी तरह से विचार करने और इसके संभावित फायदे और नुकसानों को समझने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस प्रक्रिया से न केवल प्रशासनिक खर्च कम हो, बल्कि लोकतंत्र की विविधता और राज्य सरकारों की स्वायत्तता को भी बनाए रखा जाए। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्र व छात्राओं सहित ईश्वर दयाल गोयल, मनोज गोयल, रविशंकर, मनीष, प्राधानाचार्य संजय गुप्ता, श्रवण शर्मा पत्रकार, अध्यापक संजय गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किए।

# हादसे में महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर दून कॉलेज सुन्दरपुर के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि यह हादसा अनियंत्रित ट्रक से बाइक सवार को लगी जोरदार टक्कर से हुआ है, जिसमें बाइक पर सवार महिला और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल महिला को सीएचसी फतेहपुर के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना बिहारीगढ पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे देहरादून से बाइक पर सवार होकर अपने गांव जयंतीपुर पिलखनी लौट रहे दम्पति को दून कालेज सुन्दरपुर के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मारकर सड़क पर गिरा दिया, इस दौरान बाइक सवार महिला सुषमा देवी पत्नी श्रवण कुमार और दो बच्चे तथा बाइक चला रहा श्रवण कुमार भी घायल हो गए जिन्हें उसी वक्त राहगीरों ने प्राथमिक इलाज के लिए फतेहपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने महिला सुषमा (38वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों घायल बच्चों सहित श्रवण कुमार का उपचार चल रहा है।

उक्त सड़क हादसे की सूचना मिलते ही तुरन्त बिहारीगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उसके बाद फतेहपुर सीएचसी पहुंचकर मामले की जांच उपरांत कार्रवाई में जुट गई, पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना बिहारीगढ पुलिस टीम इस हादसे के आरोपी ट्रक और उसके चालक की गहनता से तलाश कर रही है।

# खोदी गई सड़कें बनी परेशानी

**गंगोह।** मोहल्ला छत्ता स्थित रामबाग रोड में जल निगम द्वारा पेयजल पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं।

खुदाई के दौरान कई जगहों पर पाइप लाइन टूटने से उसमें छोटा हाथी डीजे की गाड़ी भी धंस गई, जिस बामुश्किल लोगों ने खासी मशक्कत के बाद निकाला। इसके अलावा छोटे वाहन फंसने से स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड रही है, वही चक्का जाम की नौबत बन रही है। धूल-मिट्टी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। दुकानदार भी परेशान है। यह हाल केवल रामबाग रोड का ही नही पदम सिनेमा रोड व अन्य सडकों के भी यही हाल है। जिसके लिए एक साथ ही एक मुख्य मार्ग का पूरा कार्य पुर्ण कराना चाहिए।

# मुख्य अभियंता से मिले व्यापारी



**सहारनपुर।** विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के विरोध में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल आज मुख्य अभियंता इंजीनियर राजेश कुमार से मिला और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने समस्याओं के समाधान का आश्वा. सन दिया।

आज पश्चिम व्यापारी एकता व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी प्रदेशाध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा, प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारती भानु के नेतृत्व में मुख्य अभियंता इंजीनियर राजेश कुमार के कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने मुख्य अभियंता से मुलाकात कर उन्हें विद्युत विभाग द्वारा हो रहे व्यापारियों के उत्पीड़न सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है तथा व्यापारियों ने शिकायती पत्र देकर अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। चीफ इंजीनियर राजेश कुमार ने ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के पश्चात व्यापारियों को पूर्ण आश्वासन दिया किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न विभाग द्वारा नहीं किया जाएगा। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार, जिलाध्यक्ष विनय जैन, सनी, विजय मल्होत्रा, नगर महासचिव सुशील काम्बोज, संतु शर्मा, प्रवीण जग्गा, प्रदेश उपाध्यक्ष अजमत अली, बिजेंद्र गुप्ता, सुशील काम्बोज, हाजी शमशेर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# बैंड बाजे के साथ मूर्तियों की निकाली नगर यात्रा



**गंगोह।** मोहल्ला गुजरान स्थित भूमिया खेड़ा परिसर स्थापित होने वाली मूर्तियों की नगर यात्रा ढोल, बैड़ बाजे व डीजें के साथ निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालु झूमते नजर आए। जगह-जगह पुष्प वर्षा भी की गई।

भूमिया खेड़ा परिसर में पवन पुत्र हनुमान, शनि शिला, महा काली, बाबा गोरक्ष नाथ, मां अन्नपूर्णा व गौ माता की मूर्तियां स्थापित होनी है इसके लिए छह दिन से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चल रहा है। इसी क्रम में शनिवार को स्थापित होने वाली मूर्तियों की नगर यात्रा निकाली गई। मंदिर से यात्रा ढ़ोल-ढ़माकों के साथ आरंभ की गई। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापिस मंदिर पर ही समाप्त हुई। यात्रा में श्रद्धालु झूमते नजर आए। जगह-जगह पुष्प वर्षा भी की गई। इससे पूर्व झंडा पूजन कर व ज्योति प्रज्ज्वलित कर नगर यात्रा का आरंभ भी शामली से आए मनीष चौहान ने किया। विजय पाल,, विवेक कुमार, संदीप कुमार, विकास कुमार, सुंदर लाल, अरविंद कुमार,, रोहन, सुरेश पाल राणा, चौ. रफल सिंह, चौ. शक्ति सिंह, मुन्ना लाल, सुलेख चंद उर्फ पप्पु, देवी सिंह, अरविंद कश्यप व अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे। शुक्रवार को कार्यक्रम का आरंभ प्रात काल की पूजा से हुआ। इस दौरान का पंचामृत से अभिषेक किया गया तथा 1008 बेल पत्र से पूजा की गई। आचार्य अनुज आत्रेय के निर्देशन में चल रही पूजा में देवताओं को शैय्याधिवास कराया गया। शनिवार को जन कल्याण यज्ञ का आयोजन कर मूर्तियों को विधिवत स्थापित कर दिया जाएगा।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र फरमान को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**लियाकत पुत्र नत्थू खां निवासी गांव धर्मपुर सरावगी थाना देवबंद जनपद सहारनपुर।**

# लायन्स क्लब की नई टीम का गठन




**सहारनपुर।** लायन्स क्लब सेंट्रल की नव लायन वर्ष 2025-26 की नई टीम का चयन किया गया जिसमें ला. संजय लूथरा को अध्यक्ष, ला. मनजीत सिंह को सचिव व ला. अमित शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

देर रात्रि जीपीओ रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित क्लब के पूर्व अध्यक्षों की बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया। क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष संजय लूथरा ने बताया कि उनके क्लब द्वारा समाज के प्रति अपना कर्तव्य दिखाते हुए वृक्षारोपण, गरीबों को भोजन के लिए राशन का वितरण, निर्धन कन्या विवाह, निर्धन व्यक्तियों की आंखों के नि:शुल्क ऑपरेशन, स्कूलों में बच्चों को स्टेशनरी, फीस, ड्रेस का वितरण आदि सेवा कार्य मुख्य रूप से किए जाएंगे।

इस अवसर पर अध्यक्ष संजय भसीन, सचिव मंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा, डी. एस. जुनेजा, हरप्रीत सिंह गोगिया, एस. के. आहूजा, मनीश वालिया, चरनजीत सिंह, सुनील पुरी, कंवर दीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस के हमलावरों को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से हमला करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से अवैध असलाह भी बरामद किया गया है।

पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली कि ग्राम नागल गुर्जर में दो पक्षों मे जमीन के विवाद को लेकर झगड़ा हो रहा है। कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित के नेतृत्व मे पुलिस मौके पर पहुंची तो अवैध असलाह लेकर आपस मे बलवा कर रहे दोनो पक्षो द्वारा पुलिस टीम पर भी जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने एक पक्ष के सोनित, ललित, सतबीर तथा दूसरे पक्ष के सुमित, सतीश व पदम निवासीगण ग्राम जानखेड़ा को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देशी तमंचे, एक नाल में फंसा खोखा, एक जिंदा कारतूस, एक मसक्ट, नाल में फंसा खोखा, दो फरसे व एक लाठी बरामद की है। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ संगीन धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। बताया गया है कि दोनों पक्षों के बीच 27 बीघा जमीन के बैनामे व कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। एक पक्ष के सुमित, सतीश व पदम ने दूसरे पक्ष के सोनित, ललित व सतबीर की बरसी की फसल मे ट्रैक्टर चलाकर खुर्द बुर्द कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष योजना के तहत तमंचो व धारदार हथियारो लाठी डंडों से लैस होकर खेत पर गये थे। यहां दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से मारपीट व फायर किया था।

इस मौके पर पुलिस द्वारा पकड़े जाने के डर से उन्होंने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया था।

# प्रभा ज्ञान ज्योति स्कूल के स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का 15 वां स्थापना दिवस के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। अंत में आरती के दौरान सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने दीपों की रोशनी में सामूहिक भजन गायन किया।

स्कूल परिसर में प्रधानाचार्या शालू चौधरी ने विद्यालय के सभी अध्यापक व छात्र छात्राओं के साथ यज्ञ में आहूति दी। शांति पाठ व पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन हुआ। अंत में आरती के दौरान सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने दीपों की रोशनी में सामूहिक भजन गायन किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सभी छात्र छात्राएं व अध्यापकगण मौजूद रहे।

# झंडा उतारने के प्रयास की जांच अनुशासन समिति को सौंपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** एक दिन पूर्व सडक से एक छात्रा द्वारा पाकिस्तान का झंडा उतारने के प्रयास वाले मामले में स्कूल प्रबंधन ने मामले की जांच स्कूल की अनुशासन समिति को सौंप दी है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बुधवार तीसरे पहर एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद क्रांति सेना ने कार्रवाई की मांग की थी। संबधित वीडियो में एक छात्रा सडक पर लगे एक एक पोस्टर को उतारने का प्रयास कर रही थी। क्रांति सेना का आरोप था कि सडक पर पाकिस्तान का झंडा चिपका हुआ था जिसे छात्रा उतारने का प्रयास कर रही थी। जिला अध्यक्ष नीरज रोहिला ने संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य को ज्ञापन देकर छात्रा को स्कूल से बाहर करने की मांग की थी। मामले के संबंध में स्कूल प्रबंधक आदेश गर्ग ने कहा कि स्कूल प्रबंधन को मामले की कोई जानकारी नहीं है। प्रबंध समिति द्वारा मामले की जांच स्कुल की अनुशासन समिति को सौंप दी है। छात्रा हाई स्कूल की छात्रा है तथा अभी उसका रिजल्ट अभी नहीं आया है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**अंबेहटा।** चौकी प्रभारी आजाद सिंह ने आज पुलिस टीम के साथ गश्त चैकिंग करते हुए एक मुकदमे में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

# राजेश की हत्या किए जाने की हुई पुष्टि

## खुलासे के लिए एसएसपी ने टीमों का किया गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संदिग्ध परिस्थितियों में राजेश का शव खेत में पेड़ पर लटका मिला था। शुक्रवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर बाद में शव को फंदे से लटका कर मृतक राजेश की हत्या किये जाने की पुष्टि होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने खुलासा किये जाने के लिए एसओजी एवं सर्विलांस समेत पांच टीमों का गठन किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जडौदा जट्ट निवासी 42 वर्षीय राजेश खेत में पानी चलाने गया था। बाद में उसका शव प्रदीप राणा के खेत में एक पेड़ पर फंदे से लटका मिला था। उसके दोनों पैर भी बंधे हुए थे। जिसको लेकर परिवार के लोगों ने उसकी हत्या की आशंका जताई थी। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने गांव पहुंच कर घटनास्थल की जांच की थी। जबकि शव को मोर्चरी भिजवा दिया था। देर रात राजेश का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के साथ ही गुस्साए ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। उनकी मांग थी कि पुलिस पहले राजेश के हत्यारे को गिरफ्तार किया जाए। एसडीएम युवराज सिंह और सीओ रविकांत पाराशर के काफी देर समझाने के बाद ग्रामीण उचित कार्रवाई के आश्वासन पर शांत हुए।

**खुलासे के लिए लगाई गईं पांच टीमें**
पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राजेश की हत्या गला दबाकर करने की पुष्टी हुई है। खुलासे के लिए एसओजी एवं सर्विलांस समेत पांच टीमों को काम पर लगाया गया है। बिसरा को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। सागर जैन, पुलिस अधिक्षक ग्रामीण सहारनपुर।



मृतक का फाईल फोटो

# मेला समाप्ति पर आयोजकों व दुकानदारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेला गुरुवार की रात संपंन हो गया। हालांकि इस बार मेला पंडाल में कुछ संगटनो के विरोध के कारण कव्वाली का नहीं होना एवं ऑल इंडिया मुशायरे का स्थगित किये जाने के चलते विवाद का सबब बना।

नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में होने वाला श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले का बीती 10 अप्रैल को शुभारंभ होने के बाद गुरुवार शाम समापन समारोह का आयोजन कर मेले को समाप्त करने की घोषणा की गई। मेला कैंप में गुरुवार शाम को मेला चेयरमैन पति श्याम चौहान कार्यक्रम आयोजको एवं दुकानदारों को प्रशस्ति पत्र देकर मेला समापन की घोषणा की। सां. प्रदायिक सौहार्द के लिए देश में अपनी विशिष्ठ पहचान रखने वाले श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी में सभी वर्ग के लोगों 21 दिन आनंद मेले की भव्यता जरुर बढ़ाई। लेकिन मेले का समापन होते होते आल इंडिया मुशायरा और कव्वाली का मुकाबल नहीं होने देने के कारण सांपद्रायिक रंग की भेंट चढ़ गया।

हालांकि कव्वाली कार्यक्रम को तो आयोजकों ने मेला पंडाल ही नहीं मेला परिसर से बहुत दूर जाकर कार्यक्रम करा भी लिया। लेकिन मुशायरा आयोजकों ने मुशायरा स्थगित कर दिया। जिसका दुरागामी परिणाम आगामी मेले में देखने को मिल सकता है।



**देवबन्द।** मेला कैम्प में आयोजित समापन समारोह में दुकानदारों को सम्मानित करती मेला चेयरमैन महक चौहान

# मेघावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिया इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त कर स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मौहल्ला किला स्थित इस्लामिया इण्टर कॉलेज में आयोजित समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अरशद जमा ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा में जोया ने 81.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, अलीना 80.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और वलिया ने 78.6 अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हाईस्कूल में मोहम्मद अरहम ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। जिसे विशेष सम्मान से नवाजा गया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय हे बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी प्रेरणादायक है। कॉलेज के प्रबंधक रिजवानुलहक ने कहा कि इस ऐतिहा. सिक सफलता पर विद्यालय परिवार बधाई का पात्र है। कहा कि इस वर्ष इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 94 प्रतिशत और हाईस्कूल का परीक्षाफल 98 फीसदी रहा। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



# सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवाएं देने के लिए सेवानिवृत्त शिक्षको को प्रशस्ति पत्र एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

मौहल्ला ख्वाज बख्श स्थित स्व. असरार अहमद मसूदी उर्फ पटवारी जी के निवास पर आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा विभाग से सेवा. निवृत्त हुए सय्यद वजाहत शाह और सरवर उस्मानी को प्रशस्ति पत्र एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित करने के उपरांत नगर सुरक्षा शांति समिति के अध्यक्ष अंसार मसूदी ने कहा सय्यद वजाहत शाह और सरवर उस्मानी ने 30 वर्षों तक शिक्षा क्षेत्र में ईमानदारी से जो सेवा दी है वह सराहनीय है उन्होने कहा कि यह सेवानिवृत्त होने के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देते रहेंगे ताकि लोगो को लाभ मिल सके। सय्यद वजाहत शाह ने कहा कि अन्सार मसूदी ने जो सम्मान हम लोगो को दिया हैं इसके लिए हम उनके आभारी हैं जिसको कभी भुलाया नहीं जा सकता उन्होने कहा मसूदी साहब ने जो उम्मीद हम लोगो से कि है हम उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगें इस अवसर पर असद सिद्दीकी ,खुर्शीद अहमद, नजम अहमद, शाह फैसल मसूदी, फाहद मसूदी आदि लोग शामिल रहे कार्यक्रम का संचालक नबील मसूदी ने किया।



# इस्लाम में फिजूलखर्ची की नहीं हैं इजाजत: गौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने मुसलमानों द्वारा शादियों में डीजे बजाने, आतिशबाजी करने, दहेज और नाचने गाने समेत फिजूलखर्ची को शरीयत और इस्लामी शिक्षा के खिलाफ बताया है। उन्होंने मुस्लिम समाज से इस प्रकार की कुरीतियों से दूर रहकर शरीयत के हुक्म के मुताबिक रस्तों को करने का आह्वान किया है।

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इस्लाम में निकाह को जितना आसान बनाया गया है, आज लोगों ने उसे उतना ही मुश्किल कर दिया है। शादियों में डीजे बजाना, नाच गाना करना, दहेज प्रथा और फिजूलखर्ची करना आम बात हो गई है। जबकि शरीयत और इस्लामी शिक्षा में इसकी सख्ती के साथ मनाही है। क्योंकि इस प्रकार की रस्मों को अंजाम दिए जाने से गरीब आदमी के लिए बेटियों को रुख्सत करना बेहद मुश्किल हो गया है। मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने मुस्लिम समाज से आह्वान किया कि वह शादियों समेत सभी कार्य शरीयत के हुक्म के मुताबिक करें। फिजूलखर्ची से बचें और निकाह को आसान बनाए। ताकि गरीब लोग भी बेटियों को खुशी खुशी विदा कर सकें।

# महाविद्यालय में आचार्य के नाम पर रखी दो कक्षों की आधारशिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज में क्षुल्लक रत्न कर्मयोगी 105 समर्पण सागर महाराज के पावन सानिध्य में महाविद्यालय में संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महाराज छोटे बाबा कक्ष तथा संस्कार प्रणेता आचार्य 108 सौरभ सागर महाराज के नाम पर दो कक्षों की आधारशिला रखने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शुक्रवार को महाविद्यालय के भगवान महावीर सभागार में सकल जैन समाज के अध्यक्ष आलोक जैन, आशीष जैन, मोहित जैन, वीरेश जैन, पंकज जैन, वैभव जैन, डा। रितु जैन, डा। मृदुला जैन, अर्चना जैन, तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष नवनीत जैन, प्राचार्य डा। सुधीर कुमार, डीन डा। भूपेंद्र कुमार ने मां सरस्वती के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्य विद्यासागर और आचार्य सौरभ सागर के व्यक्तित्व के बारे में बताया। सकल जैन समाज के अध्यक्ष आलोक जैन ने कहा कि महाविद्यालय में जैन महापुरुषों के नाम पर कक्षाओं का निर्माण होने से सभी छात्र-छात्राओं को महापुरुषों की जीवन गाथा से प्रेरणा मिलेगी। मोहित जैन ने कहा कि विद्यालय के छात्र छात्राएं, इन महापुरुषों के विचारों को अपने जीवन में उतरने की कोशिश करेंगे। क्षुल्लक रतन कर्मयोगी 105 समर्पण सागर महाराज ने कहा की महाविद्यालय में संतों के नाम पर कक्षाओं का निर्माण मिल का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर शरद जैन, सचिन जैन भगत जी, विकास जैन, रवि जैन, सुदेश जैन, राजेश जैन, डा। प्रताप कुमार, निर्भय सिंह, कुणाल सिंह, धीरेंद्र कुमार, डा। बबली, डा। मुकेश कुमार, गिरीश नारायण यादव, अर्शी खान, विनय जैन, अरविंद, संजीव कुमार आदि शामिल रहे।



# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महिला कल्याण विभाग के मिशन शक्ति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत विद्यालय की बालिक. ाओं को जागरुक किया गया। इस दौरान कुमारी भारती व उनकी साथी नीलम सैनी ने कहा कि आधुनिक समय में भी हमारे देश की बेटियां बाल विवाह के दुष्प्रभाव से पीड़ित है यदि 18 से कम उम्र की बालिका का विवाह किया जाए तो वह उसके लिए प्राण घातक होता है। इसकी रोकथाम के लिए यदि आपको कोई सूचना मिलती है तो आप 1098, 112, 181 नंबरों पर तुरंत सूचना दे सकती हैं। वन स्टॉप सेंटर की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा पीड़ित महिला को वन स्टॉप सेंटर में 5 दिन का अल्पावास तथा सभी चिकित्सा से संबंधित सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उसकी समस्या का निवारण करने का पूर्ण प्रयास किया जाता है। उन्होंने बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करने में सहयोग देने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, अमित कुमार, गीता रानी, कविता रानी, अनीता रानी, वंदना रानी, मोनिका रानी, दिव्या रानी, नीलम रानी, विकास कुमार, अश्विनी कुमार, सुरभि रानी, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## तेज हवाओं से व्यवस्थाएं ठप

**ऊन।** शुक्रवार सुबह मौसम में आए बदलाव के कारण क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ वर्षा हुई वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आई तथा जिन किसानों के गेहूं नहीं कटे हैं उन्हें नुकसान होने की संभावना हो गई है कई दिनों से पूरब दिशा की हवा चल रही थी बृहस्पतिवार शाम को तेज गति से तूफान आना शुरू हुआ तथा आसमान में घने काले बादल छा गए बादलों की गडगडाहट के बाद शुक्रवार सुबह तेज हवाओं के साथ वर्षा हुई जिससे मौसम में ठंडक आ गई तापमान में गिरावट देखी गई तथा गेहूं की कटाई से उत्पन्न धूल के कण वर्षा के कारण साफ हो गए कुछ किसानों का गेहूं अभी तक कटा नहीं है उन्हें नुकसान होने की संभावना बन गई है इसके अलावा जिन किसानों ने गन्ने की बुवाई हेतु पलेवा कर रखा है।

# तहसील में नहीं पीने का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** सरकार एक और जहां स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए योजना चला रही है वहीं तहसील कार्यालय पर फरियादियों को पीने का पानी भी मयस्सर नहीं है तहसील कार्यालय पर रखे दो वाटर कूलर खराब पड़े हैं लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सरकार प्रत्एक व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए गांव गांव में टंकियां का निर्माण कर रही है जिससे कि जनता को स्वच्छ व शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके लेकिन तहसील में आम जनता व फरियादियों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है तहसील कार्यालय पर दो वाटर कूलर लगे हैं जो कई महीनो से खराब पड़े हैं यह हाल तब है जब अधिकारियों के पास धन उपलब्ध है खतौनी से होने वाले आय को तहसील में जनता की मूलभूत सुविधाओं पर खर्च करने का अधिकार है रोजाना करीब रु. 3000 खतौनी की नकल देने से प्राप्त होते हैं लेकिन अधिकारी वाटर कूलर ठीक नहीं करा रहे हैं तथा मूलभूत सुविधाओं को आए धन का भी दुरूपयोग किया जा रहा है ।पीने का पानी उपलब्ध न होने के कारण कर्मचारी व फरियादी पीने के पानी को तरस रहे हैं इस संबंध में तहस. ीलदार मृदुला दुबे ने बताया कि वाटर कूलर खराब है एक-दो दिन में ठीक करा दिया जाएगा।



# गन्ना अधिकारी ने किया गन्ना विकास समिति का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** जिला गन्ना अधिकारी ने शासन द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर सहकारी गन्ना विकास समिति का निरीक्षण किया निरीक्षण उपरांत रंगाना में किसान द्वारा सह फसली खेती का निरीक्षण किया तथा किसानों से सहफसली खेती को अपनाने पर बल दिया। जिला गन्ना अधिकारी रंजीत कुशवाहा ने शासन द्वारा निर्धारित 44 बिंदुओं पर सहक. ारी गन्ना विकास समिति का निरीक्षण किया निरीक्षण में लेखा विभाग जिसमें लेजर बुक, कैश बुक, बैंक स्टेटमेंट आदि की जांच की गई इसके अलावा किसानों को खाद व दवाई आदि उपलब्ध कराने व किसानों को गन्ना बीज आदि की जानकारी ली गई। बाद में गांव रंगाना में पहुंचकर किसान नीटू के खेत में गन्ना व मक्का की सहफसली खेती का निरीक्षण किया उन्होंने किसानों से सह फसली खेती अपनाने पर बल दिया जिससे किसानों की आय बढ़ेगी। निरीक्षण के दौरान समिति के सचिव अजीत कुमार सिंह समेत सभी कर्मचारी मौजूद रहे इस संबंध में जिला गन्ना अधिकारी रंजीत कुशवाहा ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित 44 बिंदुओं पर जांच की गई है।

# व्यवस्था: अल्ट्रासाउंड कराने गई महिला को मिली एक माह बाद की तिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में शुक्रवार को चिकित्सकों की लापरवाही से परेशानियों का सामना करना पडा। एक तरफ जहां गंभीर रूप से चोटिल व्यक्ति को पटटी कराने के लिए करीब चार घंटे प्रतीक्षा करनी पडी वही अल्ट्रासाउंड कराने कराई एक वृद्ध महिला को एक बार फिर एक माह की लंबी तिथि दी गई, जिससे बीमार वृद्ध महिला को परेशानी का सामना करना पडा। शामली क्षेत्र निवासी नौशाद एक सडक दुर्घटना में घायल हो गया था। जो अपने परिजनों के साथ शुक्रवार सवेरे करीब 9 बजे पटटी कराने के लिए जिला अस्पताल पहुंचा था, लेकिन इमरजेंसी में डॉक्टर न होने के कारण उसके सिर पर पटटी नही हो सकी। नौशाद ने बताया कि दोपहर एक बजे तक उसको इमरजेंसी के बाहर बैठाए रखा। कई बार अंदर जाकर सिर पर पटटी करने की गुहार लगाई गई तो वहां मौजूद कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यावहार करते हुए उसको बाहर निकाल दिया गया। वही 70 वर्षीय मूर्ति देवी ने बताया कि गत 2 अप्रैल को वह अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आई थी, जिसको एक माह की तिथि देकर लौटा दिया था। शुक्रवार को वह पेट दर्द से परेशान होकर दोबारा अल्ट्रासाउंड कराने पहुंची तो उसको एक बार फिर 27 मई की तिथि दे दी गई है। जबकि वह काफी परेशान है। वृद्धा ने जिला प्रशासन से मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।



# आतंकवाद के खिलाफ हो निर्णायक कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या पर थानाभवन नगर में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों की एक बैठक में गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। ठाकुर द्वारा मंदिर में आयोजित बजरंग दल की बैठक में वक्ताओं ने इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आतंकवाद और उसके सरंक्षक तत्वों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की मांग की। बैठक में बजरंग दल की पदा. धिकारी शालू राणा ने कहा कि पहलगाम में हाल ही में हुए हमले ने न केवल देश को झकझोर कर रख दिया है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि 26 निर्दोष पर्यटकों को उनकी जाति और धर्म पूछकर गोलियों से छलनी कर देना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि यह मानवता पर सीधा हमला है। विश्व हिंदू परिषद के मठ-मंदिर प्रमुख भारत भूषण शर्मा ने कहा कि अब केवल आतंकियों को मारना काफी नहीं है। उनके संरक्षक, समर्थनकर्ता और पनाह देने वालों को भी जड़ से खत्म करना होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह इस हमले को एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर, ठोस और निर्णायक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष को भी इस समय राजनीतिक मतभेद छोड़कर राष्ट्रहित में सरकार का साथ देना चाहिए। आतंकवाद को केवल सीमित क्षेत्र में रोकने की बजाय, उसकी जड़ों पर प्रहार कर समूल नाश किया जाना चाहिए कृ चाहे वह जड़ें देश के भीतर हों या सीमा पार। राकेश काम्बोज ने कहा कि भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने भले ही बीते वर्षों में कई सफल अभियान चलाए हों, पर अब समय है कि इन अभियानों को और भी व्यापक और स्थाई बनाया जाए। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली विचारधारा, प्रशिक्षण शिविर और आर्थिक सहायता नेटवर्क पर सीधा प्रहार जरूरी है।व्यापारी सुधीर गर्ग ने कहा कि समाज और मीडिया को भी इस लड़ाई में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने चेताया कि आतंकवाद को किसी जाति या धर्म से जोड़ने की भूल नहीं करनी चाहिए, बल्कि इसे मानवता का दुश्मन मानकर सभी को एकजुट होकर इसका मुकाबला करना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से यह मांग उठी कि केंद्र सरकार आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक युद्ध छेड़े, ताकि भविष्य में कोई भी निर्दोष व्यक्ति अपनी जान न गंवाए। बैठक में संजय राणा, विन्नी राणा, संजय कश्यप, लवी राणा, सुशील कुमार समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।



**NOTICE**

I **NAZISH PARVEEN** W/o **GULSHER** R/o Vill. Nanhera Buddakhera, Ps. Nagal, Dst. Saharanpur, U.P. 247551. have changed my name to **NAJISH** for all future purposes.

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

हमने अपने पुत्र **आसिफ** व पुत्रवधु **आईशा** को उनके गलत व्यवहार के कारण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। अब उनके किसी भी कृत्य का हम और हमारा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**असगर पुत्र दीन मौहम्मद** व श्रीमति **नसीरा पत्नी असगर**
निवासी जगदेई, देवबन्द, सहारनपुर

# आरसीबी की नजरें सीएसके के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने पर




● आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण भुवनेश्वर की अनुभवी गेंदबाजी पर निर्भर करता है

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने गृह मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 52 वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत की लय को बरक. रार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण भुवनेश्वर कुमार की अनुभवी गेंदबाजी और जोश हेजलवुड की जबरदस्त फॉर्म की बदौलत इस बार बहुत मजबूत दिख रहा है। दूसरी तरफ, सीएसके की टीम इस सीजन में न अच्छी बल्लेबाजी कर पा रही है और न ही गेंदबाजी में असर दिखा पाई है, जिससे उनके लिए आरसीबी को हराना आसान नहीं होगा। इस सीजन में आरसीबी की गेंदबाजी पूरी रंग में दिखाई दे रही है और यही उनकी जीत की बड़ी वजह भी बनी है। भुवनेश्वर कुमार की स्विंग, जोश हेजलवुड की सटीक गेंदबाजी और क्रुणाल पांड्या के ऑलराउंड प्रदर्शन ने टीम को एक मजबूत गें. दबाजी इकाई बना दिया है। पिछले सीजन की गेंदबाजी की कमजोरी इस बार नजर नहीं आ रही हैं।

वहीं, सीएसके की गेंदबाजी इस सीजन में तालमेल नहीं बिठा पाई है, जिससे आरसीबी को कल के मुकाबले में जीत के लिए पुरानी लय बरकरार रखनी पड़ेगी। हालांकि आरसीबी ने लगातार तीन मुकाबले जीतकर लय में आयी है, लेकिन घर पर उनका प्रदर्शन कमजोर रहा है। इस सीजन में उन्होंने अपने चार में से तीन मेजबा. नी मैच हारे हैं। इसके बावजूद, बाहर के मैदानों पर उनका मजबूत प्रदर्शन और बल्लेबाजी और गेंदबा. जी दोनों में गहराई उन्हें इस मुक. ाबले को दिलचस्प बनायेगी। आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार ने इस सीजन टीम की कमान संभालते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं विराट कोहली ने भी इस बार अच्छी लय पकड़ ली है और देवदत्त पडिक्कल लगातार रन बना रहे हैं। ये तीनों बल्लेबाज आरसीबी की बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, सीएसके इस सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रही है। टीम ने लगातार तीन मुकाबले हारे हैं और प्रदर्शन काफी निराशा. जनक रहा है। इस बार एमएस धोनी की कप्तानी का अनुभव भी टीम के काम नहीं आया है। इसकी वजह उनकी गेंदबाजी है उनके गेंदबाज लगातार विकेट लेने में नाकाम रहे हैं। सीएसके के अहम गेंदबाज मथीशा पथिराना और खलील अहमद फॉर्म से बाहर चल रहे हैं, जबकि स्पिन विभाग में रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी होने के बावजूद धोनी की उम्मीद में खरे नहीं उतर पा रहे हैं। सीएसके की बल्लेबाजी में गहराई तो है, लेकिन आक्रामकता की कमी के कारण टीम बड़े स्कोर बनाने या प्रभावी तरीके से लक्ष्य का पीछा करने में असफल रही है। सैम करन और डेवाल्ड ब्रेविस कुछ अच्छे फॉर्म में दिखाई दिये, लेकिन टीम निरंतरता बनाए रखने में संघर्ष करती रही है। आगामी मैच में सीएसके वापसी की कोशिश करेगा, लेकिन उनकी वर्तमान फॉर्म और आरसीबी की मजबूत गेंदबाजी को देखते हुए यह चुनौती सीएसके के लिए बहुत बड़ी होगी। चिन्नास्वामी की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है, जो दोनों टीमों को बड़े स्कोर बनाने का मौका देगी।

● केसीए पर विवादित टिप्पणी ●

# श्रीसंत पर लगा तीन साल का बैन

**श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सहमालिक है**



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में संजू सैमसन को नहीं चुने जाने को लेकर हुए विवाद में भारत के पूर्व क्रिकेटर एस श्रीसंत के खिलाफ एक्शन लिया है। केसीए ने श्रीसंत पर सैमसन का समर्थन करने के बहाने उनके क्रिकेट संघ पर कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने का आरोप लगाया और उन्हें तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है।

केसीए ने बयान में कहा कि यह फैसला 30 अप्रैल को कोच्चि में विशेष बैठक में लिया गया। केसीए के मौजूदा अध्यक्ष जयेश ने भी श्रीसंत पर इस मामले के लिए निशाना साधा था। श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सह मालिक हैं। इससे पहले उनके विवादित बयान के सिलसिले में श्रीसंत, कोल्लम टीम, अलपुझा टीम लीड और अलपुझा रिपल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। बयान में कहा गया, फ्रेंचाइजी टीमों ने नोटिस का संतोषजनक जवाब दे दिया लिहाजा उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन बैठक में तय किया गया कि टीम प्रबंधन के सदस्यों की नियुक्ति के समय काफी एहतियात बरतने की सलाह दी जाएगी। बयान में यह भी कहा गया कि संजू सैमसन के पिता सैमसन विश्वनाथ और दो अन्य के खिलाफ संजू सैमसन का नाम लेकर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए मुआवजे का दावा किया जाएगा। केसीए ने दो बार के विश्व कप विजेता श्रीसंत को एक मलयालम टीवी चैनल पर परिचर्चा के दौरान सैमसन और केसीए से जुड़ी टिप्पणियों के कारण नोटिस जारी किया। केसीए ने बयान में स्पष्ट किया कि नोटिस सैमसन का समर्थन करने के लिए नहीं दिया गया है बल्कि केसीए के खिलाफ भ्रामक और अपमानजनक टिप्पणियां करने पर दिया गया है। श्रीसंत ने टीवी पर सैमसन के प्रति कथित तौर पर समर्थन जताते हुए केसीए पर आरोप लगाये थे ।

# भारतीय टीम में वापसी को अब भी उत्सुक अजिंक्य रहाणे

**रहाणे घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आईपीएल में केकेआर के लिए खेल रहे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कप्तानी कर रहे अजिंक्य रहाणे ने भारतीय टीम में वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी है। रहाणे का कहना है कि वह राष्ट्रीय टीम में वापसी को लेकर उत्सुक हैं क्योंकि उनमें अभी भी रन बनाने की भूख और जुनून बाकी है।

रहाणे एक समय में भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान थे, लेकिन उन्होंने देश के लिए आखिरी बार 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर मुकाबला खेला था। रहाणे घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आईपीएल 2025 में केकेआर के लिए उन्होंने दम दिखाया है। रहाणे मौजूदा आईपीएल सीजन में 10 मैचों में 297 रन बना चुके हैं। रहाणे ने कहा कि उनके अंदर भारतीय टीम के लिए भूख, इच्छा और जुनून अभी भी बाकी है। रहाणे के लिए गौरव का सबसे बड़ा क्षण शायद 2020-21 का आस्ट्रेलिया दौरा था जिसमें उन्होंने चोटों से जूझ रही टीम का नेतृत्व करते हुए भारत को टेस्ट सीरीज में 2-1 से जीत दिलाई थी। रहाणे ने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, हां, मैं फिर से भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। मेरी इच्छा, भूख, जज्बा पहले की तरह बरकरार है। मैं अब भी पहले की तरह फिट हूं। मैं एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं और अभी मेरा ध्यान केवल आईपीएल पर है। इसके बाद देखते हैं कि भविष्य में क्या होता है। मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो कभी हार नहीं मानता। मैं हमेशा मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं। मैं मैदान पर 100 प्रतिशत से अधिक देता हूं।

यह उन चीजों से जुड़ा है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मैं घरेलू क्रिकेट भी खेल रहा हूं और इस समय मैं वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। रहाणे ने 2011 में डेब्यू किया था और वह तीनों प्रारूप मिलाकर भारत के लिए 195 मैच खेल चुके हैं। रहाणे ने भारत के लिए खेलते हुए 8414 रन बनाए हैं। रहाणे के नेतृत्व में केकेआर की टीम खिताब का बचाव करने उतरी है और अभी प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार है। उन्होंने कहा, हर सुबह जब मैं उठता हूं तो यही सोचता रहता हूं कि मैं कौन से लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मेरे लिए अपने देश का प्रतिनिधित्व करने से बढ़कर कुछ नहीं है। मैं फिर से भारतीय जर्सी पहनना चाहता हूं।



# रोहित ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

● टी-20 में एक टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान

**जयपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा शानदार फार्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को राजस्थान रायल्स के खिलाफ सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ा और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी-20 में एक टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। हिटमैन के लिए सत्र की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। शुरुआती पांच मैचों में वह 0, 8, 13, 17 और 18 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और धमाकेदार वापसी करते हुए पिछली पांच पारियों में तीन अर्धशतक बना डाले। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 31 गेंदों में आईपीएल 2025 का अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ वह एक टीम के लिए टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में रोहित ने हैम्पशायर के जेम्स विंस को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 6000 से ज्यादा रन बना लिए। जयपुर में खेले गए इस मुकाबले में रोहित शर्मा पारी के दूसरे ओवर में आउट होने से बाल-बाल बचे थे। इसके बाद उन्होंने जीवनदान का भरपूर लाभ उठाया और 36 गेंदों में 53 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस शानदार पारी के दौरान उनके बल्ले से नौ चौके निकले। हिटमैन ने पहले विकेट के लिए रेयान रिकेल्टन के साथ 116 रन की साझेदारी निभाई।

# जडेजा ने चेन्नई के खराब प्रदर्शन की वजह बताई

ऑक्शन में गलती की, जिसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ाः अजय

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल में लगातार दूसरे सीजन में खराब प्रदर्शन जारी है। टीम पिछले सीजन प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी थी और इस सीजन भी उम्मीद कम ही लग रही है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा का मानना है कि फ्रैंचाइजी ने आक्शन में गलती की, जिसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा है। आईपीएल 2025 के जियोस्टार एक्सपर्ट अजय जडेजा ने सीजन के प्ले-ऑफ की रेस में टीमों के बीच होने वाले मुकाबलों पर सोमवार को मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस का बहुत बड़ा फैन हूं। धोनी और तेंदुलकर ही वो कारण हैं जिनकी वजह से हमारी पीढ़ी के ज्यादातर लोग शायद इन दो टीमों को देखते हैं। इसलिए सीएसके के प्रदर्शन से मैं भी थोड़ा निराश हूं, लेकिन मुझे लगता है कि नीलामी में आप देख सकते हैं कि उनके पास वह ताकत नहीं है जो अन्य टीमों के पास है। इसलिए शायद यही कारण रहा। और फिर, स्वाभाविक रूप से, जब चीजें ठीक नहीं होती हैं, तो आप हार जाते हैं।

## खेल विशेष

### मैरीकाम का खुलासा, डेढ़ साल पहले हुआ तलाक

● **कहाः अफेयर के बातें गलत, करुंग ओनलर से 2005 में हुई थी शादी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलिंपिक मेडल विजेता एमसी मैरीकाम का उनके पति करुंग ओनलर से तलाक हो चुका है। छह बार की विश्व चैंपियन रह चुकीं मैरीकाम ने करीब 16 महीने बाद इसका खुलासा किया। उन्होंने यह जानकारी सोशल मीडिया पर उन अफवाहों के बाद दी, जिनमें उनके हितेश चौधरी या एक अन्य बाक्सर के पति से संबंध होने की बात कही जा रही थी। दोनों का अलगाव 20 दिसम्बर 2023 को आपसी सहमति से दोनों परिवारों और बुजुर्गों की उपस्थिति में, काम प्रथागत कानून के तहत हुआ। 2005 में दोनों की शादी हुई थी। अफेयर को लेकर दी सफाई मैरीकाम ने हितेश चौधरी के साथ अफेयर को लेकर सफाई दी। हितेश बिजनेस पार्टर और मैरी काम बाक्सिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। मैरी पर एक अन्य बाक्सर के पति के साथ अफेयर के आरोप भी थे। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर, मैरी काम ने अपनी ओर से जारी एक कानूनी नोटिस शेयर किया। नोटिस में यह स्पष्ट किया गया कि उनका तलाक सौहार्दपूर्ण ढंग से महीनों पहले हो गया था और वह आगे बढ़ चुकी हैं और अपने पिछले विवाह पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती हैं। बयान के अनुसार हितेश चौधरी या किसी और को डेट करने की उनकी अफवाहें पूरी तरह से निराधार और झूठी हैं। बयान में मीडिया प्लेटफार्म से उनकी गोप. नीयता का सम्मान करने और गलत सूचना फैलाने से बचने का भी आग्रह किया गया। मैरी ने कानूनी करवाई और मानहानि करने की चेतावनी दी मैरी काम ने झूठी अफवाह फैलाने वालों को चेतावानी देते हुए कहा कि अगर उनके निजी जीवन का सम्मान नहीं किया गया।

# श्रीलंका की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराया

**मालकी ने चार विकेट और देवमी विहंगा ने तीन विकेट लिए, हर्षिता ने 77 और कविशा ने 61 रन बनाए**

**कोलंबो, वार्ता।** मालकी मदारा (चार विकेट), देवमी विहंगा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद हर्षिता समाराविक्रमा (77) और कविशा दिलहारी (61) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने शुक्रवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 21 गेंदे शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हरा दिया है। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के 235 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर कप्तान चामरी अटापट्टू (छह) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद विष्मी गुणारत्ने ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 15वें ओवर में एन म्लाबा ने विष्मी गुणारत्ने (29) को पगबाधा आउटकर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा ने मोर्चा संभाला। 18वें ओवर में सुने लूस ने हसिनी परेरा (42) को आउटकरा पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आयी कविशा दिलहारी ने समाराविक्रमा के साथ 128 रनों की रिकार्ड साझेदारी कर श्रीलंका की जीत की नींव रखी। कविशा दिलहारी ने 75 गेंदों में (61) रनों की पारी खेली। कविशा को एन म्लाबा ने आउट किया। हर्षिता समाराविक्रमा ने 93 गेंदों में (77) रन बनाये। श्रीलंका के पांचवें विकेट के रूप में हर्षिता को डी क्लर्क ने आउट किया। श्रीलंका ने 46-3 ओवर में पांच विकेट पर 237 रन बनाकर मुक. ाबला पांच विकेट से जीत लिया। नीलाक्षी डिसिल्वा (11) और अनुष्का संजीवनी (एक) रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एन म्लाबा ने दो विकेट लिए। मासाबाटा क्लास, नडीन डी क्लर्क और सुने लूस ने एक-एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने कप्तान लॉरा वुलफार्ट (10) और तेजमिन ब्रिट्स (14) रन के विकेट जल्द गवां दिये। मालकी मदारा ने वुलफार्ट को और सुगंधिका कुमारी को ब्रिट्स ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद करबो मेसो (नौ) रन बनाकर आउट हुई। लारा गुडॉल और सुने लूस ने पारी संभालने का प्रयास किया। लेकिन वे भी अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सकी। 29वें ओवर में देवमी विहंगा ने सुने लूस (31) को बोल्ड कर श्रीलंका पांचवीं सफलता दिलाई। क्लोई ट्राइऑन (35), एन डी क्लार्क (17), मासाबाटा क्लास (चार) और म्लाबा (शून्य) पर आउट हुई। एनेरी ने 60 गेंदों में (नाबाद 61) रनों की पारी खेली।

# कोको गॉफ-सबालेंका फाइनल में भिड़ेंगी

**मैड्रिड ओपन**



**मैड्रिड, वार्ता।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ और बेलारुस की आर्यना सबालेंका के बीच मैड्रिड ओपन के फाइनल में खिताबी भिड़ंत होगी। अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल में चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियाटेक को हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में जगह बनाई। 21 वर्षीय गॉफ ने एक घंटे चार मिनट तक चले मुकाबले में स्वियाटेक को 6-1, 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यह पहली बार है जब गॉफ ने क्ले कोर्ट पर स्वियाटेक को हराया है। एक अन्य मैच में बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 6-3, 7-5 से हराकर महिला एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। इसी के साथ अब कोको गॉफ फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी।



## माटेओ अर्नाल्डी को हराकर जैक ड्रेपर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, वार्ता।** ब्रिटेन के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने इटली के माटेओ अर्नाल्डी को हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ड्रेपर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी को 6-0, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। ड्रेपर का सेमीफानइल में मुकाबला इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मैच के बाद ड्रेपर ने कहा कि मैं हर बार खेलने पर स्वयं को मजबूत महसूस करता हूं। मैं सभी क्षेत्रों में बहुत अच्छा कर रहा हूँ और उम्मीद है कि यह आगे भी जारी रहेगा।

# गुजरात ने हैदराबाद को 225 रन का लक्ष्य दिया

गिल ने 76, बटलर ने 64 रन बनाए, साई सुदर्शन सबसे तेज 2 हजार टी-20 रन बनाने वाले भारतीय बने



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस (जीटी) ने आईपीएल के 51वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को जीत के लिए 225 रन का टारगेट दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद ने बालिंग चुनी। गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर के बाद 6 विकेट खोकर 224 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 76 रन बनाए। जबकि जोस बटलर 64 रन बनाकर आउट हुए। साई सुदर्शन ने 48 रन की पारी खेली। जयदेव उनादकट ने 3 विकेट झटके। पैट कमिंस और जीशान अंसारी को एक-एक विकेट मिला। 19वें ओवर में ट्रैविस हेड ने वाशिंगटन सुंदर का कैच ड्राप कर दिया। हालांकि अगली बाल पर अभिषेक शर्मा ने जोस बटलर का कैच पकड़ा। जोस बटलर 64 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पैट कमिंस ने पवेलियन भेजा। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर जोस बटलर ने छक्का लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। हर्षल पटेल के इस ओवर से 15 रन आए। जोस बटलर ने 17वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 31 बाल पर अर्धशतक बनाया। यह बटलर की मौजूदा सीजन में 5वीं फिफ्टी है। 14वें ओवर में कप्तान शुभमन गिल 76 रन बनाकर रनआउट हुए। उन्हें हर्षल पटेल के थ्रो पर विकेटकीपर हेनरिक क्लासन ने आउट किया। बटलर ने गुड लेंथ की बाल पर फाइन लगे की दिशा में खेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। हर्षल पटेल ने बाल को स्टंप पर थ्रो किया। जिसे कलेक्ट करके हेनरिक क्लासन ने विकेट पर मारा। थर्ड अंपायर के फैसले के बाद गिल ने फील्ड अंपायर से नाराजगी जताई। उनका कहना था कि गिल्लियां क्लासन के ग्लब्स से गिरी हैं। 12वें ओवर में शुभमन गिल और जोस बटलर ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। इसी ओवर में पैट कमिंस से कवर में बटलर का कैच ड्राप भी हो गया। शुभमन गिल ने 10वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने मोहम्मद शमी की बाल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 25 बाल पर हाफ सेंचुरी लगाई।

# बांग्लादेश शारजाह में यूएई के साथ खेलेगा दो टी-20 मैच

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश अपने पाकिस्तान के दौरे से पहले 17 मई और 19 मई को शारजाह में यूएई के साथ दो टी-20 मैच खेलेगा। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सीओओ सुभान अहमद ने बताया कि पिछले तीन सालों में हमने आईसीसी के पूर्ण सदस्य न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान टीमों की मेजबानी की है, जबकि बांग्लादेश का यह दूसरा द्विपक्षीय टी-20 दौरा तीन सालों बाद हो रहा है। बांग्लादेश के साथ यह दो मैचों की सीरीज इस साल होने वाली टी-20 एशिया कप से पहले यूएई की तैयारी का अवसर है। इस दौरे को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य कार्यकारी निजाम उद्दीन चौधरी ने कहा कि हम इस टी-20 सीरीज के आयोजन के लिए अमीरात क्रिकेट बोर्ड की पहल की सराहना करते हैं। ये मैच आगामी एशिया कप सहित व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर से पहले हमारी टीम की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# बंग दर्शन और शास्त्री का विजय अभियान जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** आशीष और सौरभ रावत के दर्शनीय गोलों की मदद से बंग दर्शन एफसी ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2 -1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग के रोमांचक मैच में पूरे अंक अर्जित किये। नेहरू स्टेडियम में खेले गए उतारचढाव वाले इस मुकाबले में पराजित टीम का गोल जांगूनहाओ ने किया मैच के सभी गोल आकर्षक रहे।

उधर अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए सीनियर डिवीजन मुकाबले में शास्त्री एफसी ने भारतीय वायुसेना को 4-2 से परास्त किया। विजेता की जीत का आकर्षण एंडी जाखरी के दो गोल रहे। गोपी सिंह और वाशलांग दखार ने एक-एक गोल जमाए। वायुसेना के गोल समुएल वनलाल्पेका और अमन खान ने किए। युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय वायुसेना ने पहले हाफ में दमदार प्रदर्शन किया लेकिन जैसे जैसे खेल आगे बढ़ा वायुसैनिकों की अनुभवहीनता भारी पड्ने लगी। खासकर, दूसरे हाफ में शास्त्री एफसी ने रफ्तार पकड़ी और बेहतरीन गोल जमा कर पूरे अंक झटक लिए। आमतौर पर पाला बदलने के बाद वायुसैनिकों के तेवर बदल जाते हैं लेकिन प्रतिद्वंद्वी फारवर्ड एंडी जाखारी, सेमन, गोपी और होकिप को रोक पाने में वायुसैनिक विफल रहे। उनके फारवर्ड भी आसान मौकों का फायदा नहीं उठा पाए।

# मेयर डा.अजय ने किया सीसी रोड व पंप रिबोर का शुभारंभ

## कहा- सीसी रोड व नाली निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को मिलेगी जलभराव से राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 36 में एक सीसी रोड तथा वार्ड 40 में पम्प रिबोर कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सीसी रोड व नाली निर्माण से क्षेत्र के लोगों को होने वाले जलभराव से राहत मिल जायेगी।

वार्ड 36 कलसिया रोड स्थित मौहम्मद कॉलोनी में सड़क न होने से कॉलोनीवासियों तथा आसपास के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र के लोग लम्बे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। महापौर डॉ. अजय कुमार ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र की उक्त समस्या के निदान के लिए आज सुबह कॉलोनी में रिबन काटकर



सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस कार्य पर करीब 15 लाख रुपये की लागत आयेगी। महापौर ने कहा कि इस सड़क व नाली निर्माण से न केवल आने जाने में लोगों को काफी सुविधा मिलेगी बल्कि मार्ग में पानी जमा होने के कारण होने वाली समस्याओं से भी निजात मिलेगी। इस दौरान पार्षद प्रवेज व अहमद मलिक तथा पार्षद प्रतिनिधि अहतेशाम शामिल रहे।

इसके अलावा वार्ड 40 के गांधीपार्क के निकट जल निगम कार्यालय में 35 एचपी के पम्प रिबोर कार्य का भी वेद मंत्रोच्चार के बीच शुभारंभ किया। इस कार्य पर करीब 28 लाख रुपये की लागत आयेगी। इस अवसर पर पार्षद राजेंद्र कोहली व पार्षद नीरज शर्मा तथा जल निगम के अधिशासी अभियंता सुदीप सिंह आदि शामिल रहे।

# सांसद इमरान ने किया लोगों से संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद इमरान मसूद एवं विधायक शहनवाज खान ने जन संवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कराया।

सांसद इमरान मसूद ने विधानसभा क्षेत्र की जनता से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। उन्होंने कहा जन संवाद का उद्देश्य सिर्फ इतना है कि हम अपने लोगों की समस्याओं को सीधे सुनें और उनका समाधान कर सकें। इसलिए सभी नागरिकों से निवे. दन है कि वे बेहिचक हमसे मिलें और अपनी समस्याएं साझा करें। विधायक शहनवाज खान ने कहा कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र का समग्र विकास करना है, न कि लोगों को धर्म या जाति के नाम पर बांटना।



कार्यक्रम में काजी फरहान अख्तर, जिलाध्यक्ष संदीप राणा, विवेक कांत सिंह, खलील, संदीप चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शहान अहमद, आबिद हसन, काजी बासित, चौधरी दीप सिंह, हाजी मोहम्मद अय्यूब, सत्य संयम भूर्यान, बिट्टू चौधरी, अजीम मलिक, खलील अहमद, डॉ हरि कुमार सैनी, अमिनेश सैनी, शाहान अहमद, मुजम्मिल सैफी, नसीम भारती, बाबर सिद्दीकी, शाहनवाज सैफी, शहजाद सलमानी, यासीन प्रधान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक गुम्बर ने सम्मानित किए टॉपर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर व भाजपा पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

नगर में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों के घर जाकर विधायक राजीव गुम्बर ने पटका पहना कर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया व कहा कि नगर की इन बेटियों पर उन्हें गर्व है और उन्हें उम्मीद है कि जनपद की ये बेटियां भविष्य में और अधिक सफलता अर्जित कर नगर का नाम रोशन करेंगी। कु.पलक मित्तल, कु. अंशिका सैनी एवं कु.प्रियांशी बंसल द्वारा नगर के 10 टॉपर विद्यार्थियों में स्थान पाने पर उनके घर जाकर उन्हें अपने परिवार, विद्यालय एवं नगर का मान सम्मान बढ़ाने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके परि. जनों को भी बेटियों को पढ़ने एवं आगे बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया और सम्मानित किया।

इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, मंडल अध्यक्ष मनुज तायल, पूर्व महामंत्री अनेश शर्मा, वरिष्ठ नेता सर्विष्ट गुप्ता, पार्षद कुमारी ज्योति एवं पार्षद अनुज जैन,मंडल महामंत्री रामपाल सैनी आदि ने भी बालिकाओं को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया।

# इंडिया गठबंधन ने देश को दी नई दिशाः हरीश रावत

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के आवास पर की पत्रकारों से वार्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन ने देश को नई दिशा दी है। इसलिये आने वाले विधानसभा चुनाव में भी यह गठबंधन जारी रहेगा।

हरीश रावत ने यह बात छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ बहुत ज्यादा गलत हुआ ऐसी घटनाओं की पुनरावर्ती ना हो इसके लिये केंद्र सरकार को तत्काल कठोर कदम उठाना चाहिये। पहले भी कश्मीर में आरडीएक्स से बड़ी घटना में निर्दोष मारे जा चुके है ये सब आगे ना हो केंद्र सरकार को विपक्ष का पूरा समर्थन है वह कड़ा निर्णय ले। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जातीय जनगणना कराया जाना केंद्र सरकार का अच्छा निर्णय है कांग्रेस इसका समर्थन और सहयोग करेगी उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अगली जनगणना में जाति गणना कराये जाने के लिये पर्याप्त धनराशि आवंटित करने करने और इसकी समय सीमा निर्धारित करे। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के मन में भ्रम पैदा ना करे जनसघ और संघ जन्म से ही आरक्षण के खलिाफ रहे है। उन्होंने



भाजपा पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करने का आरोप लगाया और कहा कि महात्मा गांधी अंबेडकर और नेहरू ने देश को संविधान दिया है हम उनके अनुयायी है लेकिन भाजपा के लोग तीनमूर्तियों, मोहन भागवत, नरेंद्र मोदी और अमित शाह को इनकी जगह फिक्स करना चाहती है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा से ज्यादा आत्मबल रखते है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ाने अवेध खनन करवाये जाने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा के नो साल के कार्यकाल में ना जाम से बचने का कोई रास्ता निकाला है ना रोजगार के लिये कोई उद्योग लगाया है। भाजपा और उसके मंत्री विधायक नदियो को खुदवा रहे है और अवेध खनन में लगे है। आने वाले चुनाव में भाजपा के पास जनता को बताने के लिये कोई उपलब्धि नहीं है। भाजपा का जाना तय है कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के पास एक साल बचा है भाजपा के काले कारनामों को जनता के सामने उजागर कर भाजपा को सत्ता से बाहर कर कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील कर बदलाव के लिये जनता के बीच अभी से जाये। इस अवसर पर कांग्रेस ओबीसीं विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने भाजपा पर वक्फ संशोधन बिल आनन फानन में लाने का आरोप किया।

इस अवसर पर हकीम अकबर अली, अब्दुल हसीब, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान, प्रधान नासिर अली, याहिया मलिक, प्रवीण ठेकेदार, महबूब तलहेड़ी, राव यूसुफ, इरशाद अली, हाफिज इस्लाम, लुकमान मलिक, सुखदेव चौहान, नोशाद अली, मोनू आमिर, अरशद मलिक, परवेज मलिक आदि ने छुटमलपुर पहुँचने पर स्वागत किया।

# आरडीएसएस योजना का जनता को मिलेगा लाभः अवधेश

**सहारनपुर।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिए उपभोक्ताओं को अनवरत विद्युत आपूर्ति एवं लाईन हानियों कम करने संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर सुदृद्ध करने हेतु, रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई।

विद्युत नगरीय वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार ने बताया उपभोकाओं को गुणवत्तायुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने एवं वितरण कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे है। आर. डी.एस.एस. योजना के तहत जनपद सहारनपुर में, जहां युद्धस्तर पर कार्य किए गए, वहीं मुख्य अभियन्ता द्वारा कार्यदायी संस्थाओं और अधिकारियों के साथ प्रतिदिन समीक्षा से योजना को पंख लगे, परिणाम स्वरूप रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत, परिचमांचल विद्युत वितरण निगमे जनपद में नए फीडरों का निर्माण, फीडरों का विभक्तिकरण, फीडरों का बाइफरकेशन, एलएटी. लाईनों के जर्जर तार बदलने का कार्य, एच.टी. लाईनों के चार्जर तार बदलने का कार्य योजना के अन्तर्गत पूर्ण कर लिये गए हैं। जिसमें अधिक लाईन हानियों के क्षेत्र में एरियल बंच केबल ढाला गया है, जिससे की लाईन हानियों को कम किया जा सके। उन्होंने बताया आर.डी.एस.एस. के अन्तर्गत बिजली व्यवस्था को सुदृढ करने के लिये कार्य सम्पादित कराये गये जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापरक, निर्बाधआपूर्ति करायी जा सके।

# बाइकों की भिड़ंत में दो लोग गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिल्हेडी बुजुर्ग।** हाइवे पर डिवाइडर पार करते समय दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवबंद भिजवाया।

शुक्रवार को लविश पुत्र सुरेश चन्द निवासी मुबारिकपुर थाना मंस. ूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर अपनी बाइक यूके 07 एफ एस 8527 द्वारा सहारनपुर से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह एस एच 59 पर स्थित तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे में पहुंचा तो डिवाइडर पार कर रहे सोनू पुत्र मांगेराम निवासी तल्हेडी बुजुर्ग की बाइक यूके 07 यू 5199 के साथ उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमे दोनों बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए।तेज रफ्तार बाइकों की



टक्कर इतनी भीषण थी की दोनों बाइक चालक करीब बीस मीटर तक हाइवे पर घिसटते चले गए और बाइ. कों के परखच्चे उड़ गए।

गनीमत रही कि तेज रफ्तार बाइक चालक लविश ने हेल्मेट पहन रखा था अन्यथा एक बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। हाइवे पर हुई दुर्घटना को देखकर यकायक भीड़ एकत्रित हो गई जिन्होंने घायल बाइक चालकों को हाईवे के किनारे कर दिया। राहगीरों ने हाइवे पर घटित घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लविश को पुलिस ने डायल 112 के जरिए देव. बंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया। जबकि सोनू के परिजन उसे कस्बे में स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए लेकर चले गए। लेकिन गम्भीर हालत के चलते चिकित्सक ने उसे देवबंद रेफर कर दिया।

# गंगोह में खुलेगा पहला नारकोटिक्स थानाः चौ.किरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** जनपद सहारनपुर का पहला नारकोटिक्स थाना गंगोह में खुलेगा।



उक्त जानकारी देते हुए विधायक किरत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी स्वीकृति प्रदान करदी है। इसके अलावा रोडवेज बस स्टैंड व फायर स्टेशन की स्वीकति देकर पैसा तक आबंटित कर दिया गया है। विधायक के अनुसार उन्होंने गंगोह विधानसभा क्षेत्र में बढते नशे का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नशा तस्करो पर अंकुश लगाने के लिए नारकोटिक थाना खोलने की मांग की थी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि नारकोटिक थाना खुलने से नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाना आसान होगा और युवाओ को नशे की ओर धकेलने से बचाया जा सकेगा। इसके अलावा फायर ब्रिगेड स्टेशन की भी स्वीकृति मिल गई है। विधायक किरत सिंह के साथ जिला महामंत्री राधेश्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, मांगेराम, नवीन आदि मौजूद रहे।

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के नुकसान व बचाव के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक्मे ग्लोबल स्कूल में आयोजित 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नुकसान व बचाव जानकारी देकर जागरूक किया गया।

जागरूकता अभियान के कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान हमारे देश की हर बेटी को जीने और पढ़ने का हक दिलाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हर लड़की सुरक्षित और शिक्षित हो सके। जब हर बेटी को पढ़ने का अवसर मिलेगा, तो वह अपने सपनों को पूरा कर सकेगी और हमारे समाज को भी आगे बढ़ा सकेगी। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. साहिल सहगल ने सभी अतिथियों का



स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान महिला उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मोटिवेशनल स्पीकर गुलशन नागपाल ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर ध्यान देना चाहिए ताकि एक अच्छा इंसान बन सके। बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमे आर्टिफिशियल लाइफ की बजाय रियल लाइफ को अपनाना चाहिए उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स हमारे डेटा का ही प्रयोग करते है। हमारा डेटा किसी के पास भी जाता है, तो वह उसे वह अपने तरीके से भी यूज कर सकता है। महिला कल्याण विभाग की रूपा हरित एवं शैलजा ने कहा कि छात्राएं अपने साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार पर हेल्प लाइन या नजदीकी थाने पर सूचना अवश्य दें ताकि अवांछित तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सकें। बाल कल्याण विभाग के शोभित हरित ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए जागरूक किया थाना जनकपुरी में तैनात महिला उपनिरीक्षक रश्मि ने हैल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। संचालन को-ऑर्डिनेटर मिस गुंजन ने किया।

# थाना गागलहेडी पुलिस ने नशा तस्कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** नशा तस्करों पर पुलिस सख्त एक नशा तशकर को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता हासिल की है। नशे के खिलाफ मुहिम को लेकर जनता ने भी पुलिस की सराहना की है।

थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा चौकी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ एक नशा तस्कर शमीम पुत्र नसीम निवासी वाजिद कालोनी गागलहेड़ी को पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि पकडे गए आरोपी के पास से लगभग 8.50 ग्राम अवैध स्मैक भी बरामद हुई और इसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# डीआईजी से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष देवेंद्र पंवार ने फर्जी तरीके से नाम बदलकर सरक. ारी लाभ प्राप्त करने और अपने पुत्र को सरकारी नौकरी दिलाने के लिये फर्जीवाडा करने वाले के खिलाफ डीआईजी से कार्रवाई की मांग की है।

डीआईजी कार्यालय में दिये गये प्रार्थना पत्र में जिलाध्यक्ष देवेंद्र पंवार ने बताया कि मुरादाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति ने महिला कांस्टेबल की मृत्यु उपरांत उसका सरकारी फंड व पेंशन का लाभ लेने के लिये फर्जीवाडा किया और महिला के पूर्व पति के नाम का प्रयोग करते हुए सरकारी लाभ ले लिया और वर्तमान में पेंशन भी ले रहा है। इतना ही नहीं पुलिस में मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी दिलाने के लिये उस व्यक्ति ने अपने पुत्र की जन्मतिथि बदलवाकर



18 वर्ष करा दी। जिलाध्यक्ष देवेंद्र पंवर ने पत्र में कहा कि 23 नवंबर को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया था। जिसकी जांच उस समय उपजिलाधिकारी सदर को दी गई थी, लेकिन वह आज तक लंबित है। 4 दिसंबर को एक प्रार्थना पत्र एसएसपी को दिया गया था। जिसकी जांच क्षेत्राधिकारी द्वितीय को दी गई थी, लेकिन वह भी लंबित है। पत्र में आरा. ेपी की जांच कराकर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

# छेड़छाड़ का आरोप

**रामपुर मनिहारान।** एक नाबा. लिग किशोरी ने परिजनों के साथ पुलिस को तहरीर देकर दो युवकों पर छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस के मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार वह अपने चचेरे भाई के साथ सहेली से मिलने जा रही थी, तभी जैन मंदिर के पास दो युवकों ने उसे रोक लिया और अश्लील हरकतें करने लगे। जब किशोरी ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी और उसके कान से झुमकी छीनकर फरार हो गए।पीड़िता के अनुसार, वह आरो. पियों को पहचानती है। पीड़िता का आरोप है कि घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद डरी-सहमी किशोरी घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस से शिकायत की।

# जातिगत जनगणना पर कांग्रेसियों ने निकाली विजय यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना की घोषणा का स्वागत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने इसे राहुल गांधी के संघर्ष और विचारों की विजय बताया है।

नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को इस संघर्ष के लिए धन्यवाद देते हुए आज जिला एवं महानगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वधान में खलासी लाइन से शारदा नगर होते हुए सर्किट हाउस तक विजय यात्रा निकाली गई। विजय यात्रा के समापन पर, जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से ही जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग सरकार से कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सरकार से अपनी इस मांग को हमेशा संसद के भीतर और बाहर उठाते हुए इसकी आवाज को संविधान



सम्मेलनों और पब्लिक रैलियों द्वारा बुलंद करके इसे एक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया और इसके लिए संघर्ष किया।

संदीप राणा ने कहा कि सरकार ने जातिगत जनगणना कई मुद्दों जैसे बजट और जनगणना के पश्चात आरक्षण संबंधी सीमाओं आदि पर अपनी नीति को अभी स्पष्ट नहीं किया। इससे हमें ऐसा प्रतीत होता है कि संघर्ष अभी बाकी है। महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने इसे संपूर्ण लो. कतंत्र की जीत बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली ने कहा कि पीएम मोदी सहित भाजपा सरकार के सभी मंत्री और नेता जातिगत जनगणना का विरोध करते थे, लेकिन जननायक राहुल गांधी की मांग और संघर्ष के सामने उन्हें लो. कतंत्र हित में झुकना पड़ा और इसे स्वीकार करना पड़ा। पदयात्रा में पूर्व प्रदेश सचिवगण अशोक सैनी, प्रवीण चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, अमरदीप जैन, घनश्याम पंत, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पराग गुर्जर, पूर्व जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, हरिओम मिश्रा, नीरज कपिल, कार्तिक राणा, सागर चौहान, अक्षय चौधरी, धर्मपाल जोशी, आरिफ खान, अनुज शर्मा, विजयपाल रावत, रेखा धीमान, शर्मिष्ठा सिंह, सौरव भारद्वाज, असगर आलम, प्रभजीत सिंह, पंडित सुमन शर्मा, असगर आलम, अनूप ठकराल, नसीब खान, गुलशेर अल्वी, आदित्य राणा, रजनीश प्रधान, दीपक सैनी, डॉ राजा फरीद, मयंक शर्मा, डांबर सिंह आदि सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपनी राइफल की गोली लगने से सार्जेंट की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** वायु सेना स्टेशन के अंदर ड्यूटी पर तैनात सार्जेंट को अचानक उन्हीं की राइफल से गोली लग गई। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद अन्य वायु सैनिकों ने स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुए उन्हें गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज पिलखनी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक वायु सेना स्टेशन में सार्जेंट के पद पर तैनात हरप्रीत(35) पुत्र रवैल शुक्रवार को ड्यूटी पर तैनात थे। तभी अचानक गोली की आवाज से स्टेशन परिसर में सन्नाटा पसर गया। मौके पर पहुंचे ड्यूटी दे रहे अन्य वायु सैनिकों ने देखा कि हरप्रीत खून से लथपथ अवस्था मे पड़े हुए हैं। उन्होंने तभी इसकी सूचना वायु सेना के आला अधिकारियों को देते हुए स्थानीय पुलिस को भी सूचना दी। वायु सैनिक उन्हें गंभीर हालत में एंबुलेंस के द्वारा पिलखनी स्थित मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लेकर गए जहां इलाज के दौरान हरप्रीत की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि फॉरेंसिक जांच टीम को बुलाया गया है जो अपने स्तर से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि सार्जेंट हरप्रीत शुक्रवार को टेक्निकल एरिया में ड्यूटी दे रहे थे। अचानक गोली उनके माथे पर लगी जिस कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली कैसे चली पुलिस इसकी गंभीरता से जांच कर रही है।

# सम्पादकीय

शनिवार , 3 मई 2025

## प्रेस की आजादी पर संकट

दुनिया में प्रेस की आजादी को लेकर पेरिस स्थित इंटरनेशनल एनजीओ हर साल रिपोर्ट जारी करता है। रिपोर्ट विदाउट बार्डर्स (आरडब्ल्यूयूबी) 2025 में उसने दुनियाभर के 180 देशों के विषय में प्रेस की आजादी के बारे में बताया। प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 151वीं रैंक में रखा है। यह रैंक बताती है कि भारत में पिछले वर्ष की अपेक्षा भारत ने इसमें सुधार किया है। पिछले बार भारत की रैंकिग 159 थी। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका जैसे देश जो अपने आप को दुनिया का सबसे बड़ा संरक्षक बनता है वहा भी प्रेस की आजादी में गिरावट की बात सामने आ रही है। इंडेक्स में अमेरिका को 57वें पायदान पर रखा है। जबकि पिछले वर्ष उसकी रैंकिंग 55 थी। रिपोर्ट कहती है कि यह गिरावट डोनाल्ड ट्रम्प के सत्ता में आने के बाद हुई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि वह 42 देश जिनमें दुनिया की आधी आबादी रहती है वहां प्रेस की स्थिति बेहद गंभीर है और वहां प्रेस को लगभग न के बराबर आजादी है। रिपोर्ट में जहां नार्वे को पहले स्थान पर रखा है तो वही सबसे निचले स्थान पर इरीट्रिया देश है। इस तरह भारत की स्थिति भूटान, पाकिस्तान, चीन, रूस, सीरिया, फलस्तीन, अफगानिस्तान और उत्तर कोरिया से बेहतर है। निश्चित रूप से प्रेस की आजादी वर्तमान समय में काफी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है और इसके पीछे सबसे बड़ा कारण राजनीतिक तो है ही बल्कि आर्थिक भी है। रिपोर्ट में इसी तरफ इशारा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर का मीडिया फंडिंग की कटौती से जूझ रहा है। सूचना के संसाधनों को गूगल, एप्पल, फेसबुक, एमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसे कंपनियों के दबदबे की वजह से हो रहा है। क्योंकि जो पहले विज्ञापन मीडिया आउटलेट्स को मिलते थे अब वह इनके पास जा रहे है। रिपोर्ट बताती है कि भारत सहित कुछ देशों में मीडिया आउटलेट्स नेताओं और बिजनेसमैन से मिलने वाली सशर्त फंडिंग की वजह से अपना अस्तित्व बचाए हुए है कहने का मतलब साफ है कि मीडिया दिन-प्रतिदिन अपनी साख खो रहा है जिसके लिए वह कभी जाना जाता था और यह सब इस लिए हो रहा है क्योंकि इस पर अब राजनेताओं और पूंजीपतियों का दबाव बन चुका है। चीन, वयतनाम जैसे देशों में तो मीडिया सरकार के मुखपत्र का काम करता है। हाल ही में हम देख रहे है कि फलस्तीन में किस तरह मीडिया को निशाना बनाया जा रहा है अब तो 200 से अधिक पत्रकार वहां अपनी जान गंवा चुके है। इजरायल ने अपनी बमबारी से वहां तमाम मीडिया के ऑफिस बर्बाद कर दिए है। कोई भी देश अपनी मनमानी के चलते किसी भी विदेशी मीडिया को अपने यहां काम करने से रोक देता है। इस तरह हम कह सकते है कि आज के दौर में मीडिया अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है यह स्थिति ठीक नहीं है। सही सूचना आम लोगों तक पहुंचे इसकी व्यवस्था होना बेहद जरूरी है, लेकिन यह तभी संभव होगा। जब मीडिया को शक्ति प्रदान करने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाए। जो कि आज दूर की कोड़ी की बात लगती है।

## बुजुर्ग परिवार के भावनात्मक स्तंभ



बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए, माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है, आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं, बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं, जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं, तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं, प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है, वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है।

**द्रौपदी मुर्मु**
**राष्ट्रपति**

# अंततः देश में जाति जनगणना: प्रतिनिधित्व या पुनरुत्थान





प्रियंका सौरभ

भारत में दशकों से केवल अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती होती रही है, जबकि अन्य जातियाँ नीति निर्माण में अदृश्य रहीं। जाति जनगणना केवल गिनती नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की नींव है। बिना सटीक आंकड़ों के आरक्षण, योजनाएं और संसाधन वितरण अधूरे रहेंगे। विरोध करने वालों को डर है कि उनके विशेषाधिकार चुनौती में पड़ सकते हैं। लेकिन यह गिनती वंचितों की दृश्यता और भागीदारी सुनिश्चित करने का औज़ार है, न कि समाज को तोड़ने का। जब नीति जाति पर आधारित हो, तो डेटा भी होना चाहिए।

भारत को जातियों में बांटा गया, लेकिन उसे जोड़ने की कोशिश कभी पूरी ईमानदारी से नहीं हुई। संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया, मगर समान अवसर की नींव जातिगत असमानता को पहचानने पर ही टिकती है। इसी बुनियाद पर जब आज जाति जनगणना की मांग ज़ोर पकड़ रही है, तो सवाल खड़ा होता है क्या यह सामाजिक न्याय का औज़ार है या समाज को और अधिक खांचों में बांटने की कवायद।

भारत में पिछली बार व्यापक जातिगत जनगणना 1931 में हुई थी। उसके बाद, आज़ादी के बाद के राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में एक आदर्श सामने रखा गया 'जातिविहीन समाज'। इस आदर्श का आकर्षण था, पर व्यवहार में यह एक तरह की चुप्पी थी। 1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की गिनती होती रही, बाकी जातियां 'अदृश्य' रहीं। लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों न हों। क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो।

बिहार की जाति आधारित सर्वेक्षण ने एक नई लहर पैदा की। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पहल ने अन्य राज्यों को भी सोचने पर मजबूर किया। एक ओर जातिगत गणना को सामाजिक न्याय की बुनियाद बताया गया, तो दूसरी ओर कुछ वर्गों ने इसे सामाजिक विभाजन का उपकरण कहा। कई राजनीतिक दल इस मांग को समर्थन दे रहे हैं, खासकर वे जिनकी राजनीति वंचित तबकों पर आधारित है। लेकिन केंद्र सरकार की भूमिका झिझकभरी रही है। केंद्र का कहना है कि यह बेहद जटिल प्रक्रिया है और इससे सामाजिक तनाव पैदा हो सकते हैं। जाति जनगणना के समर्थन में कई मजबूत तर्क दिए जा रहे हैं। अगर हम यह नहीं जानते कि कौन-सी जातियां किस आर्थिक व सामाजिक स्थिति में हैं, तो योजनाएं महज अंदाज़ों पर चलती रहेंगी। आरक्षण का पुनर्मूल्यांकन करना हो या सामाजिक योजनाओं का लक्ष्य तय करना हो, सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की जनसंख्या कई राज्यों में 40-50 प्रतिशत तक मानी जाती है, जबकि उन्हें 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। यदि सही आंकड़े हों तो नीति ज्यादा न्यायसंगत हो सकती है।

**1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की गिनती होती रही, बाकी जातियां 'अदृश्य' रहीं, लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों ने हों, क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो**

विरोध करने वालों की मुख्य दलील यह है कि जाति जनगणना समाज में जातीय पहचान को और मजबूत करेगी। इससे सामाजिक एकता को खतरा होगा और राजनीतिक दल केवल जाति कार्ड खेलकर वोट बटोरने लगेंगे। कुछ वर्गों को डर है कि अगर सही आंकड़े सामने आ गए, तो उनका 'निहित अधिकार' छिन सकता है ख्र जैसे सवर्ण वर्गों को लगता है कि ओबीसी या दलितों की संख्या के अनुपात में अगर आरक्षण बढ़ा, तो उनके लिए मौके और कम हो जाएंगे।

जब बिहार ने अपना जातिगत सर्वेक्षण कराया, तो केंद्र सरकार ने उससे दूरी बनाए रखी। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी मांग उठी, लेकिन सर्वसम्मति नहीं बन सकी। कई बार यह तर्क दिया गया कि यह विषय केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आता है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर ही किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में जाति आधारित जनगणना पर सीधे रोक नहीं लगाई, लेकिन कहा कि यह नीति का विषय है और सरकारें अपने विवेक से निर्णय लें।

वंचित समुदायों के लिए जाति जनगणना केवल गिनती नहीं है, यह उनकी दृश्यता का सवाल है। अगर समाज में कोई वर्ग आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ा है, तो सबसे पहले यह जानना ज़रूरी है कि वह है कहां? कितना है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था 'यदि आपको सुधार करना है, तो पहले तथ्यों को जानिए।' जातिगत आंकड़े भी ऐसे ही तथ्य हैं। यह आंकड़े केवल आरक्षण तय करने के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वरोजगार जैसी नीतियों के लिए जरूरी हैं। आश्चर्य की बात है कि जाति जनगणना जैसे गहन विषय पर मुख्यधारा मीडिया में गंभीर बहस कम होती है। जो बौद्धिक वर्ग खुद को प्रगतिशील मानता है, वह या तो इसे 'रिग्रेसिव' बताकर खारिज कर देता है या चुप रहता है। दरअसल, समस्या यह नहीं कि जाति की गिनती हो रही है। समस्या यह है कि जिन्हें अपने 'विशेषाधिकार' की चिंता है, वे इस गिनती से असहज हैं। अब सबसे बड़ा सवाल मान लीजिए कि जाति जनगणना होती है और सभी जातियों के आंकड़े सामने आते हैं। तब क्या होगा? क्या सरकारें इन आंकड़ों के आधार पर आरक्षण नीति में बदलाव करेंगी? क्या यह संभव होगा कि किसी जाति की संख्या ज्यादा निकलने पर उन्हें ज्यादा हिस्सेदारी दी जाए? या फिर आंकड़ों को दबा दिया जाएगा, जैसा 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) के साथ हुआ? 2011 में हुई एसईसीसी के आंकड़े आज भी सार्वजनिक रूप से अधूरे हैं। सरकारें आती गई, लेकिन किसी ने इसे पूरी पारदर्शिता से नहीं जारी किया। जाति एक सामाजिक सच्चाई है, जिसे नज़रअंदाज़ करना संभव नहीं। जो सत्ताएं जातिविहीन समाज की बात करती हैं, वे चुनावी टिकट देने, मंत्रिमंडल गठन, और अफसरों की नियुक्ति में जाति ही देखती हैं तो फिर आंकड़ों से डर क्यों? जाति जनगणना न सामाजिक टूटन लाएगी, न समाज की बुनियाद को कमजोर करेगी बशर्ते इसका उपयोग न्यायपूर्ण नीति निर्माण के लिए हो। डर उन्हें है जिनके पास पहले से ही ज्यादा है। जो वंचित हैं, वे तो सिर्फ अपनी मौजूदगी की पुष्टि चाहते हैं। आखिर यह देश सभी जातियों का है तो सभी की गिनती क्यों नहीं?

# एक पादप मॉडल का अनदेखा पहलू...

सरसों परिवार (ब्रेसिकेसी) का एक छोटा सा पौधा है थेल क्रेस (**Arabidopsis thaliana**)। 20-25 से.मी. लंबे इस पौधे में अधिकतर पत्तियां ज़मीन से सटकर, फूलनुमा आकृति बनाते हुए लगती हैं और बहुत थोड़ी पत्तियां ऊपर तने पर भी लगती हैं। इसके फूल सफेद रंग के होते हैं। यह पौधा मूलतः युरेशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में यह हिमालयी क्षेत्र में पाया जाता है। यह खाली पड़े मैदान, सड़क किनारे, रेललाइन किनारे, खेतों में, कहीं भी उगता देखा जा सकता है, इसलिए इसे खरपतवार की तरह देखा जाता है, हालांकि कुछ जगहों पर इसे खाया भी जाता है।

**स्रोत फीसर्च**

थेल क्रेस पौधे की कुछ खास बातें हैं। एक तो इसका जीवन चक्र छोटा होता है, अंकुरण से लेकर वापस बीज बनने तक का इसका चक्र 6 हफ्तों में पूरा हो सकता है, यह खरपतवार की तरह आसानी से फल-फूल जाता है, इसका पौधा साइज़ में छोटा तो होता ही है, साथ ही इसका जीनोम भी सरल होता है। अपनी इन सभी खूबियों के कारण 1900 के दशक से ही पादप विज्ञान में थेल क्रेस पर अध्ययन किए जाने लगे थे। फूलदार पौधों की जेनेटिक, आणविक कार्यप्रणाली को समझने में थेल क्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सबसे पहला संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण भी इसी पौधे का किया गया था। और तो और, पादप विज्ञान का यह मॉडल पौधा 2019 में चांग ई-4 लैंडर के साथ चांद की भी सैर कर चुका है। और अब, इस पौधे के एक अनछुए पहलू का अध्ययन कर पादप विज्ञानी रियुशिरो कासाहारा और उनके दल ने इसकी एक ओर खासियत उजागर की है जो खेती के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। पता चला है कि (कम से कम) यह पौधा बड़ी चतुराई से अपने सिर्फ उन्हीं बीजांडों तक पोषण पहुंचने देता है जो निषेचित हो चुके होते हैं। और, अपने गैर-निषेचित बीजांड तक पोषण पहुंचने से रोकता है, जिससे पोषण का सदुपयोग होता है और बीज बड़ा बनता है। और, बड़ा बीज यानी पैदावार में वृद्धि, लेकिन अन्य फसलों में बीज कैसे बड़ा किया जाए? इस पर बात करने के पहले थोड़ा इस पर बात कर लेते हैं कि शोधकर्ताओं को यह बात पता कैसे चली। दरअसल, कासाहारा यह समझना चाह रहे थे कि पौधे बीज कैसे बनाते हैं? इसके लिए कासाहारा ने थेल क्रेस को अध्ययन के लिए चुना और अपना सारा ध्यान इसके फूल के उस स्थान पर केंद्रित किया जहां कई सारी नलिकाओं (फ्लोएम) के माध्यम से पोषक तत्व पहुंचकर विकासशील भ्रूण को पोषण देते हैं।

नीले रंजक का इस्तेमाल कर उन्होंने इस हिस्से में कैलोस का असर देखा। गौरतलब है कि कैलोस पौधों में अस्थायी कोशिका भित्ति बनाकर पौधों के लिए कई काम करता है और पौधों को सुरक्षा प्रदान करता है, जैसे यह पौधों के घावों को भरने में मदद करता है। पता चला कि फ्लोएम के अंतिम छोर पर बीजांड के पास की कोशिकाओं में कैलोस बन रहा था। कैलोस ने फ्लोएम के सिरे के चारों ओर एक तश्तरी जैसा अवरोध (भित्ति) बना दिया था। फिर, अधिकांश निषेचित बीजांडों से वह अवरोध गायब हो गया था, और वहां मात्र एक छल्ला रह गया था जल्द ही वह छल्ला भी लुप्त हो गया था। लेकिन जो बीजांड निषेचित नहीं हुए थे उनमें अवरोध जस-का-तस बना रहा। इससे समझ आया कि कैलोसयुक्त कोशिकाएं एक दीवार का काम करती हैं, जो फ्लोएम के पोषक तत्वों को गैर-निषेचित बीजांडों में जाने से रोकती हैं। इस तरह पौधा गैर-निषेचित बीजांड में अतिरिक्त पोषण ज़ाया करने से बच जाता है। अब सवाल था कि वह क्या शय है जो निषेचित बीजांड से कैलोस-अवरोध हटा देती है। शोधकर्ताओं की यह



तलाश एक ऐसे एंज़ाइम, **AtBG&ppap**, पर जाकर खत्म हुई जो कैलोस को विघटित करने (या हटाने) की क्षमता रखता है। और इसी एंज़ाइम को बनाने वाले जीन को अधिक सक्रिय कर कुछ फसलों की पैदावार बढ़ाई जा सकती है।

इस बात का खुलासा भी थेल क्रेस पर किए गए अध्ययन से हुआ। शोधकर्ताओं ने जब इस पौधे में **AtBG&ppap** एंज़ाइम को बनाने वाले जीन को शांत किया तो पाया कि पौधे में सभी बीजांड (निषेचित और गैर-निषेचित) पर कैलोस भित्ति काफी हद तक वैसी की वैसी बनी रही थी। इसके कारण इस जीन के प्रभाव से मुक्त पौधों के बीज सामान्य पौधों के बीज के साइज़ की तुलना में 8 प्रतिशत छोटे बने थे। लेकिन जब टीम ने इन पौधों में **AtBG&ppap** एंज़ाइम के जीन को अति सक्रिय किया तो पाया कि ऐसा करने पर बीज सामान्य पौधों के बीजों की तुलना में 17 प्रतिशत बड़े विकसित हुए। संभवतः इसलिए कि निषेचित बीजांड की कैलोस-भित्ति आसानी से टूट गई होगी और अधिक पोषक तत्व निषेचित बीजांड तक पहुंचे होंगे। ऐसा ही उन्होंने धान के पौधों पर भी करके देखा तो उन्हें ऐसे ही नतीजे मिले-**AtBG&ppap** एंज़ाइम के जीन को अधिक व्यक्त करवाने पर चावल के दाने की साइज़ 9 प्रतिशत बढ़ गई थी। लेकिन चावल के बड़े दाने होने से शायद इसके स्वाद पर फर्क पड़े, हालांकि स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ने जैसी बात तो अध्ययन में सामने नहीं आई है। लेकिन बड़े बीज वाली फसलें सोयाबीन, मक्का और गेहूं जैसी फसलों के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।

**भारत में यह हिमालयी क्षेत्र में पाया जाता है, यह खाली पड़े मैदान, सड़क किनारे रेललाइन किनारे, खेतों में कहीं भी उगता देखा जा सकता है, इसलिए इसे खरपतवार की तरह देखा जा सकता है हालांकि कुछ जगहों पर इसे खाया भी जाता है, थेल क्रेस पौधे की कुछ खास बातें है, एक तो इसका जीवन चक्र छोटा होता है, अंकुरण से लेकर वापस बीज बनने तक का इसका चक्र 6 हफ्तों में पूरा हो सकता है**

## केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी है पत्रकारिता की स्वतंत्रता

# कलम की आजादी पर कसता शिकंजा



योगेश कुमार गोयल



भारत में प्रेस को सदैव लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा दी जाती रही है क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती में इसकी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही कारण है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बहुत अहम माना गया है लेकिन विड़म्बना है कि विगत कुछ वर्षों से यहां भी प्रेस स्वतंत्रता के मामले में लगातार कमी देखी जा रही है। इसीलिए प्रतिवर्ष 3 मई को 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' मनाया जाता है। कलम को तलवार से भी ज्यादा ताकतवर और तलवार की धार से भी ज्यादा प्रभावी इसीलिए माना गया है क्योंकि इसी की सजगता के कारण न केवल भारत में बल्कि अनेक देशों में पिछले कुछ दशकों के भीतर बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश हो सका, जिसके चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों, नेताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों को एक ही झटके में अर्श से फर्श पर आना पड़ा। यही कारण हैं कि समय-समय पर कलम रूपी इस हथियार को भोथरा बनाने या तोड़ने के कुचक्र होते रहे हैं और विभिन्न अवसरों पर न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में सच की कीमत कुछ पत्रकारों को अपनी जान देकर भी चुकानी पड़ती है।

पिछले दशकों में प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में स्थितियां काफी बदल गई हैं। आज दुनियाभर में पत्रकारों पर राजनीतिक, अपराधिक और आतंकी समूहों का सर्वाधिक खतरा है और भारत भी इस मामले में अछूता नहीं है। विड़म्बना है कि दुनियाभर के न्यूज रूम्स में सरकारी तथा निजी समूहों के कारण भय और तनाव में वृद्धि हुई है। पेरिस स्थित 'रिपोर्टर्स सैन्स फंटियर्स' (आरएसएफ) अथवा 'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' नामक संस्था द्वारा हर साल अपनी वार्षिक रिपोर्ट में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर जो तथ्य प्रस्तुत किए जाते रहे हैं, वे सदैव चौंकाने वाले होते हैं। हालांकि यह अलग बात है कि कुछ देश इस रिपोर्ट में जारी किए जाने वाले आंकड़ों को पूर्वाग्रह से प्रेरित बताकर खारिज भी करते रहे हैं।

'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' एक ऐसा गैर-लाभकारी संगठन है, जो विश्वभर के पत्रकारों पर हमलों का दस्तावेजीकरण करने और मुकाबला करने के लिए कार्यरत है और प्रतिवर्ष 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स' अर्थात् 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' नामक रिपोर्ट पेश करता है। 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2019' में उसने भारत सहित विभिन्न देशों में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति की विवेचना करते हुए स्पष्ट किया था कि किस प्रकार विश्वभर में पत्रकारों के खिलाफ घृणा हिंसा में बदल गई है, जिससे दुनियाभर में पत्रकारों में डर बढ़ा है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2024 के मुताबिक भारत 180 देशों में से 159वें स्थान पर है जबकि 2023 में भारत 180 देशों में से 161वें स्थान पर और 2022 में 150वें पायदान पर खड़ा था। यह रिपोर्ट प्रेस स्वतंत्रता के लिए भारत की रैंकिंग में लगातार गिरावट का संकेत देती है। रिपोर्ट के मुताबिक पत्रकारों के साथ व्यवहार के लिए 'संतोषजनक' माने जाने वाले देशों की संख्या बढ़ रही है लेकिन ऐसी संख्या भी कम नहीं है, जहां स्थिति 'बहुत गंभीर' है। रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स द्वारा जारी दुनियाभर के देशों की प्रेस फ्रीडम रैंकिंग में भारत जहां जहां 2024 में 2023 के मुकाबले दो पायदान ऊपर चढ़ा, वहीं 2023 में 2022 के मुकाबले 11 पायदान नीचे गिरा था और 2022 में भी 2021 की रैंकिंग के मुकाबले 8 स्थान नीचे फिसला था। 2021 की रैंकिंग में भारत का स्थान 142वां था। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2024 की सूची में शीर्ष 10 देशों में नॉर्वे, डेनमार्क, स्वीडन, नीदरलैंड, फिनलैंड, एस्तोनिया, पुर्तगाल, आयरलैंड, स्विट्जरलैंड तथा जर्मनी शामिल हैं। भारत के लोकतंत्र को तो दुनिया का सबसे सफल और बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, वहीं अगर नार्वे जैसा छोटा सा देश प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में लगातार शीर्ष स्थान पर विराजमान है तो यह स्थिति भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश के लिए सही स्थिति नहीं है। ऐसे में हमें गंभीरता से मंथन करने की जरूरत है कि हम इस मामले में वर्ष दर वर्ष क्यों फिसल रहे हैं? प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में यह गिरावट स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। प्रेस की स्वतंत्रता में कमी आने का सीधा और स्पष्ट संकेत यही है कि लोकतंत्र की मूल भावना में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो अधिकार निहित है, उसमें धीरे-धीरे कमी आ रही है। समाज में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान रहा है, इसीलिए इसे लोकतंत्र का चौथा मजबूत स्तंभ माना गया है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार खासकर इलैक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा बगैर किसी जानकारी को जांचे-परखे केवल अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए झूठ का बवंडर तैयार किया जाता है, उसे देखकर कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है मानो टीवी चैनल पर समाचार या कोई न्यूज कार्यक्रम नहीं बल्कि कोई मसालेदार राजनीतिक फिल्म चल रही हो। इसका सबसे बड़ा नुकसान यही हो रहा है कि लोगों का विश्वास मीडिया पर निरंतर कम हो रहा है और लोगों का आकर्षण सोशल मीडिया की ओर बढ़ रहा है, जहां पहले से ही फेक न्यूज बहुत बड़ी समस्या मौजूद है तथा एआई इस समस्या को और ज्यादा बढ़ाने में बड़ा योगदान दे रही है।

भारतीय संविधान में प्रेस को अलग से स्वतंत्रता प्रदान नहीं की गई है बल्कि उसकी स्वतंत्रता भी नागरिकों की अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता में ही निहित है और देश की एकता तथा अखण्डता खतरे में पड़ने की स्थिति में इस स्वतंत्रता को बाधित भी किया जा सकता है किन्तु ऐसी कोई स्थिति निर्मित नहीं होने पर भी देश में पत्रकारिता का चुनौतीपूर्ण बनते जाना लोकतंत्र के हित में कदापि नहीं है बल्कि यह स्पष्ट रूप से कुछ शक्तियों द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था के चौथे स्तंभ को ध्वस्त करने का ही प्रयास माना जाता है। कल्पना की जा सकती है कि प्रेस की स्वतंत्रता अगर इसी प्रकार सवालों के घेरे में रही तो पत्रकार कैसे पारदर्शिता के साथ अपने कार्य को अंजाम देते रहेंगे? प्रेस की स्वतंत्रता को बाधित करने के प्रयासों के चलते कैसे सच को उजागर कर उसे निष्पक्ष तरीके से जनता तक पहुंचाया जाना संभव होगा? देश में प्रेस की स्वतंत्रता बरकरार रहे, इसके लिए किसी मीडिया संस्थान से जुड़े पत्रकार हों या स्वतंत्र पत्रकार, उनकी सुरक्षा को लेकर कड़े कानून बनाए जाने की सख्त दरकार है ताकि बगैर किसी दबाव या भय के पत्रकार अपना कर्त्तव्य बखूबी निभाते रहें।

# गर्मियों में रूटीन में ऐसे शामिल करें चमेली का तेल

## ताजगी से भरपूर होगी आपकी सुबह



गर्मियों की सुबह चिपचिपी और उमस भरी होती है। सुबह उठने के बाद ताजगी नहीं महसूस होती है। ऐसे में अगर आप भी सुबह के समय ताजगी महसूस नहीं करते हैं, तो एक खास तेल आपकी मदद कर सकता है। जो आपकी सुबह शांति और ताजगी से भरपूर बन सकती है। चमेली के तेल को प्रकृति का खजाना कहा जाता है। इस एसेंशियल ऑयल में वह शक्ति छिपी है, जो आपकी इंद्रियों को जगाता है और आपके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चमेली के तेल को अपनी रूटीन में कैसे शामिल कर सकते हैं।

### ऐसे बनाएं रूटीन का हिस्सा

अगर आप अपने दिन की शुरुआत को खुशनुमा बनाना चाहते हैं तो आपको नहाने के पानी में चमेली के तेल की कुछ बूंदे डालनी चाहिए। इसकी भीनी-भीनी खुशबू आपके मन को शांत करने के साथ आपको तरोताजा महसूस कराएगा। इससे आपका मूड पूरा दिन पॉजिटिव बना रहेगा।

सप्ताह में एक बार बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए आप थोड़ी सी चीना, नमक और ग्लिसरीन ले लें। फिर इसमें नींबू का रस मिलाएं और इसमें 2-3 बूंद चमेली के एसेंशियल ऑयल डालें। फिर इसे शरीर पर लगाकर 5-8 मिनट तक स्क्रब करें, जिससे डेड स्किन निकल जाएंगे और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाएगा। इससे भी पॉजिटिव संचार होता है। आप चाहें तो अपने मॉइस्चराइजर में 2-3 बूंद चमेली का तेल और 1 बूंद पेचौली मिलाकर लगा सकते हैं। यह आपके मूड और स्किन दोनों को तरोताजा करेगा और यह त्वचा को जबरदस्त चमक देगा।

चमेली एसेंशियल ऑयल वाली मोमबत्ती जलाकर आप अपने आसपास खुशनुमा माहौल बना सकते हैं और यह आपके मूड को बेहतर बना सकता है। कई बार जब हम सुबह सोकर उठते हैं, तो अजीब सी निराशा होती है। ऐसे में जब भी आप लो फील करने लगें, तो हथेली पर एक बूंद तेल लेकर इसको रब करें और सूंघें।

# बिलावल ने कबूला कड़वा सच

# पाकिस्तान का इतिहास है आतंकवाद को पालना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो ने आतंकवाद को पालने की बात कबूली है। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए बिलावल ने माना कि पाकिस्तान ने पश्चिमी देशों के साथ मिलकर आतंकी संगठनों को बढ़ावा दिया है। बिलावल ने कहा कि यह पाकिस्तान का एक इतिहास और यह किसी से छुपा नहीं है। इसकी वजह से पाकिस्तान को भी नुकसान उठाना पड़ा है और इस समस्या से निपटने के लिए हमने सुधार किए हैं। बिलावल का यह बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद आया है। बिलावल से पहले आसिफ भी आतंकवाद को बढ़ावा देने की बात कबूल चुके हैं। पाकिस्तान के रक्षामंत्री पिछले हफ्ते एक बयान में कहा था कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने ब्रिटिश अखबार द स्काई को दिए इंटरव्यू में यह बातें कही थीं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गति. विधियों के लिए जिम्मेदार है? इस पर उन्होंने कहा था कि दुनिया की बड़ी ताकतों ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया है। उन्होंने माना कि अगर हम, सोवियत यूनियन के खिलाफ जंग में शामिल नहीं होते और 9/11 के हमलों के बाद जो हालात बने, वो न बनते तो पाकिस्तान का रिकार्ड बेदाग होता। ख्वाजा आसिफ ने यह भी माना था कि आतंकियों का समर्थन करना या ट्रेनिंग देना बड़ी गलती थी। हम इसकी सजा भुगत रहे हैं। बिलावल ने गुरुवार को एक बार फिर सिंधु में खून बहाने की धमकी दी। एक रैली को संबोधित करते हुए बिलावल ने कहा कि हम जंग नहीं चाहते हैं, लेकिन अगर उन्होंने सिंधु पर हमला किया तो इससे पानी बहेगा या खून बहेगा। बिलावल ने इससे पहले पिछले हफ्ते शुक्रवार को एक रैली में कहा था कि सिंधु में या तो पानी बहेगा या उनका खून। दरअसल भारत ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। पाकिस्तान ने भारत के इस कदम को एकतरफा बताते हुए फैसले का विरोध किया है। पहलगाम हमले को लेकर भारत की तरफ से पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता खत्म करने के बाद पाकिस्तानी मंत्री और अधिकारी लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। शहबाज शरीफ ने शनिवार 26 अप्रैल को पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि पहलगाम हमले का आरोप लगाकर पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना जाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है। बिना किसी विश्वसनीय जांच और सबूत के पाकिस्तान पर झूठा आरोप लगाकर देश को बदनाम कर रहा है।


## ट्रम्प ने माइक वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत नामित किया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अगला अमेरिकी राजदूत नामित किया।

ट्रम्प ने कल सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अंतरिम अवधि में, विदेश मंत्री मार्को रुबियो विदेश विभाग में अपना मजबूत नेतृत्व जारी रखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में भी काम करेंगे। पहले की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वाल्ट्ज और उनके डिप्टी एलेक्स वोंग दोनों के व्हाइट हाउस में गुरुवार को अपने वर्तमान पद से इस्तीफा देने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में वाल्ट्ज के नामांकन के लिए सीनेट की पुष्टि की आवश्यकता है। ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में रिपब्लिकन एलिस स्टेफनिक के अपने नामांकन को 27 मार्च को वापस ले लिया।

# अर्जेंटीना में 7.5 तीव्रता का आया भूकंप, सूनामी की भी चेतावनी जारी

## लोगों को ऊंची जगहों पर जाने की सलाह दी



**ब्यूनस आयर्स।** साउथ अमे. रिकी देश अर्जेंटीना में 7.5 तीव्रता का शक्तिशाली भूंकप आया है। इसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे आया है। भूकंप का केंद्र अर्जेंटीना के दक्षिणी राज्य उशुआइया से 222 किमी दूर समुद्र में ड्रेक पैसेज में था, जिसकी गहराई 10 किमी थी। बता दें कि ड्रेक पैसेज दक्षिण अमे. रिका के केप हार्न , चिली, अर्जेंटीना और अंटार्कटिका के दक्षिण शेटलैंड द्वीपों के बीच का समुद्री इलाका है। प्रशासन ने लोगों से ऊंची जगहों पर जाने के लिए कहा है। प्रभावित इलाकों में सुनामी की चेतावनी वाले सायरन बजना शुरू हो गए हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। एक दिन पहले भी अर्जेंटीना में 5.8 तीव्रता का भूंकप आया था। अर्जेंटीना के पड़ोसी देश चिली के तटीय इलाकों भी को अलर्ट पर रखा गया है। चेतावनी में कहा गया है कि लहरें चिली के प्यूर्टो विलियम्स तक पहुंच सकती हैं। चिली की नेशनल डिजास्टर सर्विस ने पूरे दक्षिणी तट को खाली कराने के लिए कहा है। इसके लिए लोकल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने कहा कि भूकंप से निपटने के लिए देश के पास सभी संसाधन मौजूद हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम लोगों से अपील करते हैं कि वो मैगलन इलाके में समुद्र तट से दूर चले जाएं। इस समय हमें अधिकारियों के निर्देशों को पूरी तरह फालो करना है। अमे. रिका का सुनामी वार्निंग सिस्टम अगले एक घंटे में फिर से चेतावनी जारी करेगा।

# दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट हमला

**यरूशलेम।** इजरायल ने सीरिया में ड्रूज समुदाय के लिए किसी खतरे को रोकने के लिए दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट लक्ष्य पर हमला किया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जानकारी दी है। वाई-नेट ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा, यह सीरियाई शासन के लिए एक स्पष्ट संकेत है।

हम दमिश्क के दक्षिण में सेना की तैनाती और ड्रूज समुदाय के लिए किसी भी तरह के खतरे की अनुमति नही देंगे। सीरिया के गृह मंत्रालय ने बाद में बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात से लेकर आज तक दमिश्क के निकट सीरियाई शहर साहनाया में सशस्त्र समूहों और ड्रूज आत्मरक्षा सेनानियों के बीच झड़पें हुई, जहां मुख्य रूप से ड्रूज आबादी रहती है। ड्रूज अरबों का एक जातीय-धार्मिक समूह है जो लेबनान, सीरिया, इजरायल और जॉर्डन में रहता है। दिसंबर 2024 में दमिश्क में सत्ता परिवर्तन के बाद इजरायल ने बार-बार सीरियाई ड्रूज की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।



# महामारी प्रवण वायरस: वैक्सीन प्लेटफॉर्म लॉन्च

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका ने महामारी प्रवण वायरस के लिए अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफार्म लांच किया है। अमरीकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (एचएचएस) और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ ने गुरुवार को जेनरेशन गोल्ड स्टैंडर्ड के लॉन्च की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह महामारी-प्रवण वायरस से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया एक अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफ़ॉर्म है। एनआईएच के अनुसार यह प्लेटफ़ॉर्म बीटा- प्रोपियो लैक्टोन -निष्क्रिय, संपूर्ण-वायरस दृष्टिकोण पर आधारित है जो पारंपरिक वैक्सीन तकनीक का एक आधुनिक रूप है। एनआईएच ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह पहल पारदर्शिता, प्रभावशीलता और व्यापक तैयारी की ओर एक निर्णायक बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है जो एनआईएच के सार्वभौमिक इन्फ्लूएंजा और कोरोनावायरस टीकों के इन-हाउस विकास को वित्तपोषित करती है जिसमें बीपीएल-1357 और बीपीएल-24910 शामिल हैं। इन टीकों का उद्देश्य महामारी-प्रवण वायरस जैसे एच 5 एन 1 एवियन इन्फ्लूएंजा सहित कोरोनावायरस के कई प्रकारों के खिलाफ व्यापक-स्पेक्ट्रम सुरक्षा प्रदान करना है। एनआईएच के निदेशक डा. जय भट्टाचार्य ने कहा, जनरेशन गोल्ड स्टैंडर्ड एक आदर्श बदलाव है। यह स्ट्रेन-विशिष्ट सीमाओं से परे वैक्सीन सुरक्षा का विस्तार करता है और फ्लू वायरल खतरों के लिए तैयार करता है न केवल आज बल्कि कल भी 21वीं सदी में लाई गई पारंपरिक वैक्सीन तकनीक का उपयोग करके।



# अमेरिका के साथ ईरान की फिर अनबन

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि इटली के रोम में अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का चौथा दौर मध्यस्थ ओमान के प्रस्ताव पर स्थगित कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक बाघई ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नई तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने देश के 'वैध और कानूनी हितों की रक्षा करने और ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों तथा आर्थिक दबाव को समाप्त करने के लिए कूटनीति का उपयोग करने के ईरान के दृढ़ संकल्प की पुष्टि की।

प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल सद्भावना के साथ वार्ता में प्रवेश करने के बाद से परमाणु ऊर्जा का शांतिपूर्ण तरीके से उपयोग करने और अवैध प्रतिबंधों को समाप्त करने के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत देश की सैद्धांतिक स्थिति के आधार पर विशिष्ट रूपरेखाओं पर चर्चा कर रहा है, जो एक न्यायसंगत, तर्कसंगत और टिकाऊ समझौते को प्राप्त करने के उद्देश्य से परिणाम-उन्मुख वार्ता के प्रति अपनी गंभीरता को प्रदर्शित करता है। इससे पहले दिन में, ओमानी विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि शनिवार को होने वाली ईरान-अमेरिका वार्ता का चौथा दौर लॉजिस्टिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, पारस्पर तौर पर सहमत होने पर नई तारीखों की घोषणा की जाएगी।

# गाजा को अकालग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आग्रह

**गाजा।** गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने खाद्य की गंभीर संकट को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र से गाजा को अकाल क्षेत्र घोषित करने का आग्रह किया है। मंत्रालय के महानिदेशक मुनीर अल-बुरश ने गुरुवार को कहा कहा कि गाजा में 91 प्रतिशत गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं, जबकि 65 प्रतिशत लोगों को स्वच्छ पेयजल की पहुंच नही है। 92 प्रतिशत बच्चे व स्तनपान कराने वाली माताएं गंभीर खाद्य संकट से पीड़ति हैं, जो उनके जीवन के लिए सीधा खतरा है। वर्तमान स्थिति संयुक्त राष्ट्र को गाजा पट्टी को अकालग्रस्त क्षेत्र के रूप में मान्यता देने की अनुमति देती है। अल-बरश ने कल अनादोलु समाचार एजेंसी से कहा कि गाजा के लगभग 91 प्रतिशत निवासी गंभीर खाद्यान्न की कमी का सामना कर रहे हैं अन्य 65 प्रतिशत के पास स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नही है। लगभग 92 प्रतिशत बच्चे और स्तनपान कराने वाली माताएं खाद्यान्न की कमी से बुरी तरह पीड़ति हैं जो उनके जीवन के लिए सीधा खतरा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से गाजा पट्टी को आधिकारिक रूप से अकालग्रस्त क्षेत्र के रूप में मान्यता देने का आग्रह किया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल चिकित्सा और मानवीय संगठनों के साथ-साथ दुनिया भर के कार्यकर्ताओं से युद्ध क्षेत्र में फिलिस्तीनी बच्चों का समर्थन करने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला अभियान चलाने का आह्वान किया। मंत्रालय ने चिकित्सा संस्थानों से गाजा में आपातकालीन चिकित्सा दल, प्राथमिक चिकित्सा आदि की खेप भेजने और सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों पर एन्क्लेव की नाकाबंदी समाप्त करने के लिए दबाव डालने का भी आग्रह किया।

# हार्वर्ड यूनि: टैक्स फ्री दर्जा खत्म करेंगे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स फ्री संस्थान का दर्जा खत्म करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि वे इसी के हकदार हैं। इससे पहले हार्वर्ड की 2.2 अरब डालर फंडिंग पर रोक लगा चुके हैं। दरअसल ट्रम्प प्रशासन ने यूनिवर्सिटी से यह मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे। प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। यूनिवर्सिटी ने इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में केस भी किया है।

यूनिवर्सिटी का आरोप है कि ट्रम्प सरकार राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है। हार्वर्ड ने इसे यूनिवर्सिटी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने भी 12 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया था। को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया था। दरअसल उस दौरान ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डालर के फंड की समीक्षा कर रहा था। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट प्रथम संशोधन का उल्लंघन करता है।

# विदेश मंत्रालय ने नेपाली छात्रा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिग इंस्टीट्यूट आफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एक नेपाली छात्रा के आकस्मिक निधन पर शोक एवं परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा कि हम केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के एक नेपाली छात्रा के दुखद निधन से बहुत दुखी हैं। हम इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। इस दुखद घटना के बारे में पता चलने के बाद विदेश मंत्रालय ओडिशा राज्य सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। ओडिशा राज्य सरकार छात्रा के परिवार को पूरा सहयोग दे रही है। वर्तमान में ओडिशा पुलिस द्वारा गहन जांच की जा रही है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार सभी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा, सुरक्षा और कल्याण को बहुत गंभीरता से लेती है।

# नासा: स्फीयरएक्स का विज्ञान संचालन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष वेधशाला स्फीयरएक्स ने आधिका. रिक तौर पर विज्ञान संचालन शुरू कर दिया है जो ब्रह्मांड की उत्पत्ति, आक. ाशगंगाओं के विकास और आकाशग. ंगा में जीवन के निर्माण खंडों में नई अंतर्दृष्टि को उजागर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नासा ने गुरुवार को यह घोषणा की। नासा ने बताया कि स्फीयरएक्स अगले दो वर्षों में प्रतिदिन लगभग 3,600 चित्र लेगा एवं पूरे आकाश का व्यवस्थित रूप से सर्वेक्षण करेगा। नासा के अनुसार 11 मार्च को लॉन्च किए गए स्फीयरएक्स ने पिछले छह सप्ताह जांच, अंशांकन और अन्य गतिविधियों से गुजरते हुए बिताए हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह ठीक से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब विज्ञान संचालन शुरू होने के साथ वेधशाला तीन आयामों में करोड़ों आकाशगंगाओं की स्थिति का चार्ट बनाएगी। इसका लक्ष्य ब्रह्मांड विज्ञान में कुछ सबसे गहन प्रश्नों को संबोधित करना है, जैसे कि ब्रह्मांड कैसे शुरू हुआ और इसकी बड़े पैमाने की संरचना कैसे विकसित हुई। वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में खगोल भौतिकी प्रभाग के कार्यवाहक निदेशक शॉन डोमागल-गोल्डमैन ने कहा यह नई वेधशाला अंतरिक्ष आधारित खगोल भौतिकी सर्वेक्षण मिशनों के समूह में शामिल हो रही है जो नासा के नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप के प्रक्षेपण की ओर अग्रसर है। इन अन्य मिशनों के साथ वेधशाला ब्रह्मांड के बारे में उन बड़े सवालों के जवाब देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# इस साल भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता करेंगे



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविक ने वैश्विक व्यापार चुनौतियों के समाधान के लिए एक दूरदर्शी और ठोस वार्ता की और 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता एफटीए संपन्न करने के अपने साझा संकल्प की पुष्टि की। बातचीत में दोनों नेताओं ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन द्वारा फरवरी 2025 में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के कॉलेज की नई दिल्ली की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दोनों पक्षियों के संबंधों को दी गई रणनीतिक दिशा पर आधारित है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गोयल की यूरोप की यात्रा के निष्कर्ष पर शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उच्च स्तरीय सहभागिता इस बात को रेखांकित करती है कि दोनों साझेदार एक व्यावसायिक रूप से सार्थक, पारस्परिक रूप से लाभकारी, संतुलित और निष्पक्ष व्यापार साझेदारी बनाने के लिए रणनीतिक महत्व रखते हैं जो आर्थिक सशक्त और समावेशी विकास का समर्थन करती है। गोयल की यूरोपीय संघ के साथ इस बातचीत में एफटीए वार्ता के विभिन्न पहलुओं पर हुई प्रगति पर प्रकाश डाला गया और मासिक बैठकों और निरंतर आभासी सहभागिता के माध्यम से चल रही गति को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने आपसी सम्मान और व्यावहारिकता की भावना से लंबित मुद्दों को हल करने के अपने उद्देश्य को दोहराया, जिसमें 12-16 मई 2025 को नई दिल्ली में होने वाला अगला दौर भी शामिल है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए प्रशुल्क कटौती चर्चाओं के साथ-साथ गैर- प्रशुल्कीय बाधाओं पर भी समान ध्यान देने की आवश्यकता है और नियामक ढांचे को समावेशी, आनुपातिक होना चाहिए तथा व्यापार को प्रतिबंधित करने से बचना चाहिए। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए डिजिटल संक्रमण का समर्थन करके, विविध और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देकर वैश्विक वाणिज्य की उभरती वास्तविकताओं को प्रतिबिबित करने की आकांक्षा रखता है। विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि एक बार समझौता हो जाने पर, यह व्यापक भारत-यूरोपीय संघ रणनी. तिक साझेदारी के एक परिवर्तनकारी स्तंभ के रूप में काम करेगा, बाजार में प्रवेश की सुगमता को बढ़ाएगा, नियामक सहयोग का समर्थन करेगा और दोनों पक्षों में नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।

# भारत के निर्यात में 6.01% की वृद्धि

## 824.9 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूआ: आरबीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मार्च 2025 के लिए सेवा व्यापार पर जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल निर्यात (वस्तु एवं सेवा निर्यात सहित) 6.01 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024.25 में 824.9 अरब डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया है। रिजर्व बैंक के आंकडों के अनुसार सेवा निर्यात ने विकास की गति को आगे बढ़ाया, जो 2024.25 में 387. 5 अरब डॉलर के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के 341.1 अरब डॉलर से 13.6 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में, सेवा निर्यात 35.6 अरब डॉलर रहा, जो मार्च 2024 में 30.0 अरब डॉलर की तुलना में 18.6 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि दर्शाता है। पिछले वर्ष सकल निर्यात 778.1 अरब डॉलर के बराबर था। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा देश के व्यापार की प्रगति की राह में एक नया मील का पत्थर स्थापित करता है। वर्ष 2024-25 में, पेट्रोलियम उत्पादों को छोड़कर व्यापारिक निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 374.1 अरब डॉलर हो गया, जो 2023.24 में 352.9 अरब डॉलर से 6.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है ।

## गिफ्ट निफ्टी ने अप्रैल 2025 में रचा नया कीर्तिमान

**मुंबई।** गिफ्ट निफ्टी ने अप्रैल 2025 में 100-93 अरब डॉलर का अब तक का सबसे उच्च मासिक कारोबार हासिल करके एक नया कीर्तिमान बनाया है। यह उल्लेखनीय यह कीर्तिमान सितंबर 2024 में 100. 7 अरब डॉलर के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गई है। यह भारत की विकास कहानी के लिए एक बेंचमार्क के रूप में गिफ्ट निफ्टी में बढ़ती वैश्विक रुचि और विश्वास को दर्शाता है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि हमें गिफ्ट निफ्टी की सफलता को देखकर खुशी हुई है।